RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 177
नई दिल्ली, शुक्रवार, 6 मई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



हंसिनी ने ऑस्ट्रिया में अंडर-13 बालिका वर्ग खिताब जीता

स्पोर्ट्र्स-12

# कोविड से दो साल में भारत में 47 लाख मौतें: डब्ल्यूएचओ

● केंद्र सरकार ने वैश्विक स्वास्थ्य एजेंसी के आंकड़ों को संदिग्ध बताकर नकारा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**विश्व** स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने गुरुवार को कोविड-19 से हुई मौतों का नया अनुमान जारी करते हुए कहा कि 1 जनवरी, 2020 से 31 दिसंबर 2021 के बीच भारत में 47 लाख लोगों की मौतें हुईं। कोविड-19 महामारी से मरने वालों की यह संख्या सरकार के आधिकारिक आंकड़ों का 10 गुना अधिक है और वैश्पिक स्तर पर होने वाली मौतों का लगभग एक तिहाई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार कोविड से देश में 5 मई 2022 तक 5,23,975 लोगों की मौत हुई है। हालांकि, भारत ने प्रामाणिक आंकड़ों की उपलब्धता के मद्देनजर कोरोना वायरस महामारी से जुड़े अतिरिक्त मृत्यु अनुमानों को पेश करने के लिए वैश्विक स्वास्थ्य एजेंसी के गणितीय मॉडल पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि इस्तेमाल किए मॉडलों की कार्यप्रणाली की वैधता और जुटाए आंकड़े संदिग्ध हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का अनुमान है कि पिछले दो वर्षों में लगभग 1.5 करोड़ लोगों ने या तो कोरोना वायरस से या स्वास्थ्य प्रणालियों पर पड़े इसके प्रभाव के कारण जान गंवाई। यह आधिकारिक आंकड़े देशों द्वारा मुहैया कराए गए आंकड़ों के मुताबिक 60 लाख मौत के दोगुने से अधिक है। ज्यादातर मौतें दक्षिण पूर्व एशिया, यूरोप और अमेरिका में हुईं। डब्ल्यूएचओ के प्रमुख टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयियस ने इस आंकड़े को गंभीर बताते हुए कहा कि इससे देशों को भविष्य की स्वास्थ्य आपात स्थितियों से निपटने के लिए अपनी क्षमताओं में अधिक निवेश करने के लिए प्रेरित होना चाहिए। डब्ल्यूएचओ के तहत वैज्ञानिकों को जनवरी 2020 और पिछले साल के अंत तक मौत की वास्तविक संख्या का आकलन करने की जिम्मेदारी दी गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक 1.33 करोड़ से लेकर 1.66 करोड़ लोगों की मौत या तो कोरोना वायरस या स्वास्थ्य सेवा पर पड़े इसके प्रभाव के कारण हुई। जैसे कि कोविड मरीजों से अस्पताल के भरे होने के कारण कैंसर के मरीजों को इलाज नहीं मिल पाया।

डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों से पता चला है कि अगस्त 2020 तक, जबकि देश में महामारी की शुरुआत मार्च के अंत से शुरू हुई थी। तब तक लगभग 62,000 से कम मौतें हुई थीं। कई राज्यों में पहली लहर के साथ सितंबर से मौतें बढ़ने लगीं। पिछले साल अप्रैल, मई और जून के महीनों में दूसरी राष्ट्रव्यापी लहर के चरम के दौरान 27 लाख से अधिक मौतें हुईं। डब्ल्यूएचओ ने कहा, अत्यधिक मृत्यु दर की गणना उन मौतों की संख्या और महामारी के बिना पिछले वर्षों के आंकड़ों के आधार पर इनकी संख्या के बीच के अंतर के रूप में की जाती है। अधिकांश अतिरिक्त मौतें (84 फीसदी) दक्षिण-पूर्व एशिया, यूरोप और अमेरिका में केंद्रित हैं। विश्व स्वास्थ्य एजेंसी ने कहा कि लगभग 68 फीसदी अतिरिक्त मौतें विश्व स्तर पर सिर्फ 10 देशों में केंद्रित हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा कि कुल मौतों में से कम से कम 80 फीसदी ब्राजील, भारत, पाकिस्तान और जर्मनी सहित 20 देशों में हुई थी, जहां दुनिया की 50 प्रतिशत आबादी है। मध्य-आय वाले देशों में 24 महीने की अवधि में 1.49 करोड़ अतिरिक्त मौतों (निम्न-मध्यम-आय वाले देशों में 53फीसदी और उच्च-मध्यम-आय वाले देशों में 28 फीसदी) हुई हैं। निम्न मध्यम आय और उच्च मध्यम आय वाले देशों में क्रमश: 15फीसदी और 4 फीसदी उनके हिस्से में आए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि भारत ने डब्ल्यूएचओ के अनुमानों का विरोध किया है, वह विश्व स्वास्थ्य सभा और आवश्यक बहुपक्षीय मंचों में इस मुद्दे को उठा सकता है। भारत में कोविड मामलों के प्रभारी नीति आयोग के डॉ. वीके पॉल ने कहा कि जब मरने वालों की वास्तविक संख्या उपलब्ध है तब डब्ल्यूएचओ के मॉडल का सहारा लेने की कोई आवश्यकता नहीं है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत लगातार डब्ल्यूएचओ द्वारा गणितीय मॉडल के आधार पर अधिक मृत्यु दर अनुमान लगाने के लिए अपनाई गई कार्यप्रणाली पर आपत्ति जताता रहा है।

## वर्ष 2020 में 82 लाख मौतें, 45% को नहीं मिला था इलाज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** के महा रजिस्ट्रार (आरजीआई) द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, भारत में 2020 में कुल 82 लाख लोगों की मौत हुई थी जिनमें से 45 प्रतिशत लोगों को उनकी मृत्यु के समय कोई चिकित्सा सुविधा नहीं मिली और इस दौरान मरने वालों में से महज 1.3 फीसदी को चिकित्सा क्षेत्र के योग्य पेशेवरों की मदद मिल सकी थी।

लेकिन, आरजीआई की रिपोर्ट वर्ष 2020 के लिए नागरिक पंजीयन प्रणाली पर आधारित भारत की महत्वपूर्ण सांख्यिकी में कोविड-19 से मरने वालों की संख्या का जिक्र नहीं किया गया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2020 में देश में जब पहली बार कोविड के मामले आए थे, महामारी से 1.48 लाख लोगों की मौत हुई थी जो 2021 के मुकाबले काफी कम है। 2021 में देश में महामारी से 3.32 लाख लोगों की मौत हुई है। आरजीआई की रिपोर्ट के अनुसार, 2020 में पंजीकृत कुल मौतों में से करीब 1.3 फीसदी लोगों को एलोपैथी या अन्य चिकित्सा क्षेत्रों के योग्य पेशेवरों से चिकित्सा सुविधा मिली थी।

मरने वालों में से 45 फीसदी को उनकी मृत्यु के समय कोई चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाई थी। चिकित्सा सुविधा की अनुपस्थिति में 2019 में मरने वालों की संख्या 35.5 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार, कुल मौतों में से करीब 28 प्रतिशत मौतें अस्पतालों आदि में हुई हैं और अन्य जगहों पर इलाज कराने वालों के मुकाबले अस्पतालों में इलाज कराने वाले मरीजों में मृत्यु दर अधिक है। आंकड़ों के अनुसार, कुल पंजीकृत मौतों में से करीब 16.4 प्रतिशत मौतें अस्पतालों से इतर इलाज कराने वाले मरीजों की है।

आरजीआई की रिपोर्ट के अनुसार, मरने वालों को मृत्यु पूर्व मिली चिकित्सा सुविधा के संबंध में पूर्ण जानकारी उसे 34 राज्यों और संघ शासित प्रदेशों से मिली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दो राज्यों महाराष्ट्र और सिक्किम से आंशिक जानकारी मिली है इसलिए आंकड़ों के संकलन में इन दो राज्यों को शामिल नहीं किया गया है। शिशु मृत्युदर के संबंध में रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020 में ग्रामीण क्षेत्रों में शिशु मृत्युदर जहां महज 23.4 फीसदी रहा वहीं शहरी क्षेत्रों में यह 76.6 फीसदी रहा।

# अक्टूबर से सब्सिडी का विकल्प चुनने वालों को ही मुफ्त बिजली



● बिल देने में सक्षम लोगों से मिले सुझावों के बाद लिया गया निर्णय: केजरीवाल

● दिल्ली कैबिनेट ने बिजली सब्सिडी योजना को जारी रखने के प्रस्ताव को भी दी मंजूरी

**संजय राय।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी में एक अक्टूबर से बिजली पर सब्सिडी स्वैच्छिक होगी। उन्हीं उपभोक्ताओं को बिजली पर सब्सिडी मिलेगी जो इसकी मांग करेंगे यानी सब्सिडी का विकल्प चुनेंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को दिल्ली कैबिनेट की बैठक में यह अहम निर्णय लिया है। सीएम ने कहा है कि बिजली का बिल देने में सक्षम लोगों से मिले सुझावों के बाद यह फैसला लिया गया है।

इसके लिए सरकार हर उपभोक्ता को अब विकल्प देगी। जो लोग सब्सिडी मांगेंगे, उनको मिलेगी और जो लोग सब्सिडी नहीं मांगेंगे, उन्हें नहीं मिलेगी। इसके अलावा, दिल्ली कैबिनेट ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में भी बिजली सब्सिडी योजना को जारी रखने का निर्णय लिया है। कैबिनेट के इस फैसले से कोरोना महामारी के बाद महंगाई की मार झेल रहे दिल्ली के करीब 47,11,176 बिजली उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलेगी। पिछले वर्ष की भांति चालू वित्तीय वर्ष (2022-23) में भी घरेलू बिजली उपभोक्ताओं, किसानों, कोर्ट परिसर, वकीलों के चैंबर और 1984 सिख दंगा पीड़ितों को बिजली पर सब्सिडी का लाभ मिलता रहेगा।

अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार डिजिटल संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली कैबिनेट के निर्णय की जानकारी देते हुए बतायाा कि बहुत सारे लोगों को मुफ्त बिजली मिलती है। इसके लिए दिल्ली सरकार सब्सिडी देती है। बीच-बीच में कई लोगों के सुझाव भी आते हैं और कई लोगों की चिट्ठी आती है। वे कहते हैं कि यह अच्छी बात है कि सरकार उन्हें मुफ्त बिजली दे रही है, लेकिन उनमें से कुछ लोग हैं जो बिजली का बिल देने में सक्षम हैं। इसलिए वह मुफ्त बिजली नहीं लेना चाहते हैं। आप इस पैसे को कहीं स्कूल और (शेष पेज 8)

# रक्षा और सामरिक संबंध आगे बढ़ाने को सहमत हुए मोदी-मैक्रों

**भाषा।** पेरिस

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हालात तथा आतंकवाद जैसे द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर गहन चर्चा की तथा दोनों नेता भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के अगले चरण के लिए महत्वाकांक्षी एजेंडा तैयार करने पर सहमत हुए प्रधानमंत्री मोदी यूरोप के तीन देशों की यात्रा के आखिरी पड़ाव पर डेनमार्क से पेरिस पहुंचे। उन्होंने बुधवार की रात मैक्रों से अकेले में तथा फिर प्रतिनिधि स्तर पर गहन वार्ता की। मैक्रों एक सप्ताह पहले ही इस पद पर दोबारा निर्वाचित हुए हैं।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी करके कहा कि मोदी और मैक्रों ने रक्षा, अंतरिक्ष, जलीय अर्थव्यवस्था, असैन्य परमाणु क्षेत्र में सहयोग तथा लोगों के बीच संबंध सहित अनेक द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत की। प्रधानमंत्री ने मैक्रों के साथ गले मिलने की एक तस्वीर साझा करते हुए अंग्रेजी और फ्रांसीसी भाषा में ट्वीट किया, हमेशा की तरह अपने मित्र एवं राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात करके प्रसन्नता महसूस हुई। हमने द्विपक्षीय तथा (शेष पेज 8)



पेरिस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो और उनकी पत्नी के साथ

## भारत-फ्रांस ने यूक्रेन संकट पर गहरी चिंता जताई, शत्रुता तुरंत समाप्त करने की अपील

**पेरिस (भाषा)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने रूस और यूक्रेन संघर्ष पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए शत्रुता को तत्काल समाप्त करने की अपील की। दोनों नेताओं ने लोगों की पीड़ा का तुरंत अंत करने के वास्ते वार्ता तथा कूटनीति को बढ़ावा देने के लिए दोनों पक्षों को एक साथ लाने का आह्वान किया। मोदी और मैक्रों के बीच यहां बुधवार को हुई बातचीत के (शेष पेज 8)

# पदयात्रा निकालेंगे प्रशांत किशोर जनसुराज के लिए करेंगे काम

● बिहार में बदलाव लाना चाहते हैं पीके, समान विचारधारा के लोगों को लाएंगे साथ

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना/नई दिल्ली



**चुनावी** रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने गुरुवार को समान विचारधारा के लोगों के लिए 'जनसुराज' के नाम से एक मंच बनाने की मंशा का ऐलान किया। इसका मकसद उनके गृह प्रदेश बिहार में बदलाव लाना है। राजनीतिक दल लांच करने का विकल्प खुला रखते हुए पूर्व जदयू नेता ने कहा कि वे 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती पर चंपारण स्थित गांधी आश्रम से 3000 किमी लंबी पदयात्रा पर निकलेंगे।

पटना में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए किशोर ने कहा कि वे 'करीब 18,000 लोगों' के संपर्क में है जिन्होंने बिहार पर उनके राय को साझा किया हैं और पदयात्रा शुरू करने से पहले इन लोगों से वे व्यक्तिगत तौर पर मिलने का प्रयास करेंगे। एक नई राजनीतिक पार्टी बनाने की अटकलों को खारिज करते हुए किशोर ने कहा कि इसकी बजाय वह बिहार के विकास के लिए काम करेंगे। हालांकि उन्होंने अपने नए विकासात्मक मंच द्वारा अंतत: एक पार्टी के गठन की संभावना को खुला छोड़ दिया है।

दो साल पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू से निष्कासन के तुरंत बाद शुरू किए गए बात बिहार की की अवधारणा के समान अपने प्रस्तावित अभियान जन सुराज की चर्चा करते हुए किशोर ने कहा, बिहार को बदलने के लिए एक नई सोच और नए प्रयास की जरूरत है। उन्होंने कहा कि (शेष पेज 8)

# करनाल में चार आतंकी गिरफ्तार हथियार और विस्फोटक जब्त

● हरियाणा व पंजाब पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में मिली कामयाबी

● पाकिस्तान से जुड़े हैं तार, हथियार लेकर जा रहे थे तेलंगाना

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** के करनाल में बृहस्पतिवार को विस्फोटक की आपूर्ति के लिए तेलंगाना जा रहे पाकिस्तान से जुड़े चार संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया। जिस वाहन में ये लोग सवार थे, उसमें से हथियार, विस्फोटक और आईईडी बरामद किया गया है। इससे एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया गया।

रोहतक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। करनाल के पुलिस अधीक्षक गंगा राम पुनिया ने बताया कि वे कथित तौर पर पाकिस्तान स्थित एक व्यक्ति के संपर्क में थे, जो आतंकी गतिविधियों में शामिल है और उन्हें ऐप के जरिए उन स्थानों की जानकारी भेजता है, जहां विस्फोटक और हथियार पहुंचाने होते हैं।

हरियाणा पुलिस के महानिदेशक पी. के. अग्रवाल ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों की खुफिया सूचनाओं के आधार पर हरियाणा और पंजाब पुलिस द्वारा चलाए गए संयुक्त अभियान में चारों को गिरफ्तार किया गया। पंजाब पुलिस ने ट्वीट कर कहा कि खुफिया अभियान में पंजाब और हरियाणा पुलिस ने बृहस्पतिवार को करनाल में चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से ढाई-ढाई किलो के तीन आईईडी और एक पिस्तौल बरामद की गई है।

करनाल रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक सतेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर बस्तारा टोल प्लाजा के निकट चार लोगों को पकड़ा गया। गुप्ता के अनुसार उनके (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 55,702 | ↑ 33 |
| निफ्टी | 16,682 | ↑ 05 |
| सोना | 51,081 | ↑ 559 /10g |
| चांदी | 63,427 | ↑ 1179 /kg |

## क्विक न्यूज

### न्यायमूर्ति धूलिया व न्यायमूर्ति परदीवाला को शीर्ष न्यायालय भेजने की संस्तुति

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण की अध्यक्षता वाली उच्चतम न्यायालय की कॉलेजियम ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुधांशु धुलिया और गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जमशेद बी. परदीवाला को पदोन्नत कर शीर्ष अदालत भेजने की सिफारिश की है। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति धुलिया उत्तराखंड उच्च न्यायालय के दूसरे न्यायाधीश होंगे, जिन्हें पदोन्नत करके शीर्ष अदालत भेजा जाएगा, जबकि न्यायमूर्ति परदीवाला पारसी समुदाय से सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचने वाले चौथे न्यायाधीश होंगे।

# कोरोना समाप्त होने के बाद लागू करेंगे सीएए: शाह

● पश्चिम बंगाल में गरजे गृह मंत्री अमित शाह

● कहा, पश्चिम बंगाल से टीएमसी के अत्याचारी शासन को उखाड़ फेंकने तक चैन से नहीं बैठेगी भाजपा

**भाषा।** कोलकाता

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के अत्याचारी शासन को उखाड़ कर लोकतंत्र को बहाल करने तक भारतीय जनता पार्टी चैन से नहीं बैठेगी। उत्तरी बंगाल के सिलीगुड़ी में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा कट मनी (जबरन वसूली), भ्रष्टाचार और राजनीतिक हिंसा के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगी।

शाह ने तृणमूल कांग्रेस पर बंगाल में संशोधित नागरिकता कानून यानी सीएए को लेकर अफवाह फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि कोविड-19 महामारी (शेष पेज 8)



कोलकाता में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत करते भाजपा नेता

# मेवानी को बिना अनुमति मार्च निकालने पर तीन माह की जेल

**पायनियर समाचार सेवा।** मेहसाणा

**गुजरात** के निर्दलीय विधायक जिग्नेश मेवानी और नौ अन्य लोगों को बृहस्पतिवार को यहां की एक अदालत ने बगैर अनुमति आजादी रैली निकालने के पांच साल पुराने मामले में दोषी ठहराते हुए तीन महीने कैद की सजा सुनाई है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जेए परमार ने दलित नेता मेवानी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की पदाधिकारी रेशमा पटेल और मेवानी के राष्ट्रीय दलित अधिकार मंच के कुछ सदस्यों सहित नौ लोगों को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 143 के तहत गैरकानूनी जनसमूह का हिस्सा बनने का दोषी पाया। अदालत ने सभी दोषियों पर एक-एक हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने फैसले के बाद आदेश पर रोक लगाने (शेष पेज 8)

# जम्मू-कश्मीर में 90 विस और 5 लोकसभा क्षेत्र होंगे

● नए सिरे से विधानसभा क्षेत्रों को तैयार करने के अंतिम आदेश पर परिसीमन आयोग ने किए हस्ताक्षर

● कश्मीर घाटी में विधानसभा सीटों की संख्या 47 जबकि जम्मू में 43 रखने की सिफारिश

● पहली बार नौ सीटें अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित की गईं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में आदेश को अंतिम रूप देते जम्मू कश्मीर परिसीमन आयोग के सदस्य सुशील चंद्रा, रंजना देसाई और केके शर्मा

**परिसीमन** आयोग ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के लिए नए सिरे से विधानसभा क्षेत्रों को तैयार करने के अंतिम आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए। इसके लिए गुरुवार को गजट नोटिफिकेशन भी जारी किया गया। नए परिसीमन के अनुसार केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में अब 90 विधानसभा क्षेत्र होंगे।

इनमें 43 सीटें जम्मू क्षेत्र का हिस्सा होंगी, वहीं 47 सीटें कश्मीर क्षेत्र में होंगी। इसके अलावा, पहली बार नौ सीटें अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित की गई हैं। इनमें जम्मू क्षेत्र में छह और घाटी के हिस्से तीन सीटें आई हैं। इससे पहले राज्य में विधानसभा की 83 सीटें थीं। आयोग ने केंद्र सरकार से विधानसभा में पाक अधिकृत कश्मीर के प्रवासी समुदाय से कम से कम दो सदस्यों (उनमें से एक महिला होनी चाहिए) को नामित करने की शक्ति के प्रावधान पर भी विचार करने को कहा है। जम्मू और कश्मीर के विधानसभा क्षेत्रों को फिर से तैयार करने वाले परिसीमन आयोग की अध्यक्षता न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रंजना देसाई ने की। देसाई के अलावा, चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा और जम्मू-कश्मीर राज्य चुनाव आयुक्त केके शर्मा परिसीमन पैनल के पदेन सदस्य हैं।

आयोग ने गुरुवार को अपनी अंतिम रिपोर्ट में कहा कि परिसीमन अधिनियम, 2002 की धारा 9(1)(ए) एवं जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 60(2 )(बी) को ध्यान में रखते हुए जम्मू-कश्मीर की नए सिरे से तैयार 90 सीटों में 43 जम्मू क्षेत्र में होंगी और 47 (शेष पेज 8)

# अजनारा प्रोजेक्ट के 3266 फ्लैट खुद बनाएगा यमुना प्राधिकरण

## बिल्डर पर 42 करोड़ रुपए हैं बकाया, भूमि का आवंटन किया रद्द

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



फाइल फोटो

यमुना प्राधिकरण बकाया न चुकाने वाले बिल्डरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर रहा है। जिसके चलते प्राधिकरण ने अजनारा पैनोरमा का भूमि आवंटन रद्द कर दिया है। अजनारा बिल्डर को प्राधिकरण ने सेक्टर.22ए में 25 एकड़ जमीन दी थी। जिसका बिल्डर पर अभी 42 करोड़ रुपए का बकाया चुकाना बाकी है। प्राधिकरण द्वारा दो बार मौके दिए गए, लेकिन बिल्डर द्वारा अभी तक बकाया चुकाया नहीं गया है। जिसके चलते प्राधिकरण ने यह कार्रवाई की है। इस परियोजना में 3266 फ्लैट बने हैं। अब इसे प्राधिकरण पूरा कराएगा।

2010 में अजनारा बिल्डर को यमुना प्राधिकरण ने सेक्टर.22ए में 25 एकड़ जमीन आवंटित की थी। जिसकी रजिस्ट्री बिल्डर ने 2011 में करा ली और फिर इस परियोजना का नाम अजनारा पैनोरमा रख दिया। प्राधिकरण ने बिल्डर की इस परियोजना में 3266 प्लैटों के नक्शे को पास किया था। जिनमें से अब तक 695 फ्लेटों का आंशिक पूर्णता प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका है। अधिकारियों का कहना है कि बिल्डर द्वारा बची हुई धनराशि को जमा नहीं कराया जा रहा है। 2017 में उसने बकाया राशि का रीशेड्यूलमेंट कराया। जिसके अंतर्गत 1.04 करोड रुपए का नोटिस जारी किया गया जिसके बाद बिल्डर ने केवल 54 लाख रुपए जमा कराएं। एक बार फिर अक्टूबर 2017 में 4.63 करोड रुपए जमा कराने का नोटिस जारी किया गया, लेकिन बिल्डर ने एक भी पैसा जमा नहीं कराया।

ऐसे ही अजनारा ने 2019 में फिर रीशेड्यूलमेंट कराया, लेकिन अभी तक कोई पैसा जमा नहीं कराया गया है। यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार इस परियोजना के लिए बिल्डर को 46.87 करोड़ रुपए जमा किए हैं, लेकिन अभी भी बिल्डर पर 42.82 करोड रुपए और बकाया है। अधिकारियों ने बताया कि बिल्डर के द्वारा जमा कराए गए पैसे को जब्त कर लिया गया है। प्राधिकरण के नियमों के अनुसार बिल्डर से सभी तरह की एनओसी लेने के बाद 25 फीसदी पैसे को वापस कर दिया जाएगा। यमुना प्राधिकरण द्वारा इससे पहले 4 अप्रैल को 9 बिल्डरों के भूखंडों का आवंटन निरस्त किया गया था।

### ढाई करोड़ जमा नहीं करने पर दफ्तर सील



गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन ने बकाया पैसा जमा नहीं करने पर मैंसर्स इको ग्रीन बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड बिल्डर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जिला प्रशासन ने बिल्डर के दफ्तर को सील कर दिया है। यह कार्रवाई इसलिए हुई है, क्योंकि यूपी रेरा के आदेश के बावजूद भी बिल्डर ने बकाया पैसा जमा नहीं किया था। बकाया पैसा जमा नहीं करने पर जिला प्रशासन की टीम ने गुरुवार को बिल्डर के खिलाफ यह कार्रवाई की है। नोएडा के सेक्टर.10 में स्थित मैसर्स इको ग्रीन बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड बिल्डर का दफ्तर है। दादरी के नायब तहसीलदार सचिन पंवार और उनकी टीम ने बिल्डर के खिलाफ यह कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि बिल्डर नरेला पर ढाई करोड़ रुपये बकाया है। काफी बार नोटिस जारी करने के बावजूद भी बिल्डर बकाया जमा नहीं कर रहा था।

## रंगदारी नहीं देने पर दो भाइयों का फोड़ दिया सिर

**नोएडा।** दादरी के ठाकुरान मोहल्ले में कुछ युवकों ने दो भाइयों की डंडे और रॉड से पिटाई कर दी। दोनों भाई बर्गर और चाऊमीन की दुकान लगाते हैं। रंगदारी न देने पर आरोपी युवकों ने दोनों के सर फोड़ दिए। पीड़ित ने दादरी कोतवाली पुलिस से शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दादरी के रहने वाले मोनू शर्मा और कैलाश शर्मा दोनों भाई बर्गर और चाऊमीन की दुकान लगाते हैं। मोहल्ले का एक युवक लगातार छह महीने से रंगदारी के नाम पर 100-200 रुपए मांगता है। आरोपी युवक दुकान पर आया और रंगदारी के नाम पर हजारों रुपए मांगने लगा। दोनों भाइयों ने रंगदारी देने से इनकार कर दिया, जिस पर आरोपी युवक ने दोनों को जान से मारने की धमकी देकर वहां से चला गया। कुछ देर बाद आरोपी युवक अपने तीन साथियों के साथ आया और दोनों भाइयों की डंडे और रोड से जमकर पिटाई की। जिससे मोनू और कैलाश दोनों को गंभीर चोट आई है।

# प्राधिकरण ने कब्जामुक्त कराई 50 बीघा जमीन

## भूमाफिया यमुना एक्सप्रेसवे किनारे अवैध रूप से काट रहे हैं कॉलोनी

- कार्रवाई का विरोध कर रहे तीन लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


एक्सप्रेसवे किनारे बसाई जा रही अवैध कॉलोनी में हुए निर्माण को ध्वस्त करता प्राधिकरण का बुलडोजर।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, फिल्म सिटी और यमुना एक्सप्रेस-वे के किनारे लोगों को आशियाना बनाने का लालच देकर अवैध रूप से कॉलोनी काट रहे भू-माफिया के खिलाफ यमुना विकास प्राधिकरण ने कार्रवाई की है। यमुना प्राधिकरण की टीम ने बुधवार को पुलिस बल के साथ दनकौर बाइपास मार्ग पर बुलडोजर चलाकर करीब 50 करोड़ रुपए की 50 बीघा जमीन कब्जा मुक्त कराई।

इस जमीन पर अवैध कॉलोनी काटी जा रही थी। कार्रवाई के दौरान किसानों और अधिकारियों के बीच नोकझोंक भी हुई। मौके से पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया उसके बाद मामला शांत हुआ। हालांकि, किसानों के उच्च न्यायालय में याचिका डालने से प्राधिकरण के अधिकारियों को बीच में ही कार्रवाई रोकनी पड़ी। यमुना विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार कस्बे में बाइपास मार्ग पर कई जगह प्राधिकरण की अधिसूचित क्षेत्र की जमीन पर अवैध निर्माण कर कॉलोनी काटी जा रही है।

भूमाफिया स्थानीय और अन्य जिलों के लोगों को हवाई अड्डा और फिल्म सिटी के नजदीक घर बनाने का सपना दिखाकर भूखंड बेच रहे हैं। लोग अपनी जमा पूंजी अवैध कॉलोनी में लगाकर फंस रहे हैं, जबकि प्राधिकरण की ओर से लगातार चेतावनी दी जा रही है।

दनकौर में दो अलग-अलग जगह करीब 30 बीघा और पांच बीघा जमीन पर अवैध निर्माण चल रहा था। बुधवार को प्राधिकरण की टीम ने जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण को ध्वस्त का जमीन को कब्जा मुक्त कराया। इस कार्रवाई के विरोध में अधिकारियों के साथ किसानों की कहासुनी भी हुई।

पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर लोगों को शांत किया। इसके बाद पुलिस कार्रवाई के खिलाफ किसानों ने कोतवाली का घेराव किया और हिरासत में लिए किसानों को रिहा करने की मांग की। किसान देशराज सिंह, होशियार सिंह व रिंटू चौधरी ने बताया कि उनकी जमीन पर भूखंड नहीं काटे जा रहे हैं, बल्कि वहां वह परिवार के साथ रहते हैं।

## अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ी कार, चालक की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



गौतबुद्धनगर में नोएडा के थाना सेक्टर 113 क्षेत्र के परथला चौक के पास एक ओला कैब अनियंत्रित होकर मार्ग विभाजक (डिवाइडर) पर चढ़ गई। इस घटना में उसके चालक की मौत हो गई।

वहीं, जनपद के विभिन्न जगहों पर हुए तीन अन्य सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि बुधवार रात 11 बजे के करीब कैब चालक आनंद कुमार (38 वर्ष) पुत्र महेंद्र पाल अपनी कार लेकर सेक्टर 122 के परथला चौक से गुजर रहे थे। इसी दौरान उनकी कार अनियंत्रित होकर मार्ग डिवाइडर पर चढ़ गई। इस घटना में कैब चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बंदूक के साथ आंटी का फोटो वायरल

### पुलिस से लोग कर रहे कार्रवाई की मांग

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



हथियारों को हाथ में लेकर फोटो खिंचवाने का फैशन ना केवल युवा, बल्कि आंटियों में भी दिखाई देने लगा है। ताजा मामला नोएडा से आया है। जहां पर गाजियाबाद के खोड़ा में रहने वाली एक आंटी अपने हाथों में हथियार लेकर फोटो खिंचवाते हुए नजर आ रही हैं। इसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है और लोग आंटी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं।

गाजियाबाद की यह महिला नोएडा में एक शादी समारोह में शामिल हुई थी। उसी दौरान हथियार को लहराते हुए फोटो खिंचवा ली। अब यह फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। फोटो में दिख रहा है कि एक आंटी अपने हाथ में हथियार लेकर लहराते हुए दिखाई दे रही है। बताया जा रहा है कि आंटी का नाम आरती है और वह खोड़ा में अपने परिवार के साथ रहती है।

इस मामले में खोड़ा थाना प्रभारी बृजेश कुशवाह ने बताया कि यह फोटो गाजियाबाद की नहीं बल्कि नोएडा की है। हालांकि, महिला गाजियाबाद के खोड़ा कॉलोनी की रहने वाली है। इस मामले में नोएडा पुलिस को जानकारी दे दी गई है। इसमें आगे की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस मामले में अभी तक किसी की तरफ से कोई भी लिखित शिकायत नहीं दी गई है।

## खुदकुशी की कोशिश कर रही महिला को बचाया

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर में नोएडा के थाना बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी-2 के 12वें एवेन्यू में रहने वाली एक महिला अपनी बालकनी से कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास कर रही थी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करके महिला की जान बचा ली।

पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि बुधवार शाम को पुलिस को सूचना मिली थी कि गौर सिटी-2 के 12वें एवेन्यू सोसायटी के टावर डी में रहने वाली करीब 40 वर्ष की महिला अपनी बालकनी में सुसाइड करने के लिए खड़ी है। पुलिस को सूचना मिली थी कि महिला ने फ्लैट के मुख्य दरवाजे को अंदर से बंद कर लिया है, ताकि कोई उनके पास ना आ सके।

## मॉडल सेक्टर के रूप में विकसित होगा औद्योगिक ईकोटेक-10 सेक्टर

- पद संभालते ही दौरे पर निकले ग्रेनो सीईओ

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा के औद्योगिक सेक्टर ईकोटेक.10 को मॉडल सेक्टर के रूप में विकसित करने तथा उसके आसपास के इंफ्र स्ट्रक्चर को और दुरुस्त किया जाएगा। सभी सड़कों पर एक माह के भीतर अभियान चलाकर लेन मार्किंग, कैट्स आई, डेलीनेटर, साइनेज बोर्ड, जेब्रा क्रॉसिंग जैसे यातायात से जुड़े तमाम नियमों को उकेरा जाएगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के नवनियुक्त सीईओ सुरेंद्र सिंह ने बुधवार को ग्रेटर नोएडा शहर का भ्रमण करने के दौरान प्रोजेक्ट विभाग की टीम को ये निर्देश दिए।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ सुरेंद्र सिंह सुबह 10 बजे ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से एंट्री प्वाइंट पहुंचे। उन्होंने एंट्री प्वाइंट पर चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। सीईओ ने एंट्री प्वाइंट पर बन रहे ट्रकर्स पार्क को विश्वस्तरीय बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले ट्रक चालक और अन्य लोग जब कहीं और जाएं तो ग्रेटर नोएडा के ट्रकर्स प्वाइंट का खूब बखान करें।

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., नंबर 4/10, मैत्री टावर, बोम्मनहल्ली होसूर मेन रोड, बेंगलूरू-560 068

सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी

[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]

अचल आस्तियों की बिक्री हेतु सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/सह-कर्जदारों/गारंटरों का नाम ऋण खाता संख्या | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., नंबर 4/10, मैत्री टावर, बोम्मनहल्ली होसूर मेन रोड, बेंगलूरू-560 068 | बकाया राशि | सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्रीमती रीना वर्मा (कर्जदार) श्री मुकुल वर्मा (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या एलबीडीईएल00005243194/ एलबीडीईएल00005259497 | आइटम नंबर 1 : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति खाली साइट नंबर 20, सर्वे नंबर 76/1, 77, 78/2, 79 एवं 80 का भाग, ग्राम काम्बीपुरा, केनगेरी होबली, बेंगलुरू साउथ तालुक, जो विशेष उपायुक्त द्वारा जारी परिवर्तन आदेश नंबर एएलएन(एस)एसआर(के) /48/2012-13 दिनांकित 10-01-2013 द्वारा कृषि प्रयोजन भूमि से विधिवत गैर-कृषि आवासीय प्रयोजन भूमि मे परिवर्तित की गई है तथा लेआउट बेंगलुरू विकास प्राधिकरण (बीडीए) द्वारा बीडीए/ टीपीएम/पीआरएल-16/ 2013-14/6878/2013-14 दिनांकित 20-03-2014 के माध्यम से अनुमोदित किया गया है और परिमाप, पूरब से पश्चिम : उत्तरी साइड : 47'-00" फीट, दक्षिणी साइड : 51'-40" फीट, उत्तर से दक्षिण : पूर्वी साइड : 30'-33" पश्चिमी साइड : 30'-00" फीट, कुल परिमाप : 1484 वर्ग फीट और चौहद्दी : पूरब : प्राइवेट सम्पत्ति, पश्चिम : रोड, उत्तर : साइट नंबर 19, दक्षिण : साइट नंबर 21 आइटम नंबर 2 : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति खाली साइट नंबर 21, सर्वे नंबर 76/1, 77, 78/2, 79 एवं 80 का भाग, ग्राम काम्बीपुरा, केनगेरी होबली, बेंगलुरू साउथ तालुक, जो विशेष उपायुक्त द्वारा जारी परिवर्तन आदेश नंबर एएलएन(एस)एसआर(के) /48/2012-13 दिनांकित 10-01-2013 द्वारा कृषि प्रयोजन भूमि से विधिवत गैर-कृषि आवासीय प्रयोजन भूमि में परिवर्तित की गई है तथा लेआउट बेंगलुरू विकास प्राधिकरण (बीडीए) द्वारा बीडीए/ टीपीएम/पीआरएल-16/ 2013-14/6878/2013-14 दिनांकित 20-03-2014 के माध्यम से अनुमोदित किया गया है और परिमाप, पूरब से पश्चिम : उत्तरी साइड : 51'-40" फीट, दक्षिणी साइड : 55'-80" फीट, उत्तर से दक्षिण : पूर्वी साइड : 30'-33" पश्चिमी साइड : 30'-00" फीट, कुल परिमाप : 1617 वर्ग फीट और चौहद्दी : पूरब : प्राइवेट सम्पत्ति, पश्चिम : रोड, उत्तर : साइट नंबर 20, दक्षिण : प्राइवेट सम्पत्ति | रू. 1,18,96,786/- (02 अप्रैल, 2022 को) | रू. 1,03,11,000/- / रू. 10,31,100/- | 16-05-2022 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 14-06-2022 को पूर्वा. 10.00 से पूर्वा. 11.00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेन्सी मैसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (यूआरएल लिंक – www.disposalhub.com) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 13 जून, 2022 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई बैंक लि., नंबर 4/10, मैत्री टावर, बोम्मनहल्ली होसूर मेन रोड, बेंगलूरू-560 068 में 13 जून, 2022 को अथवा पूर्व अप. 03.30 बजे से पहले जमा करना चाहिए तथा उसके बाद उनको अपनी ऑफर, ईएमडी के भुगतान के प्रमाण हेतु डीडी की बैंक रसीद की स्कैन इमेज के साथ, उपरिवर्णित वेबसाइट पर 13 जून, 2022 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले, जमा करनी चाहिए। कृपया नोट करें कि संभावित बिडर अपनी ऑफर वेबसाइट के माध्यम से प्रस्तुत करने में असफल रहने की स्थिति में निविदा दस्तावेज की हस्ताक्षरित प्रति आईसीआईसीआई बैंक लि., नंबर 4/10, मैत्री टावर, बोम्मनहल्ली होसूर मेन रोड, बेंगलूरू-560 068 में 13 जून, 2022 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा की जा सकती है। धरोहर राशि जमा डीडी/पीओ किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड" के पक्ष में बेंगलुरू में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के मोबाइल नम्बर 9844542086/8008999536 पर अथवा मैसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड के 9810029926/01244233933 पर सम्पर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेन्सीज 1. मैसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड 2. मैटेक्सनेट प्राइवेट लिमिटेड (8939805544 पर सम्पर्क करें) को भी इस सम्पत्ति की बिक्री सुकर बनाने हेतु अनुबंधित किया गया है।

प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की वेबसाइट देखें : www.icicibank.com/n4p4s

तिथि : 06 मई, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

### ग्रेटर नोएडा के सीईओ की 5 चुनौतियां

## भारी भरकम कर्ज, अथॉरिटी में भ्रष्टाचार से निपटना होगा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

भारतीय प्रशासनिक सेवा में वर्ष 2005 बैच के युवा आईएएस अफसर सुरेंद्र सिंह को फैसले लेने और काम को समय पर निपटाने के लिए जाना जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें मेरठ से ग्रेटर नोएडा भेजा है। बुधवार को उन्होंने विधिवत ग्रेटर नोएडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। अपना 10 पॉइंट एक्शन प्लान बता दिया है।

राज्य में भले ही औद्योगिक गतिविधियां पटरी पर लौट आई हैं, लेकिन ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण का यह दौर चमकदार नहीं है। शानदार वर्ल्ड क्लास दफ्तर से चलने वाली यह अथॉरिटी भारी.भरकम कर्ज के तले दबी है। अपने सबसे बुरे दौर से शहर गुजर रहा है। इस शहर के शुरुआती दौर में यहां आकर बसे लोग कहते हैं, एक वक्त में खूबसूरती के लिए जाना जाने वाला ग्रेटर नोएडा फिलहाल बदहाली पर आंसू बहा रहा है।

प्राधिकरण में हावी भ्रष्टाचार, भाई.भतीजावाद और काम को लटकाकर रखने की प्रवृत्ति ने छवि खराब की है। बिल्डरों की मनमानी के चलते लाखों बायर परेशान हैं। किसानों से जुड़े मुद्दों का दशकों से समाधान नहीं हुआ है। कुल मिलाकर ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी की कुर्सी पर बैठते ही 5 बड़ी चुनौतियां सुरेंद्र सिंह को घेरकर खड़ी हो गई हैं।

ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण करीब एक दशक से भारी.भरकम कर्ज के तले दबा हुआ है। अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि प्राधिकरण रोजाना करीब एक करोड़ रुपए ब्याज के तौर पर चुकता है। फिलहाल, 10 हजार करोड रुपए से ज्यादा कर्ज अथॉरिटी के ऊपर है। यह कर्ज बैंकों और नोएडा अथॉरिटी से लिया गया है। पहले बहुजन समाज पार्टी और फिर समाजवादी पार्टी की सरकारों के दौरान किए गए अनाप.शनाप खर्च ने यह हालात पैदा किए। इसी वजह से एक वक्त में नोएडा से आगे निकल चुका ग्रेटर नोएडा अब लगातार पिछड़ रहा है। मौजूदा दौर में गौतमबुद्ध नगर के तीनों विकास प्राधिकरणों में सबसे बुरा दौर ग्रेटर नोएडा का है। पिछले दिनों ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी को एक और बड़ा झटका लगा, जब केंद्र और राज्य सरकार ने नया नोएडा बसाने की जिम्मेदारी नोएडा अथॉरिटी को सौंप दी।

## बिना लाइसेंस खुले रेस्तरां को खाद्य विभाग ने बंद कराया

**गाजियाबाद।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बुधवार को कौशांबी में बिना लाइसेंस लिए खोले एक तंदूर रेस्तरां को बंद करा दिया।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एनएन झा के मुताबिक यशोदा अस्पताल के पास खुले तंदूर रेस्तरां के संचालक ना फायर एनओसी दिखा पाए और ना ही एफ डी, लाइसेंस, इसलिए रेस्तरां बंद करा दिया गया है। वहीं शालीमार गार्डन में एक मिठाई की दुकान से एक्सपायरी तारीख का डिब्बा बंद रसगुल्ला मिलने पर नमूने लिए गए।

## एक वर्ष में तैयार होगा इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स

- अभी तक 581 लोगों को मिली सदस्यता

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-151ए में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स का कार्य तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। वहीं, निर्माण कार्य के साथ-साथ गोल्फ कोर्स के सदस्यता देनी भी शुरू कर दी गई थी। अभी तक 581 लोगों को इसकी सदस्यता दी गई है। जिनमें से 261 आम लोग हैं।

अधिकारियों का दावा है कि एक साल के अंदर इसके कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। इस गोल्फ कोर्स को कई सुविधाओं के साथ तैयार किया जा रहा है ताकि यहां गोल्फ खेलने आ रहे लोगों को कोई कमी महसूस ना हो।

फिलहाल नोएडा इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स का निर्माण कार्य 20 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। इसे 100 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया जा रहा है। गोल्फ कोर्स को अट्ठारह हॉल का बनाया जा रहा है। प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक फिलहाल क्लब बिल्डिंग, हॉल, बेसमेंट और बाकी के कार्यो का निर्माण चल रहा है।

कई जगह पर खुदाई का कार्य भी किया जा रहा है। गोल्फ कोर्स के परिसर में लोगों को रहने के लिए कमरे, रेस्टोरेंट, स्वीमिंग पुल, कॉन्फ्रेंस हॉल, बेसमेंट हॉल और क्लब हाउस की सुविधाएं मिलेंगी। इसी के साथ गोल्फ कोर्स में दो बैंक्विट हॉल भी बनाए जाएंगे।

गोल्फ कोर्स के निर्माण कार्य के साथ.साथ सदस्यता देने देने का काम भी चल रहा है। 21 अक्टूबर 2021 में सदस्यता लेने के लिए प्रक्रिया शुरू की गई थी। अभी तक नोएडा प्राधिकरण को सदस्यता के लिए 637 आवेदन मिले हैं। जिनमें से प्राधिकरण द्वारा 581 लोगों को सदस्यता दी गई है।

# कोरोना से संक्रमित फेफड़ों ने बढ़ाई दिल की मुश्किल

## फेफड़ों की नसों में उच्च रक्तचाप से हृदयघात की आशंका, फ्राइब्रोयसिस से भी हो रहा नुकसान

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया के हर देश व समुदाय को जहां प्रभावित किया है वहीं इस बीमारी ने जहां फेफड़े (लंग) को सर्वाधिक नुकसान पहुंचाने के साथ शरीर के लगभग हर अंग को प्रभावित किया है। कोविड संक्रमण से फेफड़ों की धमनियों (नसों) में उक्त रक्तचाप से हार्ट (हृदय) का दाहिना हिस्सा प्रभावित होता है जिससे यह फेल भी हो सकता है।

वर्ल्ड पल्मोनरी हाइपरटेंशन डे पर गुरुवार को मैक्स वैशाली अस्पताल में डॉ. अमित मलिक, निदेशक, कार्डियोलॉजी, डॉ. शरद जोशी, सहायक निदेशक, पल्मोनोलॉजी तथा डॉ. मयंक सक्सेना, सीनियर कंसल्टेंट ने संयुक्त प्रेसवार्ता में बीमारी के लक्षण, बचाव व इलाज के संबंध में जानकारी दी।

कार्डियोलॉस्टि डॉ. अमित मलिक ने गुरुवार को कहा कि कोविड ने हम सभी की मुश्किलों को बढ़ा दिया है। मरीजों में सांस फूलने और तेज हार्ट बीट की अधिक समस्या से आ रही है। करीब 20 फीसदी मरीजों में फेफड़े में ब्लड प्रेशर और हृदय के प्रभावित होने की समस्या के मरीज आ रहे हैं।

डॉ. मलिक ने कहा कि फेफड़ों की धमनिओं में रक्त चाप ( ब्लड प्रेशर ) अधिक होने की बीमारी को पल्मोनरी हाइपरटेंशन कहते हैं। इस अवस्था में हृदय के दाहिने हिस्से को अधिक दबाव में काम करना पड़ता है। जिसके कारण हृदय कमजोर होकर हार्ट फेलियर की स्थिति में पहुँच जाता है।

उन्होंने बताया कि हृदय के खराब वाल्व एवं जन्मजात छेद होना, फेफड़ों के पुराने रोग , फेफड़ों के नसों में खून के थक्के का जमना पल्मोनरी हाइपरटेंशन के प्रमुख कारण है। कोविड महामारी में फेफड़ों का प्रभावित होना ( लंग फाइब्रोसिस ) भी पल्मोनरी हाइपरटेंशन का महत्वपूर्ण कारण है।

डॉ. शरद जोशी ने कहा पल्मोनरी हाइपरटेंशन एक गंभीर और जानलेवा स्थिति होती है। इस बीमारी की पहचान और समय से इलाज बहुत जरूरी है। डॉ. मयंक सक्सेना ने कहा कि पल्मोनरी हाइपरटेंशन से पीड़ित मरीजों को लाइफस्टाइल और खानपान में बदलाव लाने से रोग नियंत्रण में पर्याप्त मदद मिलती है। ऐसे मरीजों को फास्ट फूड से बचना चाहिए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# स्नातक छात्रों को उद्यम शुरू करने के लिए पैसा देगी सरकार

## मंत्रिमंडल ने दी स्टार्टअप नीति को मंजूरी, कॉलेज स्तर पर भी चलेगा बिजनेस ब्लास्टर कार्यक्रम

● दुनिया में स्टार्टअप का हब बनेगी दिल्ली



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सरकारी स्कूलों में चलाए जा रहे बिजनेस ब्लास्टर कार्यक्रम का दायरा बढ़ा कर कॉलेज छात्रों तक कर दिया गया है। ताकि वे सीड मनी के साथ अपने व्यावसायिक विचारों पर काम कर सकें। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अगुवाई में बृहस्पतिवार को मंत्रिमंडल ने स्टार्टअप नीति को मंजूरी दी है। इससे दिल्ली अब दुनिया में स्टार्टअप का हब बनेगी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बिजनेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम और एंटरप्रिन्योरशिप क्लासेस अब कॉलेजों में भी शुरू किया जाएगा। कॉलेज की पढ़ाई करते हुए छात्र अपने बिजनेस आइडियाज तैयार कर सकेंगे और सरकार उनकी पूरी तरह से मदद करेगी। सरकार बिना गारंटी के को-लेटरल फ्री लोन दिलाने में मदद करेगी जो एक साल के लिए ब्याज मुक्त होगा।

चार्टर्ड अकाउंटेंट, वकीलों, विशेषज्ञओं आदि का पैनल बनाया जाएगा, जहां स्टार्टअप को मुफ्त मदद दी जाएगी। साथ ही, सरकार कुछ शर्तों में ढील देकर स्टार्टअप का सामान भी खरीदेगी, लेकिन मॉल की गुण्वत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। दिल्ली सरकार के कॉलेजों में पढ़ने वाला कोई बच्चा अगर स्टार्टअप करना चाहता है, तो वो एक से दो साल तक की छुट्टी भी ले सकेगा।

एक टास्क फोर्स बनाई जाएगी, जहां स्टार्टअप पॉलिसी में रजिस्टर करने के लिए आवेदन करना होगा। उन्हें भरोसा है कि आने वाले समय में दिल्ली के युवा एक यूनिकॉर्न बनाएंगे। यहां बड़ी-बड़ी कंपनियां निकलेंगी और खूब तरक्की करेंगे ।पढ़ाई के दौरान एक से दो साल की मिलेगी छुट्टी कॉलेज में पढ़ाई के दौरान युवाओं को एक से दो साल की छुट्टी लेने की इजाजत दी जाएगी। इसकी प्रक्रिया यह होगी कि इसके लिए 20 लोगों की एक टास्क फोर्स बनाई जा रही है।

इसमें केवल एक सरकारी अधिकारी होगा, जबकि 10 फीसद लोग एकेडमी के होंगे और 85 फीसद लोग प्राइवेट इंडस्ट्री के होंगे। अगर कोई भी दिल्ली सरकार के स्टार्टअप पॉलिसी में पंजीकण करना चाहता है, तो वो टास्क फोर्स में आवेदन करेगा। इसके बाद टास्क फोर्स यह तय करेगी कि उसे पंजीकृत करना है या नहीं करना है। उनहें लगता है कि स्टार्टअप पॉलिसी के बाद बहुत बड़े स्तर पर स्टार्टअप का बूम आएगा।

दिल्ली स्टार्टअप पॉलिसी-2021 का मुख्य मकसद वर्ष 2030 तक दिल्ली को ग्लोबल इनोवेशन हब बनाना और स्टार्टअप के लिए सबसे पसंदीदा जगह के रूप में विकसित करना है। ताकि एक मजबूत तंत्र के माध्यम से इनोवेशन आधारित अर्थव्यवस्था और उद्यमशीलता को बढ़ाया दिया जा सके। साथ ही 2030 तक 15 हजार स्टार्टअप को मदद देकर उन्हें प्रोत्साहित करना है। एंटरप्रिंन्योरशिप के नए रास्ते पैदा कर युवाओं को रोजगार उपलब्ध करना है। प्रारंभिक शिक्षा से ही सीखने के लिए अनुकूल वातावरण, फंडिंग, अकादमिक और उद्योग, अत्याधुनिक इन्क्यूबेशन की स्थापना के अलावा स्टार्टअप को यूनिकॉर्न बनाना है।

### स्टार्टअप का फोकस

स्टार्टअप पॉलिसी-2021 के तहत कई क्षेत्रों पर अपना फोकस करेगी। जिसमें एजुकेशन और एजुकेश टेक्नॉलॉजी, हेल्थ केयर और हेल्थ टेक्नॉलॉजी, टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी, परिवहन, मोटर वाहन, व्यापार और नागरिकों को जोड़ने के लिए के लिए ई-गवर्नेंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) सर्विस के रूप में सॉफ्टवेयर, फिनटेक, ई-कचरा प्रबंधन, रोबोटिक्स और ओटोमेशन, ग्रीन टेक्नॉलॉजी, बायो-फार्मा और मेडिकल डिवाइस, आईटी और आईटीईएस क्षेत्र शामिल हैं।

### कारोबारी छात्रों को मिलेगा प्रोत्साहन

लीज रेंटल पर 50 फीसद तक रीइंबर्समेंट देगी, जो अधिकतम 5 लाख रुपए तक प्रति वर्ष हो सकता है। पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, औद्योगिक डिजाइन करने के लिए एक लाख रुपए तक अनुदान दिया जाएगा। महिलाओं, वंचित वर्ग या विकलांग व्यक्तियों को 100 फीसद और अन्य के लिए 50 फीसद से 5 लाख रुपए तक साल में एक बार प्रदर्शनी स्टाल या किराए की लागत की प्रतिपूर्ति दी जा सकती है। एक वर्ष तक परिचालन या कर्मचारी के लिए मासिक भत्ता के तौर पर 30 हजार रुपए प्रतिमाह दी जा सकती है। विजेता छात्रों के शैक्षिक शुल्क के लिए छात्रवृत्ति, इंटरनेट का चार्ज भी दिया जा सकता है, जो 50 फीसद से अधिकतम 2.5 लाख रुपए तक प्रतिवर्ष हो सकता है सुविधा तीन साल के लिए होगी।

# वेलकम में बच्चों की लड़ाई में भिड़े दो पक्ष, पत्थरबाजी

● दंगा भड़काने के आरोप में तीन गिरफ्तार, 37 हिरासत में



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में बच्चों का खेल दंगे का अखाड़ा बन गया। दोनों पक्षों के बीच जमकर पत्थरबाजी और मारपीट हुई। गनीमत यह रही कि पुलिस ने सूचना मिलते ही इलाको के अपने घेरे में ले लिया और फ्लैग मार्च कर मामले को शांत कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दंगा विरोधी धाराओं में तीन लोगों को गिरफ्तार की 37 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

वेलकम इलाके में एक पार्क में खेल रहे बच्चों के बीच हुए झगड़े के बाद विभिन्न समुदायों के दो समूहों में झड़प हो गई। पुलिस के अनुसार बुधवार को पूर्वाह्न नौ बजकर 50 मिनट पर पुलिस को वेलकम पुलिस थानांतर्गत क्षेत्र में फोटो चौक के पास झगड़े की सूचना मिली। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस मौके पर पहुंची तथा अतिरिक्त बल तैनात किया गया।

प्रारंभिक जांच में पता चला कि वेलकम के एक्स और वाई ब्लॉक के पार्क में बच्चों के बीच झगड़ा हुआ था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विवाद इतना बढ़ा कि इसने विभिन्न समुदायों के दो समूहों के बीच झड़प का रूप ले लिया।

पार्क में और लोगों के एकत्र होने के बाद स्थानीय लोगों ने सांप्रदायिक तनाव के डर से पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि आरोपियों की पहचान करने के लिए नागरिक भाईचारा समिति के सदस्यों को बुलाया गया है।

# पूर्वी नगर निगम स्कूल में छात्रा से छेड़छाड़ मामले में एक हिरासत में

● दिल्ली पुलिस ने जारी किया था आरोपी का स्कैच

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली नगर निगम के एक स्कूल की एक कक्षा में दो लड़कियों से छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने संदेह के आधार पर एक आरोपी को हिरासत में लिया है।

घटना तीस अप्रैल की बताई जा रही है। आरोप है कि एक व्यक्ति ने पूर्वी नगर निगम के स्कूल में प्रवेश किया और दो छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति का रेखाचित्र (स्केच) जारी किया था और नजदीकी इलाकों में सीसीटीवी कैमरों में एकत्रित फुटेज की भी जांच की। उन्होंने कहा था कि स्कूल में कोई सीसीटीवी कैमरा लगा नहीं था। इससे पहले रेखाचित्र के आधार पर दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया था, लेकिन उन्हें बाद में छोड़ दिया गया। अब पुलिस ने एक और व्यक्ति को स्केच के आधार हिरासत में लिया है, जिसका हुलिया आरोपी व्यक्ति से काफी मिलता जुलता है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि संदिग्ध व्यक्ति के असली दोषी होने की संभावना है, फिर भी हम मामले की अब भी जांच कर रहे हैं।

## बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने मांगी विस्तृत रिपोर्ट



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डीसीपीसीआर) ने पूर्वी दिल्ली नगर निगम को पत्र लिखकर कार्रवाई का विस्तृत ब्योरा मांगा है। डीसीपीसीआर ने ईडीएमसी की निदेशक (शिक्षा) निधि मलिक को लिखे पत्र में कहा कि आयोग ने इस मामले को लेकर मीडिया में प्रकाशित खबरों का स्वत: संज्ञान लिया है। आयोग ने कहा, स्कूल अधिकारियों ने घटना की जानकारी पुलिस को नहीं दी, जो बाल यौन अपराध संरक्षण (पॉक्सो) कानून की धारा 19 का साफ तौर पर उल्लंघन है। इसलिए स्कूल अधिकारियों की लापरवाही से पता चलता है कि इस प्रकार की घटनाओं के प्रति उनका कितना उदासीन रवैया है। डीसीपीसीआर ने नगर निकाय से इस मामले में की गई जांच, दोषी अधिकारियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई और एहतियाती कदम का ब्योरा सौंपने को कहा है। आयोग ने कहा, मामले की गंभीरता को देखते हुए, आयोग इस विषय पर नौ मई या उससे पहले एक विस्तृत रिपोर्ट चाहता है।

### घटना के बाद भी स्कूल में सुरक्षा प्रबंध नहीं

*जिस स्कूल में उक्त घटना हुई वहां सुरक्षा के इंतजाम अब भी नदारद हैं और प्रवेश द्वार पर कोई व्यक्ति नहीं पाया गया। अभी भी स्कूल मं आसानी से बिना रोकटोक प्रवेश कर गया। स्कूल में 10 फुट लंबा प्रवेश का रास्ता है और एक गेट से छात्र घुसते तथा निकलते हैं। यह गेट भीतर से बंद नहीं था। स्कूल की चहारदीवारी के ऊपर बाड़ लगी है। पुलिस का कहना है कि स्कूल के प्रवेश द्वार और परिसर में कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है। घटना के कुछ दिन बाद स्थानीय लोगों ने कहा कि उन्हें घटना की कोई जानकारी नहीं है।*

## मास्क नहीं लगाने पर अब तक 22 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में वृद्धि के मद्देनजर मास्क लगाने की अनिवार्यता फिर से लागू होने के बाद से अब तक, मास्क नहीं लगाने पर 4,500 से ज्यादा लोगों पर कुल 22 लाख रुपए जुर्माना लगाया है। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई।

दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ने पिछले महीने एक बैठक में, मास्क नहीं लगाने वालों पर 500 रुपए जुर्माना लगाने का निर्णय लिया था। डीडीएमए ने 22 अप्रैल को जारी आदेश में सार्वजनिक स्थलों पर मास्क लगाना फिर से अनिवार्य कर दिया था। शहर में 23 अप्रैल से चार मई के बीच, मास्क नहीं लगाने पर कुल 4,504 लोगों पर जुर्माना लगाया गया।

# केजरीवाल सरकार ने निजी स्कूलों की कसी नकेल

● माता-पिता को महंगी किताबें और स्कूल ड्रेस खरीदने के लिए नहीं कर पाएंगे मजबूर : सिसोदिया



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार ने निजी स्कूलों की नकेल कस दी है। प्राइवेट स्कूल बच्चों को माता-पिता को किसी विशेष विक्रेताओं से किताबें और यूनिफॉर्म खरीदने के लिए मजबूर नहीं कर सकेंगे। नए सत्र से पहले स्कूलों को अपनी वेबसाइट पर जारी करनी होगी कक्षावार किताबों की सूची। पेरेंट्स अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी दुकान से खरीद पाएंगे कॉपी किताब और ड्रेस।

शिक्षा निदेशालय ने एक आदेश में कहा कि कोई भी निजी स्कूल अब माता-पिता व अभिभावकों को खुद से या किसी विशेष दुकानदार से किताबें, स्टडी मटेरियल और स्कूल ड्रेस खरीदने के लिए बाध्य नहीं करेगा। ऐसा करने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस बाबत उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि सरकार के इस कदम से लाखों पेरेंट्स को फायदा होगा और उन्हें स्कूलों को बेमतलब पैसे नहीं देने होंगे। इस आदेश के तहत स्कूल आने वाले सत्र में इस्तेमाल में आने वाली किताबों समेमत अन्य सामग्रियों की कक्षावार सूची नियमानुसार स्कूल की वेबसाइट और विशिष्ट स्थानों पर पहले से ही प्रदर्शित करेंगे ताकि अभिभावकों को इसके बारे में जागरूक किया जा सके। इसके अलावा स्कूल अपनी वेबसाइट पर स्कूल के नजदीक के कम से कम 5 दुकानों का पता और टेलीफोन नंबर भी प्रदर्शित करेगा जहां से पेरेंट्स किताबें और स्कूल ड्रेस खरीद सकेंगे।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि यह आदेश उन अभिभावकों के लिए राहत की सांस है जो निजी स्कूलों में किताबों और ड्रेस के लिए मोटी रकम चुकाने को मजबूर होते थे। कोरोना के कारण पिछले 2 सालों में लोगों को आर्थिक रूप से काफी नुकसान हुआ। ऐसे में पेरेंट्स के लिए लिए किसी विशिष्ट दुकान से या स्कूल से महंगी किताबों और स्कूल ड्रेस खरीदना मुश्किल है।

# करावल नगर व मुस्तफाबाद में 25000 घरों को मिलेगा मुफ्त सीवर कनेक्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अनाधिकृत कॉलोनियों के घरों को सीवर लाइन से जोड़ने की कड़ी में पूर्वी दिल्ली के करावल नगर और मुस्तफाबाद निर्वाचन क्षेत्रों की 12 कॉलोनियों निशुल्क सीवर कनेक्शन प्रदान किया जाएगा। इससे लगभग 25000 परिवारों को इससे लाभ मिलेगा।

जल मंत्री व दिल्ली जल बोर्ड के अध्यक्ष सत्येंद्र जैन ने गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बोर्ड बैठक की। इस दौरान नई सीवर लाइनें बिछाने, लोगों को घरेलू सीवर कनेक्शन उपलब्ध कराने, मौजूदा एसटीपी को अपग्रेड करने, जेजे क्लस्टर कॉलोनियों में आरओ पानी की सुविधा देने और दिल्ली जल बोर्ड की राजस्व प्रबंधन प्रणाली में सुधार करने को लेकर चर्चा की गई। यमुना की सफाई पर केंद्रित बोर्ड बैठक में राष्ट्रीय राजधानी में वेस्टवाटर मैनेजमेंट से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। साथ ही अधिकारियों को सभी परियोजनाओं को समय सीमा के अंदर काम पूरा करने के निर्देश दिए।

करावल नगर और मुस्तफाबाद निर्वाचन क्षेत्रों की 12 कॉलोनियों निशुल्क सीवर परियोजना के लिए 19 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया जाएगा। सीवर कनेक्शन ऐसी कॉलोनियों में दिया जाएगा, जिनके घरों में सीवर कनेक्शन नहीं हैं और दिल्ली की मुख्य सीवेज प्रबंधन प्रणाली के बजाय सीवर के पानी को खुली नालियों और सार्वजनिक स्थानों पर छोड़ते हैं। इससे यमुना में प्रवाहित होने से पहले करीब 2.5 करोड़ लीटर सीवेज का उपचार करने में मदद मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### दिव्यांगजनों को व्हील चेयर वितरित



**नई दिल्ली।** समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने गुरुवार को राज निवास मार्ग स्थित समाज कल्याण मंत्री कार्यालय पर 30 जरूरतमंद दिव्यांगजनों को व्हील चेयर वितरित किया। व्हील चेयर पाने वाले लाभार्थी वंचित पृष्ठभूमि के थे जिनके पास आत्मनिर्भर बनने का कोई अन्य साधन नहीं है। राजेंद्र पाल गौतम ने कहा सरकार पंक्ति के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को दिव्यांगजनों से संबंधित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली सफदरजंग (आरसीडीएस) रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3011 को विशेष धन्यवाद दिया।

### चलता रहेगा न्याय का बुलडोजर : भाजपा

**नई दिल्ली।** रोहिंग्या-बांग्लादेशियों को हटाने के लिए राजधानी दिल्ली में न्याय का बुल्डोजर चलता रहेगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि जब से निगम का बुल्डोजर रोहिंग्या और बंगलादेशियों द्वारा किए गए अवैध निर्माण पर चला है, तब से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत आम आदमी पार्टी के नेता बौखला गए हैं। उन्हें अपना वोट बैंक खत्म होने का डर सताने लगा है। मुफ्त पानी, बिजली, राशन, जमीन समेत 10,000 रुपये देकर केजरीवाल ने जिन घुसपैठियों को चुनाव के समय दंगे करवाने के लिए बसाया है आज वे सब बेनकाब हो चुके हैं। आदेश गुप्ता ने बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मनीष सिसोदिया को बताना चाहिए कि उनकी सरकार ने जहां झुग्गी वहां मकान योजना के तहत क्या काम किया है।

### डीटीसी में मुफ्त यात्रा खोखली घोषणा : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार द्वारा दिल्ली में निर्माण कार्य से जुड़े दिहाड़ी मजदूरों के लिए डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा की घोषणा को गुमराह करने कदम है। यह आरोप दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने लगाया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली में डीटीसी बसों की संख्या लगातार कम होने के बाजवूद पिछले 8 वर्षों के दौरान केजरीवाल सरकार ने डीटीसी बेड़े में एक भी बस नहीं जोड़ा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में मौजूदा डीटीसी बसों की चालन अवधि समाप्त होने के बाद भी चलाई जा रहीं हैं। जिसके कारण आए दिन आग लगने जैसी दुर्घनाऐं हो रही है। केजरीवाल सरकार पहले दिल्ली में बसों की भारी कमी को दूर करने के लिए व्यवस्था बनाएं, क्योंकि पिछले 3 कार्यकालों में केजरीवाल ने डीटीसी बसों की बढ़ोतरी के लिए खोखली घोषणा के अलावा कुछ नही किया है।


### जीबी पंत अस्पताल में इकट्ठा हुए कर्मचारी



**नई दिल्ली।** जी.बी.पंत पैरामेडिकल एंड टेक्निकल एंप्लाइज यूनियन और नेशनल पब्लिक हेल्थ एलाइंस द्वारा अस्पताल के सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के नर्सिंग यूनियन, ग्रुप सी, डी कर्मचारी यूनियन, कलावती कर्मचारी यूनियन, लोकनायक कैंटीन यूनियन वह अन्य यूनियन के सैकड़ों कर्मचारी साथियों ने हिस्सा लिया । सभा का संचालन भारत वीर द्वारा की गई जिसकी अध्यक्षता एन.पी.एच.ए के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार द्वारा की है। अध्यक्ष मंडल में नर्सिंग यूनियन से लीलाधर रामचंदानी, अस्पताल यूनियन के नरेश कुमार , सुरेंद्र सिंह चंदेलिया, बच्चु सिंह , विक्रम सिंह चंद्रपाल ने मंच संचालन किया।

# दिल्ली के 17,000 पार्कों का होगा पुनर्विकास

● गोपाल राय ने अधिकारियों संग की बैठक



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय राजधानी के करीब 17,000 पार्क के पुनर्विकास के लिए संबंधित विभागों तथा एजेंसियों के साथ बैठक करेंगे।

सरकार इस योजना के तहत पार्क और बगीचों को बनाने तथा उनके रख रखाव और गैर केन्द्रीकृत अपशिष्ट शोधन संयंत्रों के लिए निवासी कल्याण संघ तथा गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) को प्रति एकड़ 2.55 लाख रुपए देगी। एक अधिकारी ने बताया, ऐसे पार्क जिनका रखरखाव नहीं हो रहा है,उनकी पहचान करने के लिए सर्वेक्षण किया जा रहा है।

अब तक कम से कम 12,000 पार्क का सर्वेक्षण किया गया है। प्रायोगिक परियोजना के तौर पर सरकार ज्योति नगर, तीमारपुर, राजेन्द्र नगर और कालकाजी में आदर्श पार्क के तौर पर एक-एक पार्क का पुनर्विकास करेगी। राष्ट्रीय राजधानी में 16,828 पार्क हैं और सरकार उन्हें बिजली, सीसीटीवी कैमरे,शौचालय और पावर बैकअप जैसी सुविधाओं से लैस करना चाहती है। इन पार्क में शिशुओं और बच्चों के खेलने के लिए अलग-अलग स्थान, जिम, बैठने के लिए छायादार स्थान तथा टहलने और जॉगिंग करने के लिए भी स्थान होंगे।

# शाहीन बाग में अतिक्रमण विरोधी अभियान टला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) का शाहीन बाग इलाके के समीप कालिंदी कुंज-जामिया नगर में तथा श्रीनिवासपुरी में अतिक्रमण विरोधी अभियान पर्याप्त संख्या में पुलिसबल नहीं मिलने के कारण शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।




एसडीएमसी के अधिकारियों के अनुसार सड़कों और सरकारी जमीन से अस्थाई और स्थाई अतिक्रमण को हटाने के लिए बृहस्तपिवार को अभियान चलाने की योजना थी।

एसडीएमसी के मध्य जोन के अध्यक्ष राजपाल सिंह ने बताया, पर्याप्त पुलिस बल नहीं मिल पाने के कारण कालिंदी कुंज-जामिया नगर इलाके में गुरुवार को अभियान को स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने कहा, पुलिस ने हमें सूचित किया कि अभियान के लिए उचित संख्या में पुलिस बल नहीं मिल पाएगा।

# रेपिड रेल के खूबसूरत कोच तैयार, एनसीआरटीसी को कल मिलेंगे

## दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर: 160 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ने की क्षमता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मेरठ-गाजियाबाद-दिल्ली रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) कॉरिडोर का पहला ट्रेनसेट बनकर तैयार हो गया है। शनिवार को गुजरात के सावली में एक समारोह में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) को सौंपी जाएगी।

यह रेलगाड़ी मेक इन इंडिया के तहत सौ फीसदी गुजरात के सावली स्थित एल्टॉम (पहले बॉम्बार्डियर) कारखाने में निर्मित की जा रही है। एनसीआरटीसी देश का पहला आरआरटीएस स्थापित कर रहा है जो एक रेल-आधारित, उच्च गति, उच्च आवृत्ति क्षेत्रीय यात्री पारगमन प्रणाली है। पहली ट्रेन सराय काले खां-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर चलाई जाएगी।

एल्सटॉम एक फ्रांसीसी बहुराष्ट्रीय कंपनी है जिसने पिछले साल की शुरुआत में बॉम्बार्डियर ट्रांसपोर्टेशन का अधिग्रहण किया था। कनाडाई-जर्मन कंपनी बॉम्बार्डियर ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के लिए मेट्रो कार का निर्माण किया था। इस ट्रेन को 180 किलोमीटर प्रतिघंटे रफ्तार के लिए डिजाइन किया गया है। 160 किमी प्रति घंटे की ऑपरेशनल स्पीड और 100 किमी प्रति घंटे की ऐवरेज स्पीड के साथ ये ट्रेनें देश में अब तक की सबसे तेज ट्रेनें होंगी। ट्रेनों के आने के बाद इस साल के अंत तक साहिबाबाद-दुहाई के बीच परीक्षण शुरू होने की उम्मीद है। 17 किलोमीटर के प्राथमिकता वाले खंड को वर्ष 2023 तक और पूरे कॉरिडोर को वर्ष 2025 तक चालू करने का लक्ष्य रखा गया है।

### ट्रेन की विशेषताएं

इन अत्याधुनिक आरआरटीएस ट्रेनों में एर्गोनॉमिक रूप से डिजाइन की गई 2 गुणा 2 ट्रांसवर्स कुशन सीटिंग, खड़े होने के लिए चौड़े स्थान, लगेज रैक, सीसीटीवी कैमरे, लैपटॉप, मोबाइल चार्जिंग सुविधा, डायनेमिक रूट मैप, ऑटो कंट्रोल एम्बिएंट लाइटिंग सिस्टम, हीटिंग वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग सिस्टम समेत अन्य सुविधाएं होंगी। वातानुकूलित आरआरटीएस ट्रेनों में स्टैंडर्ड के साथ-साथ महिला यात्रियों के लिए आरक्षित एक कोच और प्रीमियम वर्ग (प्रति ट्रेन एक कोच) का कोच होगा। भारत के पहले आरआरटीएस कॉरिडोर का पहला ट्रेनसेट बनकर तैयार हो गया है और 7 मई 2022 को भारत सरकार के आवासन और शहरी मामलों के मंत्रालय के सचिवकी उपस्थिति में आयोजित होने वाले एक समारोह में, एनसीआरटीसी को सौंप दिया जाएगा। मेक इन इंडिया पहल के तहत, यह अत्याधुनिक आरआरटीएस ट्रेन 100 प्रतिशत भारत में, गुजरात मेंके सावली में स्थित एल्सटॉम के कारखाने में निर्मित किए जा रहे हैं।

एल्स्टॉम द्वारा ट्रेनों को एनसीआरटीसी को सौंपने के बाद, बड़े ट्रेलरों पर लाद कर इन ट्रेनों को दुहाई डिपो में लाया जाएगा जिसे गाजियाबाद में दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के लिए तीव्र गति से विकसित किया जा रहा है। इस डिपो में इन ट्रेनों के संचालन और रखरखाव की सभी सुविधाओं का निर्माण पूरा होने वाला है।

# प्राचीन विरासत को आधुनिक रूप देने की सार्थक पहल है मिशन अमृत सरोवर परियोजना

### गुरुग्राम जिले के पांच गांवों में शुरू की गई है यह परियोजना

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

**आजादी** के अमृत महोत्सव श्रृंखला में मिशन अमृत सरोवर के पहले चरण में गुरुग्राम जिला में 5 गांवों का चयन किया गया है। मिशन अमृत सरोवर के तहत जिला में स्थित प्राचीन विरासत के प्रतीक इन जोहड़ों को जल संरक्षण के लक्ष्यों की पूर्ति के साथ साथ ग्रामीणों के मनोरंजन स्थल के रूप में भी विकसित किया जाएगा। स्वयं में प्राचीन मान्यताओं को समेटे ये जोहड़ यह बताने में सक्षम है कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने में हमारी सभ्यता व जीवन पद्धति कितनी समृद्ध थी।

जिला के विभिन्न गांवों में स्थित इन जल ईकाइयों का इतिहास दिलचस्प होने के साथ साथ परम्परागत संरचना के विषय में ज्ञानवर्धन का प्रमुख साधन भी है। आइए जानते है अमृत सरोवर बनने वाली इन केंद्र बिंदुओं से जुड़ी रोचक कहानी को।

**संत की तपोभूमि रहा है गांव मऊ का अमृत सरोवर** : दशकों पूर्व गांव की आर्थिक उन्नति का आधार रहा यह सरोवर संत खरपड़ी दास की तपस्थली भी रहा है। ग्रामवासियों की मान्यताओं के अनुसार संत खरपड़ी दास कभी जोहड़ के तट पर तो कभी पानी के अंदर रहकर प्रभु भक्ति में लीन रहते थे। यह उनका तपोबल ही था कि उस समय अनेक साधु संत धर्म के विषय पर शास्त्रार्थ करने के लिए गांव में पधारते थे। गांव वालों का मानना है कि यह अमृत सरोवर धर्म और जीवन दोनों का मुख्य आधार रहा है। गांव में हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा अमृत सरोवर मिशन के तहत करीब दो एकड़ भूमि पर माडल पोंड के रूप में विकसित किया जाना हैं।

## गढ़ी वाजिदपुर के तालाब के पानी से होते थे कुंए रिचार्ज

**सोहना** विधानसभा के गांव गढ़ी वाजिदपुर में स्थित तालाब, गांव की पेयजल आपूर्ति के मुख्य स्रोत यानी पंचायती कुओं को रिचार्ज करने का प्रमुख माध्यम रहा है। गांव में प्रचलित मान्यता के अनुसार यह तालाब गांव के बसावट के समय ही अस्तित्व में आया था। करीब छह हजार आबादी वाले इस गांव में हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा अमृत सरोवर मिशन के तहत 1.80 एकड़ क्षेत्र में यह अमृत सरोवर बनकर तैयार होगा।

## कालियावास गांव के जोहड़ को दिया है आधुनिक रूप

**बादशाहपुर** विधानसभा के गांव कालियावास में करीब सात साल पहले अस्तित्व में आए जोहड़ को हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है। करीब एक एकड़ में बनकर तैयार होने वाले इस सरोवर के माध्यम से पंचायती भूमि पर पशुओं के लिए हरे चारे व खेती के लिए उपयोग में लिया जाएगा।

**चांदला डुंगरवास के जोहड़ का पानी होता था घर में उपयोग** : पटौदी विधानसभा क्षेत्र के गांव चांदला डुंगरवास में स्थित जोहड़ के पानी का पुराने समय में घरेलू कार्यों में भी इस्तेमाल लाने का चलन था। ग्रामीणों के अनुसार यह तालाब करीब 60-70 साल पुराना है। हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा अमृत सरोवर मिशन के तहत वर्तमान में एक एकड़ क्षेत्र में तालाब को पुनर्जीवित कर इसमें शुद्ध पानी एकत्रित करने, पशुओं के घाट बनाने, तालाब के चारों तरफ पेड़-पौधे लगाने, सैर करने के लिए पाथ आदि की व्यवस्था की जाएगी।

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल को नवीन गोयल ने दी जन्मदिन की बधाई

### पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा के प्रमुख नवीन गोयल ने लंबी उम्र की कामना

### स्कूली बच्चों को मुफ्त टेबलेट वितरण से प्रदेश की शिक्षा होगी मजबूत

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



मुख्यमंत्री मनोहर लाल को जन्मदिन की बधाई देते नवीन गोयल।

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल को पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने जन्मदिन की बधाई दी। बुके देकर उनका स्वागत करते हुए भगवान से उनकी लंबी उम्र की कामना की। मुख्यमंत्री ने भी उनकी पीठ थपथपाते हुए अभिवादन किया। नवीन गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा पिछले सात वर्षों से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। पूरे हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने समान विकास कराकर जनता में लोकप्रियता हासिल की है। अपनी बेदाग छवि के चलते मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ऐसी योजनाएं चलाई हैं, जिनक सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। नवीन गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री के जन्मदिवस के दिन हरियाणा के स्कूली बच्चों को मुफ्त टेबलेट वितरण की योजना की शुरुआत की गई है। इससे साफ है कि हरियाणा सरकार शिक्षा को तकनीकी रूप से मजबूत बनाना चाह रही है। बच्चों को शुरू से ही तकनीकी शिक्षा से जोड़कर उन्हें भविष्य के लिए बेहतरी से तैयार कर रही है।

चिकित्सा के क्षेत्र में आयुष्मान भारत योजना को लागू करके आम आदमी को काफी राहत दी गई है। अस्पतालों में भारी-भरकम बिलों से छुटकारा इस योजना के माध्यम से लोगों को मिल रहा है। गरीब बेटियों की शादी के लिए विवाह शगुन योजना, बुजुर्गों की पेंशन में हर साल बढ़ोतरी के अलावा किसानों के लिए भी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने हर वर्ग के लिए योजनाओं को लागू किया हुआ है, ताकि सभी को लाभ दिया जा सके। मुख्यमंत्री मनोहर लाल अपनी मनोहर सोच के साथ हरियाणा की धरती पर ऐतिहासिक कार्य कर रहे हैं।

## सड़क हादसे में हुई दंपति की दर्दनाक मौत

**मेवात।** पुनहाना जमालगढ़ मार्ग पर लुहिंगा कलां मोड़ के समीप सड़क हादसे में दंपति की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में ट्रोला ने बाइक को टक्कर मारी, जिससे मौके पर ही दोनों ने दम तोड़ दिया। ट्रोला को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है और चालक घटना के बाद फरार बताया जा रहा है।

सड़क हादसा सुबह करीब 8:30 बजे उस समय हुआ जब दंपति बाइक पर सवार होकर अपने गांव से अपनी किसी रिश्तेदारी में जा रहे थे। घटना होने के बाद पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अल आफिया सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा में भेज दिया है और पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मृतक हनीफ पुत्र महताब उम्र 65 साल निवासी थलचाना जुरहेड़ा राजस्थान, असगरी पत्नी हनीफ उम्र 60 करीब थलचाना राजस्थान से हरियाणा के भादस गांव अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक जमालगढ़ मार्ग पर लुहिंगाकलां मोड़ के समीप पहुंची तो सामने से आ रहे ट्रोला ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दंपत्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

# युवाओं को रोजगार की मांग पर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

### भारतीय किसान यूनियन कृषक शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहुंचे, पंचायत भी हुई



नोएडा के जेवर तहसील पर किसान पंचायत के दौरान तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते किसान नेता अमन ठाकुर ।

**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन कृषक शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमन ठाकुर के नेतृत्व में संगठन के सैंकड़ों पदाधिकारियों ने जेवर तहसील पर किसान पंचायत का आयोजन किया। इस दौरान स्थानीय युवाओं के रोजगार की मांग को लेकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम तहसीलदार जेवर को सौंपा।

इस मौके पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री बलभद्र राणा, प्रदेश प्रभारी हरीश छौंकर, मेरठ मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के युवा अध्यक्ष अक्षित शर्मा, अक्षय ठाकुर, प्रदेश सचिव अंसार उस्मानपुर, जितेंद्र चौधरी, राष्ट्रीय प्रवक्ता केपी सिंह, राष्ट्रीय सलाहकार रामभरोसे शर्मा, जेवर नगर अध्यक्ष फिरोज खान, मोनू सिंह, कालू भाटी, मनोज प्रधान, मनीष गढ़ी, देवेंद्र चौहान, मुकेश रौनीजा, ठाकुर पूरन सिंह, ऋषि पाल दयानतपुर, पवन भाटी, गौतम भाटी, समेत सैंकड़ों की तादाद में लोग उपस्थित रहे। अमन ठाकुर ने कहा कि जिला गौत्तमबुद्ध नगर में यमुना विकास प्राधिकरण व जेपी ग्रुप ने किसानों की जमीनों का अधिग्रहण किया हुआ है।

किसानों ने प्रदेश की खुशहाली के लिए अपनी जमीन दी है, लेकिन आज किसानों को जीवनयापन करना मुश्किल हो रहा है। यमुना विकास प्राधिकरण व जेवर एयरपोर्ट के लिए जिन किसानों की जमीनों का अधिग्रहण किया गया है, उनके परिवार से कम से कम एक युवा को सरकारी नौकरी दी जाए, ताकि यहां किसानों के परिवारों का लालन-पालन बेहतरी से किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि जिन कंपनियों ने जमीनों का अधिग्रहण किया है, वे कंपनियों स्थानीय युवाओं को रोजगार देना सुनिश्चित करें।

# संक्षिप्त समाचार

## पूजन कर मनाया भारत-तिब्बत सहयोग मंच का स्थापना दिवस



गुरुग्राम में भारत-तिब्बत सहयोग मंच के स्थापना दिवस पर शिव मंदिर में पूजा करते मंच के पदाधिकारी।

**गुरुग्राम।** भारत-तिब्बत सहयोग मंच का स्थापना दिवस गुरुवार को गुरुग्राम में भी मनाया गया। इस दौरान शिव मंदिरों में मंच के सदस्यों, पदाधिकारियों ने पूजन करके संकल्प लिया। मंच के हरियाणा प्रान्त अध्यक्ष अमित गोयल के अनुसार गुरुग्राम के अलावा हरियाणा के अन्य जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। अमित गोयल ने कहा कि भारत तिब्बत सहयोग मंच के संरक्षक इंद्रेशजी, राष्ट्रीय महामंत्री पंकज गोयल और राष्ट्रीय मन्त्री प्रमोद गोयल के मार्गदर्शन में मंच से जुड़े सदस्य लगातार काम कर रहे हैं। गुरुवार को स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिरों में भोले बाबा का पूजन करके शिव पुराण वितरित करने का ध्येय यही रहा कि हम सब भोले बाबा की स्तुति करके उनसे मानसरोवर की मुक्ति की प्रार्थना करें। इस दौरान निशांत अहलावत, युद्धिष्ठिर कौशिक, शारदा शर्मा, प्रतीक यादव, गिरीश सिंगला, नमन गोयल समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अमित गोयल ने कहा कि बीती 16-17 अप्रैल 2022 को लनखऊ में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में निर्णय हुआ था कि हरियाणा के सभी 22 जिलों में सक्रिय टीम तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि कैलाश मानसरोवर तक रास्ता जल्द बने, इसकी कामना भी भोले बाबा से की गई।

## बिजली-पानी के प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं की कमी खली

**सोहना।** शहर में पहली बार आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता द्वारा शहर में बिजली पानी की समस्या को लेकर किया गया विरोध प्रदर्शन चंद कार्यकर्ताओं में सिमटकर रह गया। विरोध प्रदर्शन में अधिक भीड़ न होने के कारण मुद्दा असफल रहा। गुरुवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा शहर में खराब बिजली सप्लाई व दूषित पानी की समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन किया, लेकिन इस विरोध प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं की कमी के कारण अधिक असर नहीं पड़ा और जनता के लिए उठाई गई आवाज में दम नजर नहीं आया। यह बात अलग है कि उन्होंने विरोध प्रदर्शन के सभी हथकंडों को अपनाते हुए एसडीएम को मुद्दे को लेकर ज्ञापन सौंपा। एसडीएम ने भी उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द दूर कराने का आश्वासन दिया है। वहीं जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि शहरी क्षेत्र में पेयजल दूषित की समस्या नहीं है। त्रिपत कॉलोनी में कनेक्शन में लिकेज होने के कारण दूषित पानी जा रहा था। उसे उपभोक्ता की शिकायत पर तुरन्त ठीक करा दिया गया।

## सेक्टर-9ए में 13 मई की मुख्यमंत्री की जनसभा स्थगित

**गुरुग्राम।** यहां सेक्टर-9ए में आगामी 13 मई 2022 को प्रस्तावित मुख्यमंत्री मनोहर लाल की गुरुग्राम की चारों विधानसभाओं की जनसभा स्थगित कर दी गई है। अगली तारीख तय होने के बाद जानकारी दी जाएगी। विधायक सुधीर सिंगला ने बताया कि गुरुग्राम, पटौदी, सोहना और बादशाहपुर विधानसभा में विकास परियोजनाओं को लेकर सेक्टर-9ए में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जनसभा तय की गई थी। इसकी तैयारियां भी की जा रही थी। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा पूरी हो चुकी परियोजनाओं का लोकार्पण, उद्घाटन करने के साथ नए कार्यों का शिलान्यास भी करना था।

# केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाएं सफल : विधायक




सोहना के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में छात्राओं को टैबलेट वितरण करते विधायक संजय सिंह।

**सोहना।** प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की ई-अधिगम योजना के तहत में आज 619 छात्राओं को टैबलेट वितरित किए। यह टेबलेट कई सॉफ्टवेयर व लर्निंग मैटेरियल से लैस हैं। गुरुवार को प्रदेश मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर राज्य में शुरू हुई ई-अधिगम योजना के तहत कक्षा 10 और 12वीं में पढ़ने वाली छात्राओं को टैबलेट वितरण किए।

ये कार्यक्रम शहर के राजकीय सीनियर सैकेंडरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में हुआ। जहां पर हल्का विधायक संजय सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक संजय सिंह ने राज्य सरकार द्वारा बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का सफल बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के स्तर को भारत के अन्य राज्यों से अव्वल बनाए हुए है। यह सब प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अच्छी सोच और दूरगामी योजना का लाभ आज देखा जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार कई कल्याणकारी योजनाओं को ला रही है। बेटियों के लिए दो किलोमीटर से अधिक दूरी पर पढ़ने जाने पर साईकिल वितरण की जा रही हैं। स्वास्थ्य के प्रति मिड डे मिल योजना के तहत पौष्टिक और गुणकारी भोजन विद्यार्थियों को दोपहर के लंच में दिया जा रहा है। स्कूल स्तर पर खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# निष्क्रिय जीवनशैली से महिलाओं में रोगों का खतरा

### मेडीबडी पर गायनेकोलॉजिकल कंसल्टेशन में 78 फीसद की वृद्धि देखी गई

### ज्यादातर कंसल्टेशन 19 से 30 साल की आयु की महिलाओं ने ली

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**कोविड** महामारी ने समाज के समक्ष कई चुनौतियां पेश की हैं। वायरस के प्रसार के साथ ही इससे बचने के लिए सोशल डिस्टेंसिंग जैसे कई कदम भी उठाए गए, जिससे आलसी जीवनशैली को बढ़ावा मिला। विशेषरूप से युवाओं में निष्क्रिय रहने की आदत बनी। इस कारण से युवाओं में कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां देखने को मिलीं, जिनमें गायनेलॉजिकल समस्याएं भी शामिल हैं।

भारत के सबसे बड़े डिजिटल हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म मेडीबडी पर प्रजनन संबंधी समस्याओं को लेकर कंसल्ट करने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ी है। हाल में युवा महिलाओं में गायनेकोलॉजिकल समस्याओं व बीमारियों को लेकर कंसल्टेशन 78 प्रतिशत तक ज्यादा देखी गई। इनमें 19 से 30 साल की महिलाएं ज्यादा रहीं। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 23 प्रतिशत महिलाओं ने अनियमित पीरियड्स और 20 प्रतिशत ने पीरियड नहीं आने को लेकर कंसल्ट किया। आंकड़ों में यह भी सामने आया कि पीसीओएस/पीसीओडी जैसी स्वास्थ्य समस्याओं में 18 प्रतिशत की वृद्धि और डिस्चार्ज फ्लो से जुड़ी समस्याओं में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जेनिटल स्किन इंफेक्शन, यूरिनरी इंफेक्शन और अन्य रीप्रोडक्टिव समस्याओं में भी वृद्धि देखी गई। उम्र के हिसाब से देखें तो सबसे ज्यादा कंसल्ट 19 से 30 साल की आयु की महिलाओं ने किया। उसके बाद 31 से 40 और 12 से 18 साल की महिलाओं व युवतियों ने कंसल्ट किया। हाल के वर्षों में महिलाओं में मासिक धर्म एवं जननांगों से जुड़ी समस्याएं बढ़ी हैं। अच्छी बात यह है कि महिलाओं में अब अपनी समस्याओं को लेकर जागरूकता बढ़ी है और उन्होंने डॉक्टर से कंसल्ट करना और इलाज लेना भी शुरू किया है।

मेडीबडी के सह संस्थापक एवं सीईओ सतीश कन्नन ने कहा, 'युवा महिलाओं में गायनेकोलॉजी संबंधी समस्याएं बढ़ना चिंता की बात है। यह जरूरी है कि इन समस्याओं को जल्द से जल्द दूर किया जाए और इन्हें बड़ा न बनने दिया जाए। हम महिलाओं से अपील करते हैं कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर ध्यान दें और डॉक्टर से कंसल्ट करें। बेहतर एवं स्वस्थ्य भविष्य के लिए जरूरी है कि सब अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें।'

मेडीबडी भारत में डिजिटल हेल्थकेयर के मामले में बदलाव को लेकर अग्रणी रही है और कोविड काल में 24 घंटे ऑनलाइन डॉक्टर कंसल्टेशन, दवाओं की होम डिलीवरी, घर बैठे कोविड जांच, कोविड टीकाकरण कैंप और होम आइसोलेशन सपोर्ट समेत अन्य सेवाओं के माध्यम से लाखों लोगों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा किया है। डिजिटल हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म ने टियर-2 एवं टियर 3 शहरों में मौजूदगी बढ़ाने के लिए हाल ही में अमिताभ बच्चन को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाने का एलान किया है। मेडीबडी का लक्ष्य बेहतर एवं स्वस्थ भविष्य के लिए हर भारतीय के घर तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है।

# इस बार गर्मी में सुपर वैल्यू डेज में कीजिए किराने के सामान पर बड़ी बचत

### 10 मई तक किराना व घरेलू सामान पर पाएं 50 फीसद तक की छूट

### आईसीआईसीआई, कोटक और आरबीएल बैंक के क्रेडिट कार्ड के उपयोग पर लें 10 फीसद की बचत

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**अमेजन** इस साल गर्मी में आपके लिए 10 मई तक चलने वाले सुपर वैल्यू डेज के साथ आपकी किराने की आवश्यक वस्तुओं पर बड़ी बचत लेकर आया है। इस सेल में आप किराना, घरेलू जरूरत के सामान, पैकेज्ड खाद्य पदार्थों, पर्सनल केयर और बच्चों एवं पालतू जानवरों की देखभाल से जुड़े उत्पादों पर 50त्न तक की छूट का आनंद ले सकते हैं। यहां 1 रुपये से शुरू होने वाली ग्रॉसरी डील्स मिलेंगी, वहीं साथ ही प्राइम मेंबर्स को मुफ्त डिलीवरी का लाभ मिलेगा।

ग्राहक एक ही जगह से ऑनलाइन और सुविधाजनक डिलीवरी विकल्पों के साथ दावत, फॉर्च्यून, आशीर्वाद, कैडबरी और नीविया सहित अन्य लोकप्रिय ब्रांडों की ओर से प्रस्तुत शानदार कीमतों और फ्रेश ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं। ग्राहक 10 मई 2022 तक आईसीआईसीआई बैंक, कोटक और आरबीएल बैंक के क्रेडिट/डेबिट कार्ड और ईएमआई का उपयोग करके अतिरिक्त 10 फीसद की बचत भी कर सकते हैं।

**भाग लेने वाले विक्रेताओं के कुछ सुपर सेवर आफर हैं** -

**दावत सुपर बासमती, 5 किग्रा**- दावत रोजाना सुपर मिड-प्राइस सेगमेंट में बेहतरीन बासमती चावल है। इसके एक-एक दाने को बहुत सावधानी से चुना जाता है और अच्छी तरह से पुराना किया जाता है। यह खास तौर पर रोजाना के व्यंजनों के बीच हर दिन पकाने के लिए विशेष रूप से प्रोसेस्ड किया जाता है। Amazon.in पर यह लगभग 575 रुपये में उपलब्ध है।

**आशीर्वाद मसाला कॉम्बो पैक** - आशीर्वाद मसाले के कॉम्बो पैक के साथ पारंपरिक खाने का स्वाद और रंगत बढ़ाएं। इस कॉम्बो पैक में मिर्च, हल्दी और धनिया पाउडर जैसी रसोई की सबसे आवश्यक चीजें शामिल हैं। Amazon.in पर यह लगभग 148 रुपये में उपलब्ध है।

**कैडबरी ओरियो ओरिजिनल चॉकलेटी सैंडविच** (वेनिला क्रीम) बिस्किट फैमिली पैक, 300 ग्राम - स्मूद वनीला कुकी के साथ ओरिजिनल ओरियो के साथ मिल्क क्रीम के क्लासिक स्वाद का आनंद लें। दूध के साथ सबसे पसंद किया जाने वाला बिस्किट ओरियो आपका स्वाद बढ़ा देगा। इस शानदार बिस्किट के स्वाद का आनंद लें, यह इस गर्मी के मौसम में निश्चित रूप से आपको लुभाएगा। Amazon.in पर यह लगभग 60 रुपये में उपलब्ध है।

**खाने पीने की चीजों की खरीदारी**- फॉर्च्यून राइस ब्रान हेल्थ ऑयल, स्वस्थ हृदय के लिए कुकिंग ऑयल, 5 लीटर जार-गर्मी के इस मौसम में, फॉर्च्यून राइस ब्रान हेल्थ ऑयल के साथ अपने दिल की देखभाल करें और बिना झिझके गर्मियों के अपने व्यंजनों जैसे फ्राइज, समोसे का आनंद लें। विटामिन ए/डी/ई आपकी प्रतिरक्षा को बढ़ाता है। । Amazon.in पर यह लगभग 1,150 रुपये में उपलब्ध है।

# पर्ल प्रिसिजन ने स्पर्श पर्ल के रूप में रीब्रांड किया

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**सेनेटरी** वेयर और बाथरूम एक्सेसरीज सेगमेंट में खुद को मार्केट लीडर के तौर पर और भी मजबूती से स्थापित करने के लिए पर्ल प्रिसिजन ने बड़े पैमाने पर रीब्रांडिंग शुरू की है। कंपनी ने एक नया कैंपेन शुरु किया है और इसे नाम दिया है:

**पर्ल प्रिसिजन प्रोडक्ट्स अब बन गया है स्पर्श पर्ल:** स्पर्श से आए पर्ल का एहसास! कंपनी ने इस कैंपेन के जरिए स्पर्श पर्ल के रूप में खुद को बाजार की अग्रणी कंपनी के तौर पर सफलतापूर्वक स्थापित किया है।

कंपनी फरीदाबाद शहर के सबसे बड़े डिस्ट्रीब्यूटर श्रीश्याम ट्रेडर्स के साथ आक्रामक तौर पर काम कर रही है। रीब्रांडिंग के ज़रिए कंपनी की कोशिश %स्पर्श पर्ल के हाई क्वालिटी वाले बाथरुम एक्सेसरीज और टैप कलेक्शन प्रोडक्ट्स के साथ देश भर में अपना विस्तार करना है। इस कैंपेन के जरिए कंपनी अपने विजन और कोर वैल्यू सिस्टम के साथ अपने ब्रांड की पहचान कायम करते हुए देश के सभी मार्केट में अपने हाई क्वालिटी उत्पाद पहुंचाना चाहती है। पर्ल प्रिसिजन एक पॉपुलर ब्रांड है, जो सिस्टर्न्स, सीट कवर्स, किचन सिंक्स, कैबिनेट्स, पीटीएमटी बाथ फिटिंग्स, बाथरुम एक्सेसरीज़ और सेनेटरी वेयर प्रोडक्ट्स बनाती है।


पर्ल प्रिसिजन के मैनेजिंग डायरेक्टर नरेश कुमार गर्ग ने कहा, पर्ल प्रिसिजन को स्पर्श पर्ल के रूप में रीब्रांड किया गया है और इसका मकसद बाजार में ब्रांड को और भी वाइब्रेंट लुक देते हुए और भी प्रभावपूर्ण तरह से ब्रांड और उसके प्रोडक्ट्स को ग्राहकों के बीच ले जाना है। रीब्रांडिंग के जरिए हम सेनेटरी वेयर और बाथरूम एक्सेसरीज सेगमेंट में अपनी बादशाहत कायम करने और उच्च ब्रांड रिकॉल बनाने के उद्देश्य को पूरा कर रहे हैं। हमारे रीब्रांडिंग कैंपेन की टैगलाइन है स्पर्श पर्ल: स्पर्श से आए ...पर्ल का एहसास! ये हमारी ब्रांड के संदेश को और भी प्रभावी तरीके से प्रसारित करता है। पर्ल प्रिसिजन पहले ही टियर- ङ्क-ङ्कङ्क शहरों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करवा चुकी है। रीब्रांडिंग के बाद स्पर्श पर्ल के जरिए कंपनी की कोशिश नए और उभरते हुए बाजारों में और भी मजबूती के साथ अपना विस्तार करना है। साथ ही कंपनी ने अपने एक नए लोगो का भी अनावरण किया है जो बेहद आधुनिक और आकर्षक है।

इतना ही नहीं कंपनी बाज़ार में एक नई टैगलाइन स्पर्श पर्ल: स्पर्श से आए..पर्ल का एहसास! के साथ उतरी है जो इसके अत्याधुनिक इम्युनिटी सेनेटरी वेयर और बाथरूम एक्सेसरीज की बेजोड़ रेंज का प्रतिनिधित्व करता है। स्पर्श पर्ल आने वाले महीनों में कई नए उत्पाद लॉन्च करने की प्रक्रिया में है।

पर्ल प्रिसिजन (अब स्पर्श पर्ल) के पास इन-हाउस टूल रूम है जो सभी आधुनिक मशीनरी जैसे सीएनसी, वायरकट, वीएमसी आदि से लैस है।

# परफेक्ट मैच तलाशने को पेश किया फ्री चैट फीचर

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



**भारत** के लीडिंग मैट्रिमोनियल प्लेटफॉर्म, जीवनसाथी डॉट कॉम ने भारतीय बाजार के लिए फ्री चैट फीचर लॉन्च करने की घोषणा की है। कैटेगरी-फर्स्ट फीचर लाखों भारतीयों को अपनी मैचिंग प्रोफाइल से तुरंत जुड़ने में सक्षम बनाएगा, जिससे उन्हें एक परफेक्ट पार्टनर खोजने में मदद मिलेगी। जीवन साथी का चयन एक बड़ा और महत्वपूर्ण निर्णय होता है।

हालांकि, परंपरागत रूप से सभी भारतीय ऑनलाइन मैट्रिमोनियल वेबसाइटों पर, किसी अन्य प्रोफाइल के साथ किसी भी प्रकार का संपर्क शुरू करने के लिए एक ग्राहक को सदस्यता खरीदने की आवश्यकता होती थी। इसलिए, उपयोगकर्ताओं को उनके आदर्श मैच को खोजने का उचित मौका प्रदान करने के लिए, जीवनसाथीडॉटकॉम ने यह नया युनिक फ़ीचर पेश किया है। अब, जीवनसाथीडॉटकॉम पर कोई भी उपयोगकर्ता किसी अन्य उपयोगकर्ता के साथ चैट शुरू कर सकता है, भले ही उनके पास पेड सदस्यता हो या नहीं। फ्री चैट फीचर बातचीत को आसान बनाने की अनुमति प्रदान करेगी, जिससे उपयोगकर्ता को मैच के साथ-साथ प्लेटफ ॉर्म फीचर्स की समझ हासिल करने की अनुमति मिलेगी। जीवनसाथी डॉट कॉम के बिज़नेस हेड रोहन माथुर ने नए फ़ीचर के लॉन्च पर कहा, 'महामारी के कारण, भारतीयों ने अपने जीवन साथी को खोजने के लिए डिजिटल माध्यम अपनाया क्योंकि इसने उन्हें बिना किसी डर के जुड़ने की अनुमति दी। अब जैसे-जैसे जीवन सामान्य पथ परआता जा रहा है, उपयोगकर्ता पहले से बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए ऑनलाइन मैट्रिमोनी प्लेटफॉर्म की ओर रुख कर रहे हैं। हमारे नए फ्री चैट फीचर के साथ, हम चाहते हैं कि भारतीय बिना किसी आशंका के स्वतंत्र रूप से बातचीत करें, जिससे अंततः बेहतर मैचमेकिंग अनुभव, अधिक सफल कहानियां और हमारे प्लेटफॉर्म पर उपयोगकर्ताओं का विश्वास बढ़ेगा।

# अमेजन.इन समर सेल में घरेलू उपकरणों पर पाएं सबसे बेहतरीन डील

### रेफ्रिजरेटर, एसी, वाशिंग मशीन और डिशवॉशर जैसे उत्पादों पर पाएं 45 फीसद तक की बड़ी बचत

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**गर्मी** जहां अपने चरम पर पहुंच रही है, वहीं ग्राहक तेजी से एसी और रेफ्रिजरेटर जैसे गर्मी से राहत देने वाले दूसरे उपकरणों की तलाश में चुके हैं। अमेज़न.इन की समर सेल में, ग्राहक 45त्न तक की छूट के साथ उपकरण खरीद सकते हैं।

यहां उन्हें सैमसंग, गोदरेज, एलजी, आईएफबी, व्हर्लपूल आदि जैसे बड़े ब्रांड की वॉशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर, डिशवॉशर आदि जैसे उत्पादों की विस्तृत रेंज की शॉपिंग का मौका मिलेगा। समर सेल के दौरान खरीदारी करने वाले ग्राहक यहां बड़ी संख्या में मौजूद किफायती फाइनेंस विकल्पों के साथ बड़ी बचत कर सकते हैं। यहां ग्राहकों को आईसीआईसीआई बैंक, कोटक, और आरबीएल क्रेडिट/डेबिट कार्ड, क्रेडिट/डेबिट ईएमआई ट्रांजेक्शन पर 10 फीसद इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट; डेबिट और क्रेडिट कार्ड और बजाज फिनसर्व पर नो-कॉस्ट ईएमआई, एक्सचेंज ऑफर, आकर्षक कैशबैक ऑफर आदि का लाभ मिलेगा। अमेजन.इन पर समर सेल के दौरान विक्रेताओं की ओर से पेश ऑफर और डील्स के साथ कुछ सबसे अधिक बिकने वाले उत्पाद यहां दिए गए हैं।

**सैमसंग 192 लीटर 4 स्टार इन्वर्टर डायरेक्ट कूल सिंगल डोर फ्रिज:** सैमसंग का यह रेफ्रिजरेटर दुनिया का पहला डायरेक्ट कूल रेफ्रिजरेटर है जो ताजा दही बनाता है और इसे सुरक्षित भी रखता है। यह न केवल सुविधाजनक है बल्कि विभिन्न मौसमों में दही बनाने की सभी मुश्किलों को हल भी करता है। इसके अलावा, यह डिजिटल इन्वर्टर टेक्नोलॉजी (डीआईटी), एक एंटी-बैक्टीरियल गैसकेट के साथ आता है। इसके साथ ही यह फ्रिज सौर ऊर्जा पर चलता है। अमेजन.इन पर इसे 19,906 रुपये की शुरुआती कीमत पर खरीदें।

**एलजी 190 लीटर 5 स्टार इन्वर्टर डायरेक्ट-कूल सिंगल डोर फ्रिज** घर लाइए एलजी का यह रेफ्रिजरेटर, जो कि स्मार्ट इन्वर्टर टेक्नोलॉजी के साथ आता है। इस रेफ्रिजरेटर को बेजोड़ प्रदर्शन, शानदार बचत, सुपर साइलेंट ऑपरेशन और स्टेबलाइजर फ्री ऑपरेशन देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसके अलावा, यह बिजली की खपत कम करने के लिए अपनी श्रेणी की सर्वश्रेष्ठ एनर्जी स्टार रेटिंग के साथ आता है। आलू और प्याज जैसे खाद्य पदार्थों जिनके लिए रेफ्रिजरेटर की जरूरत नहीं होती, उन्हें अतिरिक्त स्थान देने के लिए इस फ्रिज में दराज के साथ बेस स्टैंड भी दिया गया है। अमेजन.इनपर इस फ्रिज को 16,990 रुपये की शुरुआती कीमत के साथ खरीदिए।

# स्कूली बच्चों को टैब तो दे रहे हैं पर इलाज नहीं

कविता। फरीदाबाद

**सरकारी** स्कूलों में बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए मॉडल संस्कृति स्कूल खोले हैं, वहीं सरकार ने बच्चों को ई-अधिगम कार्यक्रम के तहत टैबलेट वितरित किए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में आज की योजना युग की क्रांति, तख्ती की जगह टैबलेट ने ले ली। लेकिन इस आयुनिक युग में सरकारी स्कूल आज भी पिछड़े हुए है।

स्कूली बच्चों के बीच झगड़ा हो जाए, किसी को चोट लगे, तो वह इलाज करवाने के बजाए बच्चे को

## सरकारी स्कूल में चोट लगने पर टीचर ने बच्ची को घर भेजा

अन्य विद्यार्थियों के संग घर भेजकर अपना कर्तव्य पूरा कर रहे हैं। बच्चों के इलाज का कोई प्रबंध नहीं है। ऐसा ही अंखीर के सरकारी स्कूल में एक बच्ची के साथ हुआ। बच्ची का पैर टूटने पर अध्यापकों ने घर भेजकर अपना पल्ला झाड़ लिया।

**ये है पूरा मामला :** सात वर्षीय बच्ची अंखीर के सरकारी स्कूल में पहली कक्षा में पढ़ती है। बुधवार


रश्मी की टांग में हुए फैक्चर की जांच करते डॉ. विपिन।

को कुछ बच्चे उसे परेशान करने लगे। जिसका विरोध करने पर एक बच्चा उसके पैर पर चढ़ गया। जिससे बच्ची की पूरा पैर मुड़ गया। बच्ची के रोने पर स्कूल की टीचर ने एक बच्चे के माध्यम से बच्ची को घर भेज दिया। बच्ची घर पहुंची तो उसकी हालत देखकर उसकी मां ने उसके पिता को फोन कर दिया। ड्यूटी से वापस लौटे पिता ऑटो के जरिये बच्ची को सिविल अस्पताल में लेकर पहुंचे।

जहां अपातकालीन कक्ष में ड्यूटी पर मौजूद डॉ. विपिन ने बच्ची की जांच की तो उसके पैर में फैक्चर के संदेह पर एक्स-रे करवाने की सलाह दी। वहीं बच्ची के पैर में इतना दर्द था कि बच्ची ने चिकित्सक के हाथ लगाने पर ही चिखना और रोना शुरू कर दिया।

**पिता का आरोप :** बच्ची के पिता का आरोप है कि टीचर ने एक बच्चे के हाथों घर भेज दिया। जबकि न तो टीचर ने उन्हें सूचना दी और न ही किसी डॉक्टर से बच्ची की जांच करवाई। ऐसे में बच्ची के इलाज में देरी हो गई है। घटना के एक घंटे बाद बच्ची का इलाज शुरू हुआ है। ऐसे में बच्ची के पैर को कुछ हो गया तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। उन्होंने कहा कि सरकार बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा तो दे रही है, लेकिन बेटियों को स्कूल में इलाज की सुविधाएं भी मुहैया करवा दें। ताकि समय पर इलाज मिल सके।

# साइबर क्राइम की 262 वारदातों को अंजाम देने वाले गैंग का भंडाफोड़

## पांच आरोपियों से दो मोबाइल और 11750 रुपये किए बरामद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा साइबर अपराधों में कार्रवाई करके आरोपियों की जल्द से जल्द धरपकड़ करने के दिशा-निर्देश के तहत कार्य करते हुए साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बसंत की टीम ने साइबर क्राइम गैंग का भंडाफोड़ करने में बड़ी कामयाबी हासिल की है। साइबर थाना की टीम ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में धर्मेंद्र, विकास उर्फ विकी, सचिन, मनीष तथा मैक्स उर्फ बिल्लू का नाम शामिल है। आरोपी विकास यूपी के मुजफ्फरनगर, आरोपी धर्मेंद्र दिल्ली के त्रिलोकपुरी तथा आरोपी सचिन, मनीष तथा बिल्लू गुरुग्राम के रहने वाले हैं। आरोपी धर्मेंद्र तथा विकास साइबर क्राइम की वारदातों के मुख्य आरोपी हैं तथा आरोपी सचिन का बैंक खाता धोखाधड़ी की इन वारदातों में प्रयोग



लोगों के साथ धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार युवकों के साथ साइबर थाना के पुलिस के जवान।

किया जाता था वहीं आरोपी मनीष तथा आरोपी बिल्लू आरोपी सचिन और धर्मेंद्र के बीच की कड़ी थी जो सचिन से बैंक एटीएम लेकर धर्मेंद्र तथा विकास को उपलब्ध करवाता था जो धोखाधड़ी से प्राप्त हुई रकम को निकलवा लेते थे।

आरोपियों द्वारा फरीदाबाद के आदर्श नगर के रहने वाले सत्य प्रकाश से साइबर फ्रॉड की वारदात को अंजाम देते हुए 215949 रुपये हड़प लिए थे। पीड़ित की शिकायत के आधार पर 26 दिसंबर 2021 को धोखाधड़ी तथा षड्यंत्र इत्यादि धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई।

पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बसंत के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया। कड़ी मशक्कत और तकनीकी की सहायता से साइबर थाना की टीम ने इस मामले में शामिल आरोपी सचिन, मनीष तथा बिल्लू को 20 अप्रैल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश करके 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। जिसमें आरोपियों ने अपने साथी धर्मेंद्र तथा विकास के बारे में पुलिस को जानकारी दी। उक्त आरोपियों की जानकारी के आधार पर दिनांक 22 अप्रैल को आरोपी धर्मेंद्र तथा विकास को भी गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों को अदालत में पेश करके 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया जिसमें आरोपियों ने फरीदाबाद निवासी के साथ की गई धोखाधड़ी की वारदात के बारे में पुलिस को जानकारी दी।

मुख्य आरोपी धर्मेंद्र एक इंश्योरेंस करवाने वाली कॉल सेंटर कंपनी में नौकरी करता था। उसके पास इंश्योरेंस कंपनियों के ग्राहकों की जानकारी थी। साइबर थाना की टीम ने आरोपियों के कब्जे से प्राप्त मोबाइल फोन के माध्यम से जब जानकारी निकलवाई तब पता चला कि इन मोबाइल नंबर के माध्यम से देश में 262 साइबर क्राइम की वारदातों को अंजाम दिया जा चुका है। जिसमें सबसे अधिक उत्तर प्रदेश के 91 तथा दिल्ली के 30 मामले शामिल है। पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपियों को अदालत में दोबारा पेश करके जेल भेज दिया गया है। साइबर थाना की टीम द्वारा इस मामले में बड़ी कामयाबी हासिल की गई है जो भविष्य में भी इसी प्रकार साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसने में लगातार प्रयासरत रहेगी।

# सीएम ने की शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल : नागर


सेक्टर-3 के माडल संस्कृति स्कूल में टेबलेट वितरण समारोह में छात्राओं के साथ तिगांव के विधायक राजेश नागर कैबिनेट मंत्री के भाई टिपर चंद शर्मा, बड़खल के एसडीएम पंकज सेतिया और अन्य।

**बल्लभगढ़।** तिगांव के विधायक राजेश नागर ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल की शुरुआत की है। हरियाणा सरकार की ई-अधिगम योजना देश में सर्वोत्तम शिक्षा प्रणाली स्कूली विद्यार्थियों को देने का काम किया है। हिंदुस्तान की सर्वोतम ई-अधिगम योजना क्रियान्वित कर अनूठी एवं अनुकरणीय पहल की शुरुआत की है।

विधायक राजेश नागर ने स्थानीय सेक्टर-3 के मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बल्लभगढ़ खंड के 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को टैब वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। विधायक राजेश नागर ने कहा कि सबसे पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल को उनके जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं और हार्दिक दिल से बधाइयां देता हूं कि उनके जन्म के मौके पर स्कूली विद्यार्थियों को डिजिटल इंडिया के सही क्रियान्वयन के लिए आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में ई-अधिगम योजना के तहत टैब वितरण कार्यक्रम किया गया है। पिछले 2 वर्षों से पूरी दुनिया में 100 साल के बाद एक भयानक कोविड-19 बीमारी आई है। जिससे 2 साल तक स्कूल बंद रहे। विद्यार्थियों की ऑनलाइन पढ़ाई हुई थी। गरीब परिवारों के विद्यार्थी ऑनलाइन पढ़ाई नहीं कर पाए। इसके लिए सरकार ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में यह निर्णय लिया है कि अब सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले सभी 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को टैबलेट दिए जाएंगे। ताकि वह अपनी पढ़ाई ऑनलाइन तरीके से बेहतर कर सके।

# वीकेंड ट्रिप के लिए मिला एक नया डेस्टिनेशन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हम** में से ज्यादातर लोग अपनी रोजमर्रा की जिंदगी से निकल कर कुछ पल सुकून से बिताने के लिए पहाड़ों का रुख करते हैं। अधिकांश लोग किसी ऐसी जगह पर छुट्टियां मनाना पसंद करते हैं, जहां बहुत कम लोग गए हो और वह जगह भीड़भाड़ से दूर हो। ऐसा ही एक अन-एक्सप्लोरड हिल स्टेशन है उत्तराखंड में लैंसडाउन के पास चारेख। यह समुद्र तल से 5330 फीट और दिल्ली से केवल 225 किमी की दूरी पर है, जो दिल्ली वासियों के लिए एक क्विक वीकेंड ट्रिप के लिए निकटतम हिल स्टेशन है। दिल्ली से सिर्फ 5 घंटे में चारेख पहुंच सकते हैं। चारेख फूड एंड फॉरेस्ट रिसॉर्ट, पर्यटकों का चारेख की खूबसूरत दुनिया में स्वागत करता है।

करीब 5 एकड़ क्षेत्र में फैला यह रिसोर्ट पौड़ी गढ़वाल क्षेत्र में स्थित है। चारेख रिजॉर्ट के संस्थापक, नवीन के अनुसार, चारेख एक अन-एक्सप्लोरड हिल स्टेशन है, खासकर दिल्ली के पर्यटकों के लिए। लैंसडाउन के बहुत ही करीब, चारेख एक ऐसी जगह है, जो पर्यटकों को हिल स्टेशन की प्राकृतिक सुंदरता से मोह लेता है। यहां किसी तरह का प्रदूषण नहीं है, कोई ट्रैफिक नहीं है, यहां आकर कोई भी पर्यटक खुद को प्रकृति के स्वर्ग में महसूस करता है। चारेख रिजॉर्ट में, आप बेहद खूबसूरत सूर्योदय और सूर्यास्त का अनुभव कर सकते हैं। रिसॉर्ट में हजारों फूल और सिल्वर ओक के पेड़ हैं जो रिसॉर्ट को और भी सुंदर बना देते हैं। नवीन आगे बताते हैं,रिसॉर्ट में उपलब्ध नैचुरली मेडिकेटेड मिनरल पानी के अलावा पर्यटक यहाँ पर लगभग 200 से अधिक पक्षियों के चहचहाने की आवाज का अनुभव कर सकते हैं,जो नियमित रूप से



रिसॉर्ट में आते हैं। 50 लोगों के अकोमोडेशन के साथ ही, रिसॉर्ट में ठहरने के लिए दो तरह के कमरे हैं। एक-बेसिक कमरा जो आरामदायक और काफी बड़ा है। वही अपने परिवार के साथ अकेले में वक्त गुजारने के लिए स्विस कॉटेज भी उपलब्ध है। रिजॉर्ट एडवेंचर और नेचर लवर्स, के लिए मनोरंजन पैकेज देता है, जिसमें ट्रेकिंग, घुड़सवारी, आउटडोर और इनडोर गेम, बर्ड वॉचिंग, प्रकृति की सैर और अपने कस्टमर्स को एक फन स्टे उपलब्ध कराना शामिल है। फिटनेस के प्रति जागरूक लोगों के लिए योग और मैडिटेशन की सुविधा भी उपलब्ध है। 20 किमी के दायरे में पर्यटक आस-पास के पर्यटन स्थल भी घूम सकते हैं। पर्यटक राजाजी राष्ट्रीय उद्यान देख सकते हैं, जो कि चारेख से सिर्फ 20 किमी दूर है, और पर्यटक 12 किमी तक फॉरेस्ट ड्राइव का लुत्फ़ उठा सकते हैं और यदि वे भाग्यशाली रहे तो उन्हें यहां हाथी, हिरण, तेंदुए, खरगोश या बाघ की झलक भी मिल सकती है। यात्रा को और अधिक रोचक और रोमांचक बनाने के लिए, ऋषि चरख के डांडा और सिधबली मंदिर की यात्रा अवश्य करें। रिसॉर्ट के पास अन्य पर्यटन स्थलों में तारकेश्वर धाम, जिम कॉर्बेट, लैंसडाउन, शून्य शिखर आश्रम और गुमखाल, द्वारिखाल है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए सौर ऊर्जा प्लांट किया स्थापित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पूर्व** मंत्री और वर्तमान सांसद डॉ. महेश शर्मा ने गौतम बुद्ध नगर स्थित जेवर में बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 10 केडब्ल्यू की सौर ऊर्जा इकाई का उद्घाटन किया। वोल्वो कार इंडिया द्वारा स्थापित यह इकाई वर्तमान जरूरतों को पूरा करने के लिए बिजली उपलब्ध कराएगी और सुनिश्चित करेगी कि बिजली गुल होने की असंभव स्थिति में भी सामुदायिक केंद्र सामान्य रूप से कार्य करता रहे। यह वोल्वो कार का ऐसा पहला उपक्रम है तथा भारत में इस तरह के कई और प्लांट स्थापित किए जाएंगे।

वोल्वो कार्स इंडिया के प्रबंध निदेशक ज्योति मल्होत्रा ने बताया कि वोल्वो सस्टेनेबिलिटी के लिए प्रतिबद्ध है। जेवर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सौर ऊर्जा उपलब्ध कराने वाली यह पहल इसी लक्ष्य को पूरा करती है। स्वास्थ्य केंद्र न केवल नवीकरणीय स्रोतों से बिजली हासिल करता है, बल्कि यह सरप्लस बिजली को ग्रिड में भी फीड करता है, जिससे




इसकी बिजली खपत के बिल कम हो जाते हैं। इस स्वास्थ्य केंद्र की सेवाएं प्राप्त करने वाले एक लाख से ज्यादा लोगों का विशाल समुदाय इस पहल से लाभान्वित होगा। इस तरह का यह हमारा पहला उपक्रम है और हम पूरे भारत के स्वास्थ्य केंद्रों में ऐसे प्लांट लगाने की योजना बना रहे हैं।

इस सौर ऊर्जा प्लांट का उद्घाटन करते हुए संसद सदस्य महेश शर्मा ने कहा, स्वास्थ्य और नवीकरणीय ऊर्जा हमारी सरकार के केंद्र बिंदु हैं। मुझे खुशी है कि वोल्वो कार की यह पहल इन उद्देश्यों के अनुरूप है। यह स्वास्थ्य केंद्र 100 से ज्यादा गांवों की सेवा कर रहा है और एक लाख से ज्यादा लोग इसकी सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए पावर बैक अप की लंबे समय से जरूरत महसूस की जा रही थी। मुझे खुशी है कि इस जरूरत को सस्टेनेबल और नवीकरणीय साधनों से पूरा किया गया है।

एसोचैम के सेक्रेटरी जनरल दीपक सूद ने बताया, एसोचैम भारतीय इंडस्ट्री को समुदायों तक उसकी पहुंच बनाने के लिए भागीदार बनाता है ताकि लोग अपने जीवन की गुणवत्ता सुधारने में प्रौद्योगिकी से लाभ उठा सकें।

# सांसद खेल महोत्सव के लिए 15 से रजिस्ट्रेशन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**उपायुक्त** जितेंद्र यादव ने बताया कि फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव 20, 21 व 22 मई को आयोजित किया जाएगा। सांसद खेल महोत्सव प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स के लिए एमसीएफ के संयुक्त आयुक्त अनिल यादव को नोडल अधिकारी और उद्योगिक संगठन सुरपुर के प्रधान जितेन्द्र शाह को सहयोगी लगाया गया है।

बैडमिंटन के लिए हुड्डा के एस्टेट आफिसर अमित कुमार को नोडल अधिकारी और मानव रचना विश्वविद्यालय के अमित भल्ला को सहयोगी लगाया गया है। वालीवाल के लिए एसडीएम बडखल पंकज सेतिया को नोडल अधिकारी और एफआईए के प्रधान बीआर भाटिया


उपायुक्त जितेन्द्र यादव सांसद खेल महोत्सव को बैठक को सम्बोधित करते हुए

को सहयोगी लगाया गया है। बास्केटबाल के लिए एमसीएफ के सयुक्त आयुक्त डॉ नरेश कुमार को नोडल अधिकारी एफआईए के प्रधान बीआर भाटिया को सहयोगी लगाया गया है। सर्किल कबड्डी के लिए एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद को नोडल अधिकारी एमएसएमई के अध्यक्ष राजीव चावला को सहयोगी लगाया गया है। खो-खो के लिए ओएसडी फरीदाबाद आयुक्त जितेन्द्र कुमार को नोडल अधिकारी एफआईएमटीआईए के प्रधान कृष्ण कौशिक को सहयोगी लगाया गया है।

# प्रदूषण नियंत्रण उपकरण के खतरे से अंजान हैं लोग

विवेक सिंह। बल्लभगढ़

**शहर** में लोग बस स्टैंड के नजदीक फ़ुटपाथ पर लगे वायु (विंड ऑग्मेंटेशन प्यूरिफाइंग यूनिट) नामक प्रदूषण नियंत्रित उपकरण से फैलने वाले खतरे से अंजान हैं। लोग इस डिवाईस के निकट ही फल, फूल, कॉस्टमैटिक्स की दुकानें लगा रहे हैं। डिवाइस पर खतरे का संकेतक लगे होने के बावजूद विक्रेता इस ओर ध्यान ही नहीं दे रहे है। नाहीं निगम की ओर से इन्हें हटाने की कोई कोशिश की गई है। यहीं वजह है कि लोग जागरूकता के अभाव में खतरे के बीच दुकान चला रहे हैं और बीमारियों को गले लगा रहे हैं।

बल्लभगढ़ में बस स्टैंड समेत मुख्य मार्गों के नज़दीक लगे फुटपाथों पर यह उपकरण 500 स्कावायर मीटर क्षेत्र का प्रदूषण घटाने के लिए जगह-जगह लगे हुए हैं। इसे यह उपकरण एमसीएफ के जरिये यहां लगाए गए है। इन उपकरणों पर साफ शब्दों में खतरे का निशान लगा हुआ है। लेकिन खतरे से अंजान कुछ विक्रेता इनके निकट ही अपनी दुकाने लगाकर सामान बेच रहे हैं। सूत्रों की माने तो जब से यह प्रदूषण नियंत्रित उपकरण लगाए गए हैं तब से निगम का कोई अधिकारी इनकी सुध लेने नहीं आया।

यहीं वजह है कि जागरुकता के अभाव में लोगों ने डिवाइस से सटा कर फुटपाथ पर ही दुकान लगा ली है। लोगों की ध्यान ना देने की यही प्रवृत्ति किसी गंभीर हादसे को न्योता दे सकती है। शहर में फैली अव्यवस्था को देखकर लगता है जैसे निगम ने शायद ही कभी अपने द्वारा किए किसी काम का निरीक्षण किया होगा। यही वजह है कि निगम के


वायु उपकरण डिवाइस से सटा कर लगी दुकान।

होने से शहरवासियों को कोई खास लाभ नहीं मिल रहा। अगर समय रहते निगम ने कार्रवाई नहीं की तो 'वायु' नामक उपकरण से लोगों को होने वाले खतरे की गुंजाइश बनी रहेगी। अगर निगम की नींद जल्दी नहीं टूटी तो शहर की विकासशील से विकसित बनने की यात्रा और लंबी होती चली जाएगी। इस पर जब हमने उपकरण से होने वाले खतरे के बारे में फूल विक्रेता से पूछा तो उसने किसी खतरे के बारे में कोई जानकारी नही होने की बात कही। साथ ही अन्य युवक का कहना था कि निगम को जागरुकता अभियान चलाना चाहिए।

# महाकवि सूरदास जयंती समारोह आज

**फरीदाबाद।** महाकवि संत सूरदास की 544वीं जयंती के अवसर पर हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा मेगपाई टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स फरीदाबाद में शुक्रवार 06 मई को एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

हरियाणा साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ चंद्र त्रिखा ने बताया की इस अवसर पर नरेंद्र गुप्ता विधायक फरीदाबाद मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत करेंगे। पंकज सेतिया एसडीएम बडखल और महाकवि संत सूरदास स्मारक ट्रस्ट के अध्यक्ष जयदेव शर्मा इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि होंगे। केंद्रीय साहित्य अकादमी नई दिल्ली के उपाध्यक्ष प्रसिद्ध साहित्यकार माधव कौशिक कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। जयंती समारोह का शुभारंभ प्रात 10 बजे सीही सेक्टर-8 स्थित महाकवि संत सूरदास स्मारक ट्रस्ट के परिसर में महाकवि सूरदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण से विधायक नरेंद्र गुप्ता करेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## रितिका यादव ने स्वर्ण पदक किया अपने नाम


अग्रवाल कॉलेज में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में मेडल लेकर आई टीम का स्वागत करते कॉलेज के प्रिंसीपल कृष्णकांत गुप्ता और स्टाफ।

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में खुशी का माहौल रहा। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता जोकि 24 अप्रैल 2022 से 3 मई 2022 तक बेंगलुरु के जैन विश्वविद्यालय में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में देश भर से अनेक विश्वविद्यालयों की टीमों ने प्रतिभागिता दर्ज की। इस महाकुंभ में देश भर से लगभग 4000 खिलाड़ियों ने अपना दमदार प्रदर्शन दिखाया। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की टीम का प्रतिनिधित्व करती हुई अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की आर्चरी (तीरंदाजी) की खिलाड़ी रितिका यादव ने टीम वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया, वहीं पुरुष टीम वर्ग में विकास, विकास डागर व तरुण दीक्षित ने भी अग्रवाल महाविद्यालय का नाम रोशन करते हुए रजत पदक पर कब्जा किया। आर्चरी के साथ-साथ शूटिंग प्रतियोगिता में भी महाविद्यालय के 10 मीटर एयर पिस्टल महिला टीम वर्ग में महाविद्यालय की छात्रा का शिखा नरवाल, आरजू व साक्षी ने रजत पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया और अनमोल जैन ने 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। सभी खिलाड़ियों की शानदार जीत पर अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष श्री देवेंद्र गुप्ता, अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता तथा महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने सभी विजेता खिलाड़ियों को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। कमल टंडन, खेल संयोजक डॉ. के.एल. कौशिक, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. गीता गुप्ता, डॉ. सारिका, डॉ. रेखा सैन, डॉ. इनायत चौधरी, मनमोहन सिंगला, संतोष गुप्ता व शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता डॉ. जगबीर सिंह, मोहित हुड्डा व कोच हरकेश, दीपक, अंजु रानी व महाविद्यालय के अन्य प्रवक्ता गण उपस्थित रहे।

## एक मात्र जीवित स्वतंत्रता सेनानी को किया सम्मानित

**फरीदाबाद।** डीसी जितेन्द्र यादव और एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद ने गत सायं गांव मच्छगर में जिला के एक मात्र जीवित स्वतंत्रता सेनानी चौधरी जगराम सिंह से उनके घर जाकर मिलकर उनकी और उनके परिवार जनों हालचाल जान कर उनकी कुशल मंगल की जानकारी ली। डीसी जितेन्द्र यादव और एसडीएम त्रिलोक चंद ने गांव में 103 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी जगराम सिंह और 95 वर्षीय उनकी पत्नी बोहती देवी को सरकार की तरफ से शाल भेंट कर सम्मानित भी किया गया। आपको बता दें कि आजादी अमृत महोत्सव की श्रंखला में केंद्र व प्रदेश सरकार स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनके आश्रितों के कल्याण के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से स्वतंत्रता सेनानियों की तीसरी पीढ़ी तक को भी उच्च शिक्षा के लिए स्टाइफण्ड दिया जाता है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत सरकार की ओर से एक हजार रुपये प्रति माह स्कॉलरशिप तथा किताबों की खरीद के लिए दो हजार रुपये प्रति वर्ष अनुदान दिया जाता है।

## सरकार ने स्कूली विद्यार्थियों से हटाया गरीबी का कलंक

**फरीदाबाद।** बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा ने एनआईटी-पांच स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में स्कूली विद्यार्थियों व टीजीटी अध्यापकों को टेबलेट वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि आज का कार्यक्रम हमारे शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुर्जर के माध्यम से रखा गया है। इस विशेष दिन के लिए मैं उनका तहे दिल से धन्यवाद करना चाहती हूं कि बच्चे अपनी डिक्शनरी से गरीबी शब्द मिटा सकेंगे। हमें हमारे मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री की सोच को लेकर आगे बढ़ना है। हरियाणा में आज 3 लाख से अधिक टेबलेट वितरित किये जायेंगे। यह डिजिटल इंडिया को आगे बढाने में एक बहुत ही कारगार कदम है।

## गर्मियों में हृदय रोगी रखें ब्लड प्रेशर का ध्यान

**फरीदाबाद।** गर्मी में हृदय रोगियों को ब्लड प्रेशर नियंत्रण में रखना बेहद जरूरी है। इसके लिए अपनी दवाइयां समय पर लें, कोई भी दिक्कत होने पर अपने डॉक्टर से संपर्क जरूर करें। जिससे हार्ट अटैक जैसी गंभीर अवस्था से बचा जा सके। यह कहना है ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ व कैथलेब डायरेक्टर डॉ. उमेश कोहली का। मरीजों को जागरूक करते है डॉ. उमेश कोहली ने बताया कि इंसान का शरीर


डॉ. उमेश कोहली।

37 डिग्री सेल्सियस तापमान को बनाए रखता है। तापमान के थोड़ा भी बढ़ने पर पसीना पैदा कर और रक्त वाहिकाओं को डाइलेट कर यानी फैलाकर शरीर खुद को ठंडा करने की कोशिश करता है। लेकिन जब ऐसा नहीं हो पाता और रक्त वाहिका के आकार के बड़े हो जाने के कारण दिल की धड़कन तेज और ब्लड प्रेशर कम हो जाता है। इससे हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि दिल का दौरा पड़ने की संभावना तब और बढ़ जाती है जब कुछ दिनों तक लगातार तेज धूप और गर्मी होती है। इसका कारण यह है कि शरीर के मेटाबॉलिज्म को 37 डिग्री सेल्सियस (98.6 डिग्री फारेनहाइट) के अपने सामान्य तापमान को बनाए रखने के लिए कठिन मेहनत करनी पड़ती है, जिससे दिल पर दबाव पड़ता है।

## रेस्ट हाउस में महिला एवं पुरूष शौचालयों का उद्घाटन

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिन के उपलक्ष में गुरुवार को फरीदाबाद के जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव एवं नगर निगम आयुक्त यशपाल यादव ने बल्लभगढ़ सिविल रेस्ट हाउस में नगर निगम द्वारा स्थापित महिला एवं पुरुष शौचालयों का उद्घाटन किया। जिसमें फरीदाबाद नगर निगम के एएमसी इंद्रजीत सिंह कुलारियां व संयुक्त आयुक्त अनिल यादव भी शमिल थे। जिला उपायुक्त ने बताया कि जिन चार शौचालयों का उद्घाटन किया जा रहा है वे सभी शौचालय M/S Kimberly Clark Professionals Company द्वारा सीएसआर के तहत सपोंसर किये गये है तथा दाता राम ट्रस्ट द्वारा इन शौचालयों के रखरखाव करने का आश्वासन दिया है। इसके साथ-साथ उपायुक्त ने यह भी कहा कि यह नगर निगम का एक सराहनीय कदम है। इस अवसर पर निगमायुक्त ने यह बताया कि नगर निगम द्वारा जल्द ही फरीदाबाद के बाजारों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए कार्यवाही की जायेगी। जिसके लिए अतिक्रमण कर्ताओ के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही व भारी भरकम राशि के चलान भी किये जायेगें और जिन व्यक्तियों ने सरकारी जमीनो पर कब्जा कर रखा है उनसे उस क्षेत्र के कलेक्ट्रेट के अनुसार पिछले तीन साल का किराया वसूल किया जायेगा।

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर प्रतियोगिता हुई आयोजित

**फरीदाबाद।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी तीन फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि प्रथम प्रेस आयोग ने भारत में प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा एवं पत्रकारिता में उच्च आदर्श कायम करने के उद्देश्य से एक प्रेस परिषद की कल्पना की थी। परिणाम स्वरूप चार जुलाई 1966 को भारत में प्रेस परिषद की स्थापना की गई जिसने 16 नंवबर 1966 से अपना विधिवत कार्य शुरू किया। पत्रकारिता का क्षेत्र व्यापक हो गया है। पत्रकारिता जन-जन तक सूचनात्मक, शिक्षाप्रद एवं मनोरंजनात्मक संदेश पहुंचाने की कला एंव विधा है। समाचार पत्र एक ऐसी उत्तर पुस्तिका के समान है जिसके लाखों परीक्षक एवं अनगिनत समीक्षक होते हैं। अन्य माध्यमों के भी परीक्षक एंव समीक्षक उनके लक्षित जनसमूह ही होते है तथ्यपरकता, यथार्थवादिता, संतुलन एंव वस्तुनिष्ठता इसके आधारभूत तत्व है। परंतु इनकी कमियां आज पत्रकारिता के क्षेत्र में बहुत बड़ी त्रासदी साबित होने लगी है। पत्रकार चाहे प्रशिक्षित हो या गैर प्रशिक्षित, पत्रकारिता में तथ्यपरकता होनी चाहिए।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 6 मई, 2022



# गर्भपात का अधिकार

## अमेरिका में अन्याय

**अमेरिकी** सर्वोच्च न्यायालय में कंजरवेटिवों के बहुमत ने फैसला दिया है कि महिलाओं को गर्भपात का संवैधानिक अधिकार नहीं दिया जा सकता है। इससे अमेरिकी लोकतंत्र की छवि धूमिल हुई है। यदि न्यायाधीश अपनी राय को निर्देश में बदलना चाहें तो कंजरवेटिवों का 6:3 का बहुमत है जिससे वे प्रख्यात रो बनाम राज्य मामले में दिया फैसला उलट सकते हैं। देश में महिलाओं के गर्भपात अधिकार को संरक्षण देने वाला कोई संघीय कानून नहीं है। हालांकि, रो मामले में दिया फैसला यह भूमिका अदा कर रहा था। यदि यह निष्प्रभावी हो जाता है तो राज्यों को गर्भपात कानून पर निर्णय करना होगा। इससे देश में ऐसा विभाजन पैदा होगा जैसा पहले कभी नहीं था। कंजरवेटिव राज्य कठोर कानून बनाना चाहेंगे, जबकि डेमोक्रेटिक राज्य नियंत्रण हटाना चाहेंगे। सवाल है कि इससे अमेरिकन महिलाओं तथा उनके 'पसंद के अधिकार' का क्या होगा? एक ओर लोकतंत्र, दूसरी ओर धार्मिक कट्टरपंथियों व वोटबैंक की राजनीति के बीच टकराव का क्या नतीजा निकलेगा? राष्ट्रपति जो बाइडेन ने फौरन प्रतिक्रिया करते हुए संकेत दिया कि अदालत रो मामले में निर्णय नहीं उलटेगी। उन्होंने जल्दी से इसे डेमोक्रेटिक प्रचार अभियान का हिस्सा भी बना लिया जो नवंबर में होने वाले उप-चुनावों के लिए जारी है। उम्मीद है कि इन चुनावों में उनको रिपब्लिकन कड़ी टक्कर देंगे। उन्होंने अमेरिकनों से अपील की कि वे सिनेट तथा प्रतिनिधि सभा के लिए पसंद-अधिकार समर्थक उम्मीदवारों को वोट दें ताकि वे रो निर्णय को वैध बनाने के लिए कानून बना सकें। लेकिन समस्या की जड़ यह है कि राजनीति के कारण पिछले पचास साल में महिलाओं को अनेक अन्याय और अपमान सहने पड़े हैं। अमेरिकनों



को आज भी याद है कि वर्तमान समय में पसंद-अधिकार के समर्थक बाइडेन ने 1962 में एक सिनेटर के रूप में एक संविधान संशोधन के पक्ष में वोट दिया था जिससे राज्य रो निर्णय उलट सकते थे। उन्होंने अपने इस कदम का यह कह कर स्पष्टीकरण दिया था कि कैथोलिक विश्वासी होने की 'अपनी पृष्ठभूमि' के कारण वे 'शिकार' बन गए थे। रिपब्लिकन रिचर्ड निक्सन पहले ऐसे राष्ट्रपति उम्मीदवार थे जिन्होंने कैथोलिक मतदाताओं तथा कट्टरपंथियों को खुश करने के लिए गर्भपात-विरोधी अभियान चलाया था। वे 1972 में चुनाव जीत गए जिससे गर्भपात हमेशा के लिए राजनीतिक मुद्दा बन गया तथा इससे रिपब्लिकनों व डेमोक्रेटों में विभाजन तीखा हुआ। इसके बाद रिपब्लिकनों ने एवैंजेलिकल समूहों के साथ गठबंधन बनाया और स्वयं को परिवार-समर्थक कहने लगे। रोनाल्ड रीगन ने राज्यपाल के रूप में कम कठोर गर्भपात कानूनों की पैरवी की थी, लेकिन 1980 में अपने राष्ट्रपति चुनाव अभियान में उन्होंने गर्भपात-विरोधी न्यायाधीश नियुक्त करने की पैरवी की। डेमोक्रेट बिल क्लिंटन ने सुरक्षित दृष्टिकोण अपनाते हुए 'सुरक्षित एवं विरले' गर्भपात की बात कही।

डोनाल्ड ट्रंप प्रतिबद्ध जीवन-समर्थक थे और उन्होंने 2016 में कैथोलिकों व कंजरवेटिवों का समर्थन प्राप्त किया। अपने पूर्ववर्ती जार्ज डब्लू. बुश की तरह उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय में तीन कंजरवेटिव न्यायाधीश नियुक्त कर डेमोक्रेट न्यायाधीशों को अल्पसंख्यक स्थिति में ला दिया। ट्रंप के राष्ट्रपति कार्यकाल में केंटुकी, जार्जिया व मिसीसिपी जैसे राज्यों ने 6 सप्ताह के गर्भपात पर भी प्रतिबंध लगा दिया। तथ्य यह है कि अधिकांश महिलाओं को गर्भ का पता चलने के पहले ही यह समय गुजर जाता है। ये कार्रवाइयां सुनियोजित ढंग से सर्वोच्च न्यायालय को प्रभावित करने के लिए की गईं ताकि वह रो निर्णय की 'समीक्षा' करे। जैसा कि लीक हुए राय के प्रारूप से पता चलता है, वे अपनी रणनीति में सफल हुए हैं। अमेरिका स्वयं को नागरिक अधिकारों का संरक्षक मानता है और मानवाधिकार उल्लंघन पर दूसरे देशों की आलोचना करता है। लेकिन वहां पसंद-समर्थक महिलाओं के प्रति घृणा बढ़ रही है। यह ऐसा विरोधाभास है जो 'अमेरिकन सपने' की सारी चमक छीन लेता है। सवाल है कि आखिर अदालत को रो निर्णय उलटने की जल्दबाजी क्यों है तथा क्या कंजरवेटिव या कट्टरपंथी न्याय ही न्याय की नई परिभाषा है।

# लोक उद्यमों का पूर्ण निजीकरण जरूरी

सरकार को रणनीतिक विनिवेश को नौकरशाही की लाल-फीताशाही से भी मुक्त कराना चाहिए। केन्द्र को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि वह विनिवेश वाले उद्यम में परोक्ष रूप से भी कोई शेयर नहीं रखेगा।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)




**वित्त** मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों को अन्य केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के लिए बोली बोलने से रोक दिया है जिनका निजीकरण किया जा रहा है। निवेश एवं सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग ने कहा था, 'सामान्य नीति के रूप में केन्द्रीय, राज्य, संयुक्त, अंतर राज्य व राज्य सरकारों के निगमों के आधीन सार्वजनिक उद्यम-पीएसयू अन्य पीएसयू के विनिवेश में बोली नहीं बोलेंगे, जब तक केन्द्र सरकार इसके लिए विशेष रूप से अनुमति न दे।' पीएसयू ऐसे उद्यम हैं जिनमें केन्द्र, राज्य या संयुक्त रूप से उनके शेयरों का हिस्सा 51 प्रतिशत या उससे अधिक हो। इनके रणनीतिक विनिवेश या पूर्ण निजीकरण की योजना है। वित्त मंत्रालय का तर्क है कि किसी उद्यम के प्रबंधन में सरकार के एक उद्यम से दूसरे में परिवर्तन या उसके हस्तांतरण का परिणाम 'अंतर्निहित अक्षमतायें' बनी रहना होगा। इस प्रकार परिवर्तन का प्रयास निष्प्रभावी होगा तथा नीतिगत उद्देश्यों को विफल करेगा। यह एक स्पष्ट स्वीकारोक्ति है कि पीएसयू में 'अक्षमताओं' या 'कुप्रबंधन' की प्रवृत्ति हो सकती है। इसका कारण इन उद्यमों के कामकाज में नौकरशाही या राजनीतिक हस्तक्षेप है।

यह केवल नीति निर्माण के स्तर पर न हो कर उनके दिन-प्रतिदिन के कामकाज में भी हो सकता है। हालांकि, नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में चीजों में सुधार हुआ है क्योंकि सरकार 'नीति के आधार पर संचालन' तथा 'पारदर्शिता' पर जोर दे रही है, लेकिन मूल बाधायें बनी हुई हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं ही कहा था, 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा', लेकिन यह कल्पना करना कठिन है कि मंत्री पीएसयू के कामकाज में हस्तक्षेप न करें। वे प्रबंधन से अपने पक्ष में निर्णय करवाना चाहते हैं। इससे पीएसयू में उच्च क्षमता के विकास में बाधा आती है, उनकी स्थिति कमजोर होती है और वे प्रतियोगी परिवेश में ज्यादा सफल नहीं हो पाते हैं। सरकार के बहुसंख्य शेयरों पर नियंत्रण व स्वामित्व से नौकरशाहों में आदेशों से काम चलाने की प्रवृत्ति विकसित होती है, भले ही यह चाहे जितनी परोक्ष हो। इसके माध्यम से वे पीएसयू के प्रबंधन पर नियंत्रण करते हैं। इस प्रकार नौकरशाही की शक्ति बढ़ती है तथा यही पीएसयू की अधिकांश समस्याओं की जिम्मेदार है। इससे आगे बढ़ने का रास्ता सरकार द्वारा बहुसंख्य शेयरों या स्वामित्व पर नियंत्रण छोड़ना है। उसे पीएसयू पर 'परोक्ष' नियंत्रण भी नहीं रखना चाहिए, जबकि ऐसा दूसरे सीपीएसयू द्वारा उसके शेयरों की बोली में भाग लेने पर हो सकता है। इसी कारण वित्त मंत्रालय का निर्णय बिल्कुल उचित है, लेकिन क्या सरकार इस मामले में गंभीर है?

इस बारे में तथ्य ज्यादा विश्वास नहीं पैदा करते हैं। 2017-18 में केन्द्र सरकार ने आयल रिफाइनरी व मार्केटिंग पीएसयू हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-एचपीसीएल में अपने 51.1 प्रतिशत शेयर दूसरी पीएसयू आयल एंड नेचुरल गैस कार्पोरेशन-ओएनजीसी को बेच दिए। 2018-19 में उसने ग्रामीण विद्युतीकरण निगम-आरईसी में 52.63 प्रतिशत शेयर ऊर्जा वित्त निगम-पीएफसी को बेच दिये। ये दोनों बिजली क्षेत्र की पीएसयू हैं। इससे आगे बढ़ कर उसने 2019-20 में नीपसीओ में अपने 100 प्रतिशत शेयर तथा टीएफआईडीसी इंडिया लिमिटेड के 75 प्रतिशत शेयर राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम-एनटीपीसी को बेच दिए। उपरोक्त सभी सौदों में खरीदार दूसरी सीपीएसयू थी। इस प्रकार सरकार लगतार विनिवेश वाली पीएसयू पर दूसरी पीएसयू के माध्यम से नियंत्रण बनाए रही। क्या इससे विनिवेश नीति का मूल उद्देश्य विफल नहीं होता है? दूसरा, 2019-20 में अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि सरकार का इरादा अपनी नीति बदलने का है और वह किसी सीपीएसयू में 'प्रत्यक्ष' 51 प्रतिशत शेयर रखने के बजाय कुल शेयरधारित को 'प्रत्यक्ष' व 'परोक्ष' में बदलना चाहती है।

हालांकि, यह भी निजीकरण के उद्देश्य के विपरीत है। उदाहरण के लिए इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड-आईओसीएल के मामले पर गौर किया जा सकता है। इसमें प्रत्यक्ष 51.1 प्रतिशत शेयर के साथ सरकार के उन सीपीएसयू में 51 प्रतिशत से अधिक शेयर हैं जिनके शेयर आईओसीएल में हैं। इसी प्रकार भारत सरकार के शत-प्रतिशत स्वामित्व वाली भारतीय जीवन बीमा निगम-एलआईसी के आईओसीएल में 6.5 प्रतिशत शेयर हैं। इसी प्रकार भारत सरकार के 63 प्रतिशत स्वामित्व वाली ओएनजीसी के आईओसीएल में 14 प्रतिशत शेयर हैं। भारत सरकार के 60 प्रतिशत स्वामित्व वाली आयल इंडिया लिमिटेड-ओआईएल के आईओसीएल में पांच प्रतिशत शेयर हैं।

इस प्रकार आईओसीएल में केन्द्र सरकार के एलआईसी, ओएनजीसी व ओआईएल के माध्यम से 25.5 प्रतिशत 'परोक्ष' शेयर हैं। वह आईओसीएल में अपने प्रत्यक्ष शेयर घटा कर 25.5 प्रतिशत कर यह संदेश दे सकती है कि उसका निजीकरण हो गया है, जबकि इसके बावजूद उसका 'परोक्ष' नियंत्रण बना रहेगा तथा उसके बहुसंख्य 51 शेयर उसके पास ही रहेंगे। सरकार के प्रत्यक्ष शेयर 51 प्रतिशत से कम होने के बावजूद संबंधित पीएसयू अनिवार्य निगरानी संस्थाओं के दायरे में आने से बचा रहेगा जिनमें केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई, केन्द्रीय सतर्कता आयोग-सीडब्लूसी तथा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक-सीएजी शामिल हैं। यह एक परेशान करने वाला परिदृश्य है जिसमें नौकरशाह बिना किसी जवाबदेही के अपना हुक्म चलाते रहेंगे। इससे इस बात का कोई संकेत नहीं मिलता है कि सरकार 'परोक्ष' नियंत्रण के रास्ते से अलग हटी है।

मोदी सरकार में किसी पीएसयू द्वारा दूसरे सीपीएसयू के शेयर खरीदने पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं है, बल्कि 'जब तक केन्द्र सरकार पीएसयू के हित में विशेष अनुमति न दे' की शर्त लगी है। इससे एक पीएसयू द्वारा दूसरे के शेयर खरीदने की अनुमति मिलती है, हालांकि इसके लिए केन्द्र सरकार को अनुमति देनी होती है। सरल भाषा में कहें तो भारत सरकार हमेशा एक पीएसयू से दूसरे सीपीएसयू के शेयर खरीदने को कह सकती है। इसे विनिवेश कहा जा सकता है और अतीत में भी ऐसा होता रहा है जिसे सार्वजनिक हित में सही ठहराया जाता है। उदाहरण के लिए, 2017-18, 2018-19 व 2019-20 के अंतर्गत शेयरों की उपरोक्त बिक्री मुख्यतः विनिवेश का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए थी जिससे इन वर्षों का राजकोषीय घाटा पूरा हुआ था।

केन्द्र सरकार तर्क दे सकती है कि उसका यह काम सार्वजनिक हित में था। इसी प्रकार भविष्य में पीएसयू को अन्य सीपीएसयू की जिम्मेदारी संभालने की बात कह कर इसी तर्क से वित्त मंत्रालय के सर्कुलर का तोड़ निकाला जा सकता है। यह सर्कुलर इस मामले में भी विरोधाभास से भरा है यदि राज्य सरकार अपने पीएसयू को दूसरे पीएसयू का शेयर सार्वजनिक हित में खरीदने को कहें तो उनका भी केन्द्र सरकार की अनुमति लेनी होगी।


कुल मिला कर कहें तो सरकार ने सीपीएसयू के 'रणनीतिक विनिवेश' का सचेतन निर्णय लिया था। वित्त मंत्री ने 2021-22 के बजट में गैर-रणनीतिक क्षेत्रों में सभी सीपीएसयू के निजीकरण तथा रणनीतिक क्षेत्र में भी प्रत्येक में एक सार्वजनिक उद्यम बनाए रखते हुए निजीकरण की घोषणा की थी। सरकार को इस प्रक्रिया को पूरी तरह से लागू करते हुए बहुसंख्यक शेयरों व स्वामित्व पर नियंत्रण छोड़ कर पीएसयू को निजी क्षेत्र को देना चाहिए। इसके लिए वित्त मंत्रालय के सर्कुलर में ये शब्द हटाने होंगे-'जब तक केन्द्र सरकार सार्वजनिक हित में इसकी विशेष अनुमति न दे।' यदि सार्वजनिक हित इतना महत्वपूर्ण है तो यह संबंधित पीएसयू के विनिवेश के बजाय उसे दूसरे पीएसयू की गोद में डालने से पूरा नहीं होगा।

केन्द्र को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि वह विनिवेश वाले उद्यम में परोक्ष रूप से भी कोई शेयर नहीं रखेगा। सरकार को रणनीतिक विनिवेश प्रक्रिया को नौकरशाही की लाल-फीताशाही से मुक्त करना चाहिए। वह एक होल्डिंग कंपनी बना सकती है जिसमें सभी पीएसयू के शेयर निहित हों। इसका प्रबंधन प्रख्यात पेशेवर लोगों द्वारा होना चाहिए और उनको बाजार की स्थितियां देखते हुए मूल्यांकन, शेयरों की संख्या, बिक्री का समय, आदि पर निर्णय लेने का पूरा अधिकार होना चाहिए।

# ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण हेतु वैज्ञानिक दृष्टिकोण



**बीजू धर्मपालन**
(लेखक विज्ञान संप्रेषक एवं स्तम्भकार हैं)



**उत्तर** प्रदेश सरकार का सार्वजनिक स्थानों पर लाउडस्पीकर के उपयोग को प्रतिबंधित करने का निर्णय वर्तमान समय में किसी भी सरकार द्वारा उठाया गया एक प्रगतिशील कदम है। भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां संविधान में वैज्ञानिक स्वभाव की स्थापना की गई है। हम अपने नागरिकों के बीच वैज्ञानिक सोच प्रदान करने के लिए विज्ञान को लोकप्रिय बनाने की बहुत सारी गतिविधियां करते हैं, लेकिन हमारे नागरिक वास्तविक जीवन में वैज्ञानिक सिद्धांतों का शायद ही कभी पालन करते हैं। जब हम समस्याओं का सामना करते हैं तभी हम समाधान के लिए विज्ञान की ओर देखते हैं। लाउडस्पीकरों के माध्यम से शोर देश भर में एक विकराल समस्या है, चाहे वह शहरी क्षेत्रों में हो या ग्रामीण क्षेत्रों में। अधिकांश शोर वाहनों, मशीनों और राजनीतिक और सांस्कृतिक रैलियों और जुलूसों के कारण होता है। लेकिन धार्मिक समूहों द्वारा किए गए शोर को नियंत्रित करना मुश्किल है। वे अधिकतम मात्रा में लाउडस्पीकर बजाते हैं। भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष देश में हर व्यक्ति को अपने पसंद के धर्म को मानने और उसका पालन करने का अधिकार है, लेकिन हर धार्मिक गतिविधि अपने निजी स्थान पर होनी चाहिए। धार्मिक विश्वास वास्तव में निजी हैं और गैर-विश्वासियों या अन्य समुदायों के सदस्यों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। धार्मिक उत्सवों के दौरान, हर धर्म के सदस्य अपने समारोह को बढ़ावा देने या भगवान को खुश करने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर संगीत प्रणालियों का उपयोग करते हैं।

दिलचस्प बात यह है कि लाउडस्पीकरों का आविष्कार 1900 के दशक की शुरुआत में हुआ था, जबकि हमारे सभी प्रमुख धर्म हजारों साल पहले अस्तित्व में आए थे। यह 1861 में था कि जोहान फिलिप रीस ने अपने टेलीफोन में एक इलेक्ट्रिक लाउडस्पीकर स्थापित किया था, जो स्पष्ट स्वरों को पुनः उत्पन्न करने में सक्षम था, लेकिन बाद में संशोधन भी दबी हुई भाषण को पुनः उत्पन्न कर सकता था। लेकिन यह अलेक्जेंडर ग्राहम बेल ही थे जिन्होंने 1876 में अपने टेलीफोन के हिस्से के रूप में पहले इलेक्ट्रिक लाउडस्पीकर का पेटेंट कराया था। लाउडस्पीकरों का व्यावसायिक उत्पादन 1930 के दशक में ही शुरू हुआ था। एक आविष्कार जो 1900 के दशक की शुरुआत में दुनिया में लोकप्रिय हुआ, वह सदियों पुराने धर्म का एक अनिवार्य हिस्सा कैसे बन सकता है? लाउडस्पीकर कभी किसी धर्म का हिस्सा नहीं था। इसे धार्मिक नेताओं की सुविधा के लिए धार्मिक गतिविधियों में शामिल किया गया, जिससे मण्डली के साथ आसानी से संवाद करने का उनका काम हो गया। आध्यात्मिक नेताओं द्वारा एक सार्वजनिक संबोधन प्रणाली के उपयोग ने समुदाय से अलग कर दिया है। आज के पुजारी इस मानवीय अलगाव के कारण समुदाय के सदस्यों द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं को शायद ही कभी समझते हैं। आध्यात्मिक नेताओं की भूमिका समाज में परिवर्तन और प्रबुद्धता लाने की होनी चाहिए।

लेकिन फिर भी पूरे देश में मंदिरों, मस्जिदों या चर्चों में सभी उत्सवों के बाद बहुत अधिक डेसिबल में संगीत या उपदेश बजाया जाता है। आयोजकों को शायद ही कभी उन छात्रों के लिए कोई चिंता होती है जो परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं या बुजुर्ग और मरीज घर और अस्पतालों में रह रहे हैं। कुछ अस्पताल परिसरों में, जो पूजा स्थलों की मेजबानी करते हैं, विशेष दिनों के दौरान रोगियों की दुर्दशा की परवाह किए बिना, उच्च वोल्टेज पर संगीत बजाया जाता है। धर्म और राजनीति अत्यधिक अस्थिर विषय हैं और यदि कोई उच्च डेसिबल ध्वनि को नियंत्रित करने पर सवाल उठाता है तो भी अशांति पैदा हो सकती है। यह विज्ञान को स्वीकार करने में हमारी अक्षमता को दर्शाता है।

ध्वनि प्रदूषण के प्रतिकूल प्रभाव दिखाने वाले वैध वैज्ञानिक आंकड़ों के बावजूद, हमारे नीति निर्माता या जनता शायद ही कभी इस बारे में चिंतित होंगे। यहां तक कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी पढ़ाने वाले कॉलेजों में भी छात्र उत्सवों में ध्वनि मुख्य घटक है। अधिकांश परिसरों में ध्वनि बूस्टर के साथ संगीत कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जो 100 डेसिबल से अधिक ध्वनि उत्पन्न करते हैं। डीजे पार्टियां युवाओं की जिंदगी का अहम हिस्सा बन गई हैं। यहां तक कि स्टडी टूर के लिए जाते समय हमारे कॉलेज के छात्र जेबीएल साउंड सिस्टम जैसे हाई-एंड म्यूजिक सिस्टम वाली बसों को पसंद करते हैं, जो 100 डेसिबल से अधिक की आवाज पैदा करने में सक्षम है। अफसोस की बात है कि हमारे वर्तमान शिक्षण समुदाय और कॉलेज प्रबंधन भी छात्रों को खुश करने और उनका दिल जीतने के लिए ऐसी गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं। ज्ञान वितरण के माध्यम से हमारे बच्चों के जीवन में परिवर्तन के एजेंट के रूप में कार्य करने वाले विद्वान केंद्र भी अपने निर्धारित उद्देश्य में विफल हो जाते हैं।

एक समाज में हर किसी को शांतिपूर्ण जीवन के लिए जगह की जरूरत होती है। मनोरंजन, धर्म, राजनीतिक विचारधारा सब कुछ एक व्यक्तिगत पसंद है। हर किसी की अपनी पसंद होती है। लेकिन इसे कभी भी दूसरों के स्थान का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों जैसे महानगरों की ट्रेनों और उड़ानों में, लगातार घोषणा की जाती है कि संगीत बजाने की अनुमति नहीं है। लोग आमतौर पर इस नियम का विरोध नहीं करते हैं, क्योंकि उन्हें अक्सर ऐसा न करने की याद दिलाई जाती है। हर सार्वजनिक क्षेत्र में इसका पालन किया जाना चाहिए। हमें ऐसी संस्कृति विकसित करनी चाहिए जहां हमारे समाज में वैज्ञानिक सिद्धांतों का पालन हो। अगर हर कोई हमारे समाज में विज्ञान शांति और विकास का अनुसरण करता है। उत्तर प्रदेश सरकार का नवीनतम प्रगतिशील निर्णय यदि पूरे देश में सफलतापूर्वक लागू किया जाता है तो सैकड़ों छात्रों, बुजुर्गों और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं वाले लोगों को राहत मिलेगी।

## आप की बात

### मां तुझे सलाम

**अंतरराष्ट्रीय** मातृत्व दिवस समाज में माताओं के प्रभाव व सम्मान का उत्सव है। मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। मां के शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किसी शब्दों में नहीं होती। मां नाम है संवेदना, भावना और अहसास का। मां के आगे सभी रिश्ते बौने पड़ जाते हैं। मां केवल जन्मदात्री ही नहीं जीवन निर्मात्री भी है। मातृत्व की छाया में मां न केवल अपने बच्चों को सहेजती है बल्कि आवश्यकता पड़ने पर उसका सहारा बन जाती है। पूरी जिंदगी भी समर्पित कर दी जाए तो मां के ऋण से उऋण नहीं हुआ जा सकता है। संतान के लालन पालन के लिए हर दुख का सामना बिना किसी शिकायत के करने वाली मां के साथ बिताये दिन सभी के मन में आजीवन सुखद व मधुर स्मृति के रूप में सुरक्षित रहते हैं। एक बच्चे की परवरिश करने में माताओं द्वारा सहन की जाने वाली कठिनाइयों के लिये आभार व्यक्त करने के लिये यह दिन मनाया जाता है। हमारे देश में मां को शक्ति का रूप माना गया है और वेदों में मां को सर्वप्रथम पूजनीय कहा गया है। श्रीमद् भगवद् पुराण में उल्लेख मिलता है कि माता की सेवा से मिला आशीष सात जन्मों के कष्टों व पापों को दूर करता है।

– **नितेश मंडवारिया**, वाराणसी

### खतरे के बादल

**रूस** द्वारा यूक्रेन में लैंड माईन बिछाकर एक खतरनाक योजना तैयार की जा रही है। इससे यूक्रेन में रिपोर्टिंग करने वालों की भी जान का खतरा है। पुतिन द्वारा यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने हेतु लक्ष्य नो मई तक दिया।ऐसा समाचारों में बतलाया जा रहा है। लेकिन सच कितना है ये अनुमानित तारीख को ही पता चलेगा। सुझाव ये है कि यूक्रेन-रूस के युद्ध मे भारतीय पत्रकारों, केमरामेन, आदि लगातार अपनी सेवा रिपोर्टिंग के जरिए दे रहे है। वहां के हालात दिनों दिन बिगडते जा रहे है। कभी भी ये देश आपस मे परमाणु बम का उपयोग कर सकते है। अतः वहां पर गए पत्रकारों को शीघ्र आपस बुलाया जाए ।युद्ध विनाश का प्रतीक होता है।यूक्रेन पर रूस द्वारा तीन दिशाओं से हमला कर विमानों, हवाई सुरक्षा व्यवस्था,बिल्डिंग को ध्वस्त किया। यूक्रेन भी रूस के विमानों सेनिको, टैंकों को ध्वस्त करने का दावा कर रहा। युद्ध की स्थिति में यूक्रेन को कोई देश सपोर्ट नही कर रहा है। युद्ध से शेयर बाजार,सेंसेक्स, कच्चे तेल के दाम आदि भी बेहाल हुए। जिसका असर बढ़ते दाम के रूप में अन्य देशों को भुगतना पड़ेगा। यूक्रेन मदद की गुहार उसके सपोर्ट देशों से कर रहा है। युद्ध की विभीषिका बहुत ही खतरनाक होती है।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र


### दिशाहीन कांग्रेस

**एलआईसी** के आईपीओ को लेकर देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस ने भाजपा हमला किया है। चुनाव परिणामों में निरंतर सीमटती हुई कांग्रेस। सरकार के हर कदम पर कुछ न कुछ मीन मेख निकाल कर उसका विरोध शुरु कर देती है! और यदि वह ऐसा नहीं करें तो फिर क्या करें? अपनी मौजूदगी और वजूद को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी को मीडिया पर तो निरंतर दिखते हुए रहना ही पड़ेगा। सक्रिय सोशल मीडिया की बदौलत देश की जनता अब सरकार की ओर विपक्ष के हर कार्य की अच्छे से विवेचना करके निर्णय लेना बेहतर ढंग से सीख गई है। अब वह नेताओं के लच्छेदार भाषणों से कदापि प्रभावित नहीं होती! और नहीं सिर्फ चुनाव के वक्त दिखाइ जाने वाली दिलेरी से प्रभाव होती है। वह तो पूरे कार्यकाल का सटीक आंकलन करने के बाद ही अपने फैसले सुनाती हैद्य ऐसे में यदि कोई बार बार व्यर्थ का विधवा विलाप तो जनता उनकी कुटिलता को भाप जाती है। और यह कुटिलता जनता के मन में उस पार्टी के प्रति सकारात्मक भाव खत्म कर देती है!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**मेरी** डेनमार्क यात्रा बहुत सार्थक रही। मैं डेनमार्क के लोगों को धन्यवाद देता हूं।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**कर्नाटक** में पुलिस दारोगा भर्ती घोटाला 300 करोड़ रुपये का था।

– **सिद्धारमैया**
कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री



**जब** तक लाउडस्पीकरों से अजान होती है, मनसे लाउडस्पीकर से हनुमान चालीसा बजाती रहेगी।

– **राज ठाकरे**
मनसे प्रमुख

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 6 मई, 2022



# गंगा को साफ रखना सबकी जिम्मेदारीः योगी

## जो काम भगीरथ ने किया था वही काम नमामि गंगे परियोजना के माध्यम से प्रधानमंत्री ने किया है

● योगी ने रमेश पोखरियाल द्वारा रचित स्पर्श गंगा गीत व मैं गंगा बोल रही का किया विमोचन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने हरिद्वार में उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद डॉ रमेश पोखरियाल 'निशंक' द्वारा रचित 'स्पर्श गंगा गीत' एवं खण्ड काव्य 'मैं गंगा बोल रही' का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्पर्श गंगा पत्रिका का विमोचन, स्पर्श गंगा अभियान द्वारा स्थापित किये जा रहे लेखक गांव का लोकार्पण किया। उन्होंने गंगा प्रहरियों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि गंगा तब बनती है, जब भागीरथी और अलकनन्दा मिलती हैं। गंगा भारत की जीवनधारा है। दुनिया के अन्दर जितनी भी संस्कृतियां पनपी हैं, वे किसी न किसी नदी के तट पर पनपी हैं। उन्होंने कहा कि नमामि गंगा परियोजना के जरिए गंगा की सफाई हुई और अब वाराणसी में गंगा जी में डॉल्फिन दिखायी देने लगी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नमामि गंगे परियोजना में इतना पवित्र कार्य किया गया है कि एक मर रही नदी को पुनर्जीवित किया गया है। जो काम किसी कालखण्ड में महाराजा भगीरथ ने किया था, वही काम आज नमामि गंगे परियोजना के माध्यम से प्रधानमंत्री ने किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पैसा लगा सकती है, प्रोजेक्ट बना सकती है, सरकार अपने स्तर पर एक अभियान को आगे बढ़ा सकती है लेकिन उसे टिकाऊ बनाने में योगदान समाज को करना होता है। यह समाज की जिम्मेदारी है कि वह गंगा एवं उसकी सहायक नदियों में किसी प्रकार की गन्दगी न करें।

नमामि गंगे परियोजना ने इस दिशा में अभिनन्दनीय कार्य किया है। मां गंगा गंगोत्री से गंगा सागर तक 2,500 किलोमीटर से अधिक की यात्रा तय करती हैं। इस यात्रा का सर्वाधिक 1,000 किलोमीटर का हिस्सा उत्तर प्रदेश में आता है। बिजनौर से बलिया 1,000 किलोमीटर की जिस यात्रा को गंगा पूरी करती है, उसमें हरिद्वार के बाद अनेक क्रिटिकल प्वाइंट थे। यहां गंगा नदी नहीं बल्कि नाले जैसी दिखती थी। कानपुर में सीसामऊ नाले से 14 करोड़ लीटर सीवर प्रतिदिन गंगा में गिरता था। जाजमऊ नाले से चमड़ा उद्योग का जहरीला कचरा गंगा जी में जाता था। इसके कारण मां गंगा में एक भी जलीय जीव नहीं बचा था। पिछले 5 वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में नमामि गंगे परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन से अब सीसामऊ नाले से एक भी बूंद सीवर गंगा जी में नहीं गिरता है। आज वहां सेल्फी प्वाइंट बना दिया गया है। नमामि गंगे परियोजना का तात्पर्य केवल गंगा नदी से नहीं है, गंगा व उसकी सभी सहायक नदियों को हमें इसके अन्तर्गत लेना होगा। हमारे अन्दर एक संकल्प होना चाहिए कि किसी भी नदी, तालाब, पोखर के प्रति पवित्र भाव अपने मन में रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्लास्टिक मुक्त गंगा का अभियान चलाया जाना चाहिए। केमिकल, पेस्टीसाइड, फर्टिलाइजर आदि का प्रयोग नदियों के तटवर्ती क्षेत्रों में नहीं होने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज स्पर्श गंगा कार्यक्रम के साथ स्पर्श हिमालय कार्यक्रम को भी देखने का अवसर प्राप्त हुआ है। पर्वतराज हिमालय के कारण ही देवभूमि की पहचान है। हिमालय उत्तर भारत के जल संसाधन की आपूर्ति भी करता है और हमारी आस्था की प्यास को बुझाने का कार्य भी करता है। हिमालय हर प्रकार से हमें संतुष्टि देता है। स्पर्श हिमालय का कार्यक्रम, 'मैं गंगा बोल रही' पुस्तक का विमोचन तथा 'गंगा गीत' के माध्यम से चलाये जा रहे अभियान से हम सबको जुड़ना चाहिए।

# थाने में महिला को निर्वस्त्र कर पीटा व थर्ड डिग्री दी

## इंस्पेक्टर सहित तीन निलंबित

● खाकी के काले कारनामों से लग रहा शासन-प्रशासन की साख पर बट्टा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सूबे** में लगातार एक के बाद सामने आ रहे खाकी के काले कारनामों से शासन-प्रशासन की साख पर बट्टा लग रहा है। इसके साथ ही अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलने वाली योगी सरकार की साख भी धूमिल हो रही है। ललितपुर में न्याय की गुहार करने थाने पहुंची गैंगरेप पीड़िता नाबालिग बच्ची से थानाध्यक्ष द्वारा बलात्कार किए जाने का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि इसी जिले में पुलिस कर्मियों की एक और बर्बरता सामने आई है। जिले के महारौनी थाने में तैनात कांस्टेबल और महिला दारोगा ने चोरी के शक में एक महिला को निर्वस्त्र कर बेल्ट से पीटा और उसे थर्ड डिग्री दी। मामला तूल न पकड़ने पाए इसके लिए पीड़िता और उसके पति के बीच विवाद बताकर दोनों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई कर दी। इस मामले का खुलासा होने के बाद अरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर इंस्पेक्टर सहित तीन पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इंसानियत को शर्मशार करने वाली यह सनसनीखेज वारदात बीते बुधवार की है।

मिली जानकारी के अनुसार ललितपुर जिले के महरौनी थानान्तर्गत खरवांचपुरा मोहल्ला निवासी लक्ष्मी प्रसाद की पत्नी पूजा ने इस संबंध में बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें उसकी ओर से जानकारी दी गई कि वह महरौनी थाने में तैनात कांस्टेबल अंशू पटेल के घर झाड़ू पोछा करने और खाना बनाने का काम करती है। पूजा के मुताबिक बीती दो मई को वह कांस्टेबल के घर काम करने गई और फिर खाना वगैरह बनाकर वापस लौट आई। इसके बाद जब वह शाम को फिर से खाना बनाने के लिए वहां पहुंची तो कांस्टेबल की पत्नी ने उसे अंदर बुलाने के बाद दरवाजा बंद कर लिया। फिर मोबाइल से फोन करके पति को बुला लिया। कांस्टेबल अंशू पटेल अपने साथ महिला दारोगा पारुल चंदेल को भी लेकर आया। महिला दारोगा ने कहा कि तुमने अंशू पटेल के घर चोरी की है। वह उससे चोरी के संबंध में पूछताछ करने लगी। पूजा का कहना है कि उसने बताया कि वह निर्दोष है। उसने कोई चोरी नहीं की है। आरोप है कि इन पुलिस कर्मियों ने निर्वस्त्र कर उसे बेल्टों से पीटा और थर्ड डिग्री भी दी। पुलिस कर्मी उस पर चोरी कबूल करने का दबाव बना रहे थे। उसके द्वारा मना करने पर पुलिस कर्मी उसे और उसके पति को बुलाकर थाने ले गए। यहां पर भी उसे पीटा गया। उसके पति को हवालात में डाल दिया गया। पिटाई से जब उसके शरीर पर काफी चोटें आ गईं तो मामले को दूसरा रंग देते हुए दिखा दिया गया कि पति-पत्नी के बीच झगड़ा व मारपीट हुई। पुलिस ने पति-पत्नी दोनों के खिलाफ शांति भंग की धारा 151 के अन्तर्गत चालान कर दिया। पूरा मामला संज्ञान में आने के बाद ललितपुर के पुलिस अधीक्षक निखिल पाठक ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल महरौनी के प्रभारी निरीक्षक कांता प्रसाद, महिला दारोगा पारुल चंदेल और आरोपी कांस्टेबल मुंशी अशुं पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही महिला दारोगा और कांस्टेबल मुंशी के खिलाफ मारपीट और अवैध रूप से हिरासत में लेने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले की जांच सीओ महरौनी को सौंपी गई है।

## दवाओं की उपलब्धता के लिए योगी सरकार 75 जनपदों में बनवाएगी ड्रग वेयर हाउस

**लखनऊ।** प्रदेश के हर जिले में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ड्रग वेयर हाउस बनाया जाएगा। इस व्यवस्था से जनपद स्तर तक दवाओं की किल्लत समाप्त होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में चिकित्सा सुविधा को और भी बेहतर बनाने के लिए जमीनी स्तर पर अधिकारियों को मोर्चा संभालने के निर्देश दिए हैं। सीएम के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग ने एक मजबूत कार्ययोजना तैयार की है जिसके तहत आने वाले पांच सालों में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के साथ नई योजनाओं को लागू करने के कार्यों को किया जाएगा। प्रदेश के हर जिले में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए योगी सरकार 75 जनपदों में ड्रग वेयर हाउस बनवाएगी। यूपी के आठ जिलों में आने वाले दो सालों में 25 ड्रग वेयर हाउस का लोकार्पण किया जाएगा। जिसमें रायबरेली, सीतापुर, गोंडा, बाराबंकी, शाहजहांपुर, औरैया, फर्रुखाबाद और संभल का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। डीजीएमइ डॉ एनसी प्रजापति ने बताया कि सबका साथ, सबका विकास की नीति पर कार्य करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने सबका सम्मान करते हुए न केवल देश एवं प्रदेश को विकास के पथ पर अग्रसर किया, बल्कि स्वास्थ्य मामले में भी कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने कहा कि जनपदीय ड्रग वेयर हाउस में दवाओं की आपूर्ति की देख-रेख सीधे लखनऊ से होगी।

# गंगा की 13 सहायक नदियों पर भी होगी 'गंगा आरती'

● 13 और नदियों और उनके घाटों की सूरत बदलने जा रही योगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**जिस** तरह काशी, प्रयागराज और बिठूर में गंगा नदी के तट पर शाम होते ही माहौल भक्तिमय बन जाता है। शंखनाद, डमरू की आवाज और मां गंगा के जयकारे गूंजने लगते हैं। गंगा आरती के समय मेला सा लग जाता है। ठीक उसी तर्ज पर अब गंगा नदी से मिलने वाली 13 सहायक नदियों के घाटों पर भी जल्द ही ऐसा नजारा दिखाई देगा। इन नदियों पर सुंदर और आकर्षक घाट बनेंगे। इन घाटों पर भी आने वाले समय में गंगा आरती होगी। सीएम योगी की कोर प्राथमिकताओं में शामिल गंगा स्वच्छता अभियान को विस्तार देते हुए गंगा नदी के साथ उसकी सहायक नदियों को भी संरक्षित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। नमामि गंगे परियोजना से गंगा से मिलने वाली रामगंगा, बेतवा, घाघरा, सरयू, राप्ती, वरुणा, काली, यमुना, हिंडन, गर्रा, केन, गोमती और सई के किनारे घाटों की सूरत बदली जाएगी। योगी सरकार ने पिछले कार्यकाल में बिजनौर से कानपुर और बलिया से कानपुर तक विशाल गंगा यात्रा का आयोजन किया था जो जागरूकता और स्वच्छता अभियान की दृष्टि से बेहद सफल रहा था। नमामि गंगे परियोजना के तहत गंगा को स्वच्छ बनाने में जुटी योगी सरकार की नई योजना से सहायक नदियों के घाटों की सूरत बदली जाएगी। इस संबंध में नमामि गंगे परियोजना से इन घाटों की सूरत बदलने की योजना को तेजी से आगे बढ़ाने और इन्हें पूरा करने के निर्देश अफसरों को दिये गए हैं। प्रदेश में बिजनौर से शुरू होकर काशी, प्रयागराज, कानपुर के रास्ते बलिया होकर बिहार जाने वाली गंगा में गिरने वाले नालों को बड़े स्तर पर अभियान चलाकर राज्य सरकार ने या तो रोक दिया है या उनको टैप कर दिया गया है। यहां बड़े -बड़े एसटीपी बनाए गये हैं और कई जगह पर गंगा में गिरने वाले नालों को बंद करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। सरकार का ध्यान अब गंगा में मिलने वाली नदियों के प्रदूषण को रोकने पर है जिससे गंगा को और स्वच्छ बनाया जा सके। तय योजना के मुताबिक प्रदेश भर में गंगा में कही न कहीं मिलने वाली नदियों को प्रदूषण मुक्त करने का बीड़ा उठाया गया है। नालों को बंद करने के साथ नदी के दोनों किनारों पर बसे गांव, शहरों और कालोनियों के लोगों को जागरूक करने के प्रयास शुरू होंगे। नदियों के घाटों को सुंदर बनाकर स्थानीय लोगों को सामाजिक, धार्मिक व आर्थिक रूप से जोड़ने की अनूठी योजना भी बनाई गयी है।

# यूपी पुलिस जनता की सेवा, सुरक्षा व सम्मान के लिए संकल्पितः डीजीपी

● ललितपुर की दोनों घटनाओं में दोषियों के खिलाफ होगी कठोर दंडात्मक कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डीजीपी** मुकुल गोयल ने कहा है उत्तर प्रदेश पुलिस जनता के सेवा, सुरक्षा, सम्मान के लिए संकल्पित है और उनके मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए कटिबद्ध है। ललितपुर जिले के थाना महरौनी में एक महिला के साथ मारपीट की घटना के संबंध में डीजीपी ने कहा कि दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

उन्होंने कहा कि जनता के किसी भी व्यक्ति विशेषकर महिला पीड़िता से दुर्व्यवहार करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी ने कहा कि महरौनी मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी को दी गई है। पीड़िता का मेडिकल डॉक्टरों के पैनल द्वारा कराने व घटनास्थल का निरीक्षण और अन्य विवेचनात्मक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

क्षेत्राधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर प्रभारी निरीक्षक महरौनी को शिथिलता बरतने के कारण निलंबित कर विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। सम्पूर्ण प्रकरण की जांच अपर पुलिस अधीक्षक, जालौन को दी गई है एवं पर्यवेक्षण पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र करेंगे। वहीं ललितपुर जिले के पाली थाने में नाबालिग किशोरी से इंस्पेक्टर द्वारा रेप किए जाने की घटना के संबंध में डीजीपी ने कहा कि थाना प्रभारी सहित सभी छह अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। एडीजी जोन और आईजी रेंज द्वारा भी घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकल की कार्रवाई प्रचलित है। दोषियों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## 58189 ग्राम पंचायत सचिवालयों को मिलेगी वाई फाई कनेक्टिविटी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपने** पहले कार्यकाल में ग्राम पंचायत सचिवालय की परिकल्पना को साकार करने के बाद अब राज्य सरकार ग्राम सचिवालय की 50 मीटर की परिधि में मुफ्त वाई फाई की सेवा उपलब्ध करायेगी। गुरुवार को अपर मुख्य सचिव पंचायती राज मनोज कुमार सिंह ने शासनादेश जारी कर दिया है। अपने पहले कार्यकाल में योगी सरकार ने ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सचिवालय की स्थापना पर जोर दिया था। उस दौरान सरकार का तर्क था कि इससे ग्राम पंचायतों को जिम्मेदारी का अहसास होने के साथ अपने स्तर से रिसोर्स डेवलप करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही छोटे-बड़े मामलों का भी निपटारा ग्राम सचिवालय के माध्यम से किया जा सकेगा। अपर मुख्य सचिव के स्तर से जारी आदेश में इसके तहत 58189 ग्राम पंचायत सचिवालय को वाई फाई से जोड़ने की बात कही गयी है। आदेश में कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के गांवों को स्मार्ट गांव बनाना चाहते हैं। इसके लिए ग्राम पंचायत कार्यालय को ग्राम सचिवालय का दर्जा दिया जा रहा है। गांवों की जनता को विभिन्न विभागों से जिन दस्तावेजों, अभिलेखों व कागजात की जरूरत पड़ती है। ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से इसे देने की व्यवस्था की जा रही है। ग्राम पंचायतों में नई आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी जरूरी है। स्मार्ट ग्राम की उक्त परिकल्पना को ध्यान में रखते हुए शासन ने ग्राम पंचायत के ग्राम सचिवालय कार्यालयों को हाई स्पीड इंटरनेट से जोड़ने का फैसला किया है। अपर मुख्य सचिव ने इस बावत पंचायती राज निदेशक को इसके लिए जल्द काम शुरू कराने का निर्देश दिया है।

# भक्षक बन गयी है रक्षक पुलिस

● पुलिस-यातना की शिकार बेटी के परिवार से मिलकर दिया न्याय दिलाने का भरोसा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने ललितपुर में पुलिस की यातना की शिकार बेटी के परिवारजनों से मिलकर उनको न्याय दिलाने का भरोसा दिलाने के बाद झांसी में पत्रकारों से वार्ता की। अखिलेश यादव ने कहा कि पुलिस लगातार अन्याय कर रही है। रक्षक पुलिस भक्षक बन गई है। देश में सबसे ज्यादा हिरासत में मौतों के मामले में उत्तर प्रदेश बदनाम है। पुलिस थाने वसूली और अराजकता के केन्द्र बन गए हैं। भाजपा सरकार द्वेष भावना से जाति, धर्म को देखकर बुलडोजर से लोगों के घर गिरा रही है। यूपी की कानून व्यवस्था सबसे खराब है। अखिलेश यादव ने कहा कि कोर्ट के स्टे के बावजूद बुलडोजर से घर तोड़ दिया जाता है। भाजपा के लोग तालाबों -सरकारी ज़मीनों पर कब्जा करें तो कुछ नहीं होता। गोरखपुर में कारोबारी को पुलिस ने पीट-पीटकर मार डाला। चंदौली में दो बहनों को पुलिस ने पीटा। एक बहन की जान ले ली। ललितपुर की घटना ने सबको शर्मिंदा किया। यह सरकार आरोपी पुलिस कर्मियों को कब टर्मिनेट करेगी। जब समाजवादी निकल पड़े तब कार्रवाई करनी पड़ी। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में पेट्रोल-डीजल, सरिया, सीमेंट सब महंगा हो गया है। जीएसटी लागू कर व्यापार चौपट कर दिया। लोग परेशान हैं।

# भूसा संग्रहण में लापरवाही बरतने वाले 27 मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से स्पष्टीकरण

● निर्धारित अवधि में कार्य न करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने निराश्रित संरक्षित गोवंश के लिए भूसा संग्रहण के लिए निर्धारित अवधि (15 अप्रैल से 5 मई तक) में प्रदेश के 27 मुख्य पशु-चिकित्सा अधिकारियों द्वारा कार्य में लापरवाही और टेन्डर न किये जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए अपर मुख्य सचिव, पशुधन, डॉ रजनीश दुबे को जिम्मेदार अधिकारियों का स्पष्टीकरण लेने और दोषी पाये जाने पर उन पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि 31 मई तक पुनः अभियान चलाकर भूसा संग्रहण किया जाय और भूसा बैंक के लिए दान दाताओं का भी सहयोग लिया जाय। उन्होंने 20 वृहद गोशालाओं का कार्य 15 जून तक पूरा किये जाने के निर्देश दिये हैं।

पशुधन मंत्री की अध्यक्षता में पशुधन विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि चारा, पानी भूसे एवं उपचार के अभाव में संरक्षित गोवंश की मृत्यु होने पर, सम्बंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्रों में जाकर नियमित रूप से गो-संरक्षण केन्द्रों एवं संचालित योजनाओं का अनुश्रवण करें और मुख्यालय पर योजनाओं की सही एवं तथ्यात्मक रिपोर्ट ही प्रेषित करें। प्रदेश के सभी गो-संरक्षण केन्द्रों को सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया जाय और गोचर भूमियों को चिन्हित कर कब्जामुक्त कराया जाय।

# थाने में नाबालिग से रेप का आरोपी इंस्पेक्टर भेजा गया जेल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ललितपुर** जिले के पाली थाने में न्याय की गुहार करने गई गैंग रेप पीड़ित नाबिलग किशोरी से बलात्कार करने के आरोपी इंस्पेक्टर तिलकधारी सरोज को पुलिस ने बृहस्पतिवार को कोर्ट के समक्ष पेश किया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई करने के बाद इंस्पेक्टर को 14 दिनों की रिमांड पर जेल भेज दिया। उधर डीआईजी झांसी जोगेन्द्र कुमार ने घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में गिरफ्तार इंस्पेक्टर की कई हरकतें गैरकानूनी पाई गई हैं। घटना का खुलासा होने के बाद आरोपी इंस्पेक्टर तिलकधारी सरोज बीते मंगलवार को फरार हो गया था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गईं थीं। इंस्पेक्टर को बुधवार को पुलिस ने प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उससे पूछताछ की गई। हालांकि पूछताछ में उसने अपने ऊपर लगाए सभी आरोपों से इंकार किया और मुकदमे को फर्जी बताया। पुलिस मुख्यालय के अनुसार इस घटना में शामिल पीड़िता की मौसी सहित सभी छह आरोपी गिरफ़्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। डीआईजी जोगेंद्र कुमार ने अपने स्तर से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। प्रारम्भिक जांच में यह पता चला है कि आरोपी इंस्पेक्टर तिलकधारी सरोज ने 26 अप्रैल को किशोरी के थाने पहुंचने पर न रिपोर्ट दर्ज की और न ही आरोपितों के खिलाफ कोई कार्रवाई की। पीड़ित किशोरी का मेडिकल भी नहीं कराया गया। माता-पिता के बजाए उसे उसकी मौसी को सौंप दिया गया। थाने में महिला सिपाहियों के होने के बावजूद इंस्पेक्टर ने खुद पूछताछ की।

# प्रसपा का पुनर्गठन करने के साथ ही उसकी मजबूती के लिए करेंगे काम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** प्रमुख अखिलेश यादव से बढ़ती तल्खी और भाजपा में शामिल होने की लगाई जा रही अटकलों के बीस प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने बृहस्पतिवार को कहा है कि वह अपनी पार्टी का पुनर्गठन करने के साथ ही उसकी मजबूती के लिए काम करेंगे।

शिवपाल सिंह यादव ने बृहस्पतिवार को ट्वीट कर अपनी रणनीति का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि संगठन की हमने पूरी तरह से समीक्षा कर ली है और अब मुझे पार्टी का पुनर्गठन करना है। एक हफ्ते के अंदर हम अपनी पार्टी का गठन कर लेंगे और फिर अपनी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के लोगों को जिम्मेदारियां देंगे। हम लोगों की समस्याओं को प्रशासन के सामने रखने का काम करेंगे। इससे पहले बृहस्पतिवार को ही झांसी में सपा प्रमुख अखिलेश यादव से शिवपाल सिंह यादव के संबंध में पूछे गए सवाल पर उन्होंने भी शिवपाल को अपनी पार्टी संभालने की सलाह दी थी। अखिलेश ने शिवपाल के लिए कहा कि उनका अपना दल है। वह उस दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। समाजवादी पार्टी ने उन्हें केवल सिंबल दिया और जब कोई सिंबल देता है तो सदस्य बनना पड़ता है। अखिलेश ने शिवपाल को सलाह दी कि वह अपने दल की मजबूती के लिए काम करें। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव के बाद शिवपाल ने प्रसपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी को छोड़ अन्य सभी कमेटियों को भंग कर दिया था।

## किसानों के लिए वरदान से कम नहीं है फसल बीमा योजना

# गोरखपुर में खरीफ सीजन में मिली 13 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति

● 28 हजार से अधिक किसान लाभान्वित

**पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर**



**पूरे** देश का पेट भरने वाले अन्नदाता किसानों के पसीने की हर एक बूंद अनमोल है। किसी कारणवश यदि उसके पसीने से सिंचित फसल को नुकसान हो जाए तो उसकी आर्थिक और आत्मीय पीड़ा पर भरपूर सहायता के मरहम का नाम है, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना। प्रदेश में वर्ष 2021-22 के खरीफ सीजन 2021 में इस योजना के तहत 21.60 लाख किसानों द्वारा बीमा कराया गया था। इनमें से मार्च 2022 तक 7.02 लाख किसानों को 654.85 करोड़ रुपये की फसल क्षतिपूर्ति का भुगतान किया जा चुका है। अकेले गोरखपुर में खरीफ सीजन में 21801 किसानों को 13 करोड़ 59 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति प्राप्त हुई है। अन्नदाता किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में तमाम योजनाओं का क्रियान्वयन करने के साथ डबल इंजन की सरकार फसलों को हुए नुकसान की भरपाई भी करती है। खेती में किसान और उसके परिवार के परिश्रम को कीमत में तब्दील नहीं किया जा सकता। उसकी प्रत्याशा खूब अन्न उपजाने की होती है। पर कई बार अतिवृष्टि, आंधी, तूफान, पाला, बर्फबारी, ओलावृष्टि, आग और कीटों के प्रकोप से उसकी मेहनत और खेती की लागत बेकार हो जाती है। आपदा में नष्ट किसानों की फसल की क्षतिपूर्ति करने और किसानों को आर्थिक सम्बल प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी 2016 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरुआत की। इस योजना ने किसानों को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार की इस योजना को यूपी के सभी जिलों में ग्राम पंचायत स्तर पर लागू किया है। पीएम फसल बीमा योजना में ऋणी कृषक अनिवार्य रूप से तथा अन्य किसान स्वैच्छिक आधार पर शामिल किए गए हैं। प्रीमियम मद में किसान की देयता को खरीफ फसल में अधिकतम दो प्रतिशत तथा रबी फसल में अधिकतम 1.5 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। नकदी व औद्यानिकी फसलों हेतु प्रीमियम मद में कृषक की देयता अधिकतम पांच प्रतिशत है। किसान द्वारा वहन किये जाने वाले प्रीमियर अंश से अधिक व वास्तवित प्रीमियर दर के अंतर की समस्त धनराशि को अनुदान के रूप में केंद्र व राज्य द्वारा बराबर वहन किया जाता है। योगी सरकार के अब तक के कार्यकाल में कुल 281.25 लाख बीमित किसानों द्वारा फसलों का बीमा कराया गया, जिसमें 27.59 लाख कृषकों को 3074.60 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति का भुगतान किया गया है। इसमें खरीफ सीजन 2021 में 7.02 लाख किसानों को 654.85 करोड़ रुपये की फसल क्षतिपूर्ति का भुगतान भी शामिल हैं। गोरखपुर में 2021 खरीफ सीजन में 55481 किसानों ने फसल बीमा कराया जिनमें से 21801 को 13 करोड़ 59 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति का भुगतान प्राप्त हुआ। पूरे प्रदेश में रबी 2021-22 में 19.90 लाख कृषकों द्वारा फसल बीमा कराया गया है। इनमें से 46828 गोरखपुर के हैं। रबी सीजन में किसानों द्वारा क्लेम प्रक्रियाधीन है।

डीएम ने कहा-लंबित वादों के निस्तारण में न हो देरी

# अधिकारियों को सख्त चेतावनी

संवाददाता। सीतापुर



**जिलाधिकारी** अनुज सिंह ने सख्त लहजे में कहा कि तहसील स्तर पर लंबित वादों का निस्तारण समय से पूरी गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित कराया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। डीएम ने साफतौर पर चेतावनी देते हुए कहा कि फरियादियों को न्याय देने में अनावश्यक देरी नहीं चलेगी। गुरुवार को डीएम अनुज सिंह मिश्रिख तहसील का निरीक्षण करने पहुंचे थे। मिश्रिख तहसील से जुड़े कार्यों का जायजा लेने के बाद उन्होंने सभी अनुभागों की कार्य पंजिका का बारीकी से अवलोकन किया। न्यायालय में लंबित वादों के निस्तारण में तेजी लाने के साथ ही वादों को सीरियल से अंकित किए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि रजिस्टर को दैनिक अपडेट रखा जाए। संग्रह अनुभाग से जुड़े कार्यों के साथ ही राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। गांवो में तालाबों में पानी भरवाने के साथ ही खराब पड़े हैंडपंपों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कर दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। इसके बाद डीएम ने विश्व विख्यात मिश्रिख दधीच कुंड का निरीक्षण किया। पुजारी ने तीर्थ की जलनिकासी के अलावा अन्य समस्याओं की तरफ डीएम का ध्यान आकृष्ट कराया। कुंड का तीर्थ स्वच्छ व निर्मल रहे इसके लिए जल निकासी का प्रबंध एक सप्ताह के अंदर कराए जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए कि तीर्थ पर लाइट व्यवस्था, साफ सफाई सुदृढ़ कराई जाए तथा अवैध अतिक्रमण को हटाने के संबंध में करवाई की जाए। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान एसडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, तहसीलदार राजकुमार गुप्ता, खंड विकास अधिकारी अजय प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी रूद्र प्रताप सिंह, कस्बा इंचार्ज धर्मेंद्र बहादुर सिंह आदि मौजूद थे। निरीक्षण के बाद डीएम ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि छुट्टा जानवरों के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में गौशाला संचालित कराने के निर्देश बीडीओ को दिए गए हैं।

## पीड़िता ने प्रभारी निरीक्षक को दिया प्रार्थना पत्र

संवाददाता। मिश्रिख सीतापुर

**कोतवाली क्षेत्र** की ग्राम पंचायत डिघिया की पीड़िता ने प्रभारी निरीक्षक को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है। कि गांव के निवासी अतीक अली पुत्र इदरीश अली बीती रात 10 बजे के लग भग पीड़िता के घर घुस आए और गलत नियत से उसका हाथ पकड़ कर खींचने लगे। पीड़िता के शोर मचाने पर उसका पति व घर के अन्य लोग दौड़ कर मौके पर आ गए। और आरोपी को पकड़ लिया। तभी इदरीश अली पुत्र सोहराई , बेचे अली पुत्र सोहराई व लियाकत अन्य 10 लोगो को पीड़िता के घर लेकर आ धमके। और गंदी गंदी गालियां देते हुए जान माल की धमकी देकर आरोपी को जबरिया छुड़ा ले गए। इस लिए पीड़ित महिला ने मांमले की शिकायती पत्र प्रभारी निरीक्षक को देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

## क्विक न्यूज

### चौपाल में एसडीएम और सीओ ने सुनीं शिकायतें



**संडीला(हरदोई)।** ग्राम चौपाल में एसडीएम और सीओ ने जनसमस्याएं सुनकर उनका निस्तारण कराया। ब्लाक भरावन के ग्राम पीपरगांव में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल में एसडीएम देवेन्द्र पाल सिंह, सीओ महवीर सिंह के अलावा बीडीओ भरावन राजीव पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक अतरौली दीपक शुक्ला, सप्लाई इंस्पेक्टर दिवाकर सिंह के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे। इस चौपाल में दस शिकायतें आईं जिनमें से चार का तत्काल निस्तारण किया गया। इसके अलावा 12 वरासत के प्रकरणों का सत्यापन किया गया। एसडीएम ने लेखपालों को निःशुल्क नकल खतौनी खतम कराने के निर्देश दिए गए।

### नगर विकास राज्यमंत्री ने सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण



**संडीला(हरदोई)।** नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर ने नगर की सफाई व्यवस्था और गौशाला का निरीक्षण किया। नगर विकास राज्यमंत्री ने नगर के वार्ड सं0 17 में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और इसमें और अधिक सुधार लाने के निर्देश नगर पालिका परिषद के अधिकारियों को दिए। उन्होंनें कन्हा गौशाला का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह, सफाई निरीक्षक सौरव शुक्ला, अवर अभियंता सुनील यादव, कर अधीक्षक अनिल कुमार आनंद आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीण स्टेडियम के लिए सांसद ने दी 25 लाख की धनराशि



**संडीला(हरदोई)।** ग्राम सभा मीतौं में स्टेडियम के निर्माण के लिए क्षेत्रीय सांसद ने 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। सांसद अशोक रावत ने ग्राम सभा मीतौं में ग्रामीण स्टेडियम निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और सांसद निधि से 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंनें ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष डॉ0 उमेश सूर्या के अगृह पर कुरना रोड को चौड़ी करने की मांग की जिसपर सांसद ने अधिकारियों से वार्ता की और तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### पुल बनने के विरोध में लगाये मुर्दाबाद के नारे



**बरेली ।** व्यापारियों ने सेतु निगम मुर्दाबाद के नारे लगाए ट्रैफिक पुलिस मुर्दाबाद के नारे लगाए। नदीम शम्सी ने कहा मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों की मदद के लिए गुहार करेंगे और मेट्रो चलाने की मांग करेंगे व्यापारियों का कहना था। हम अपने व्यापार को किसी भी सूरत में बार्बाद होने नहीं देंगे। जेल भरो आंदोलन करेंगे, ।महामहिम राष्ट्रपति जी को पत्र लिखकर इच्छा मृत्यु की मांग करेंगे। जनप्रतिनिधियों का हमें विश्वास है वह हमारा व्यापार बर्बाद होने नहीं देंगे, जनप्रतिनिधियों ने हमसे वादा किया था पुल ना बनाकर कोई दूसरा विकल्प ढूंढा जाएगा। हमने और हमारे परिवार में भारतीय जनता पार्टी को वोट दिया है। और हमने किसी की बात नहीं मानी, आज का कार्यक्रम व्यापारी नेता रौनक जोली की अध्यक्षता में हुआ,। रौनक जोली ने कहा, जल्दी व्यापारी रणनीति बनाएंगे और धरने पर बैठेंगें ।जिसकी सारी जिम्मेदारी नगर निगम की होगी। विरोध प्रदर्शन करने वालों में मनीष कुलबीर सिंह, विनीत रवि, अरोरा रौनक, जोली अमरजीत सिंह, श्याम बाबू पावा, फहीम, कमल जोहरी, राजू आदि शामिल थे ।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी अकैचनपुर फरीदपुर गौशाला

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

- लगातार ददम तोड़ रहीं गायों का जिम्मेदार कौन?

**गौ माता के** संरक्षण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार विशेष अभियान चला रही है जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गायों के संरक्षण के लिए ग्राम स्तर पर गौशालाओं का निर्माण कराया है जिससे कि गायों को सुरक्षा प्रदान की जा सके और साथ ही उन का भरण पोषण भी हो परंतु ऐसा नहीं लग रहा है कि यह गौ माता को संरक्षण करने की योजना उत्तर प्रदेश सरकार की कारगर साबित हो रही है बल्कि ऐसा लग रहा है कि इसके जरिए मोटी रकम ऐंठी जा रही है और सरकारी धन को चूना लगाया जा रहा है और इसकी निगरानी करने वाले ही भ्रष्टाचारी बन चुके हैं, मामला विकासखंड लहरपुर की ग्राम पंचायत अकैचनपुर-फरीदपुर का सामने आया है यहां पर 155 गौ मवेशी पंजीकृत बताए जाते हैं जबकि लिखावट और दिखावट में काफी फर्क नजर आ रहा है। हरे चारे की व्यवस्था नहीं है साथ ही गौ माता मृत्यु को प्राप्त हो रही है और जिम्मेदार बोलने को तैयार नहीं कामगार बताते हैं कि जानवर धूप से मर रहे हैं जबकि असल बात कुछ और है क्योंकि वह इसलिए कि जानवर का पोस्टमार्टम तक नहीं कराया जा रहा है जिससे कि सही कारण का पता लगाया जा सके तो क्या यह छिपाने का प्रयास है लग तो ऐसा ही रहा है की गौशालाओं के नाम पर बड़ा भ्रष्टाचार हो रहा है सचिव और ग्राम पंचायत प्रधान की मिलीभगत से ऐसा होना बताया जा रहा है फिलहाल गौमाता है मृत्यु को प्राप्त हो रही हैं और ध्यान देने वाले चुप बैठे हैं अब देखना यह है इस मामले में क्या मुख्यमंत्री के निर्देशों का पालन होता है जोकि निर्देश बताए जाते हैं की कोई गौशालाओं में कोताही न बरती जाए इसमें जांच होती है या फिर मामला रफा-दफा हो जाएगा। अब तो जांच के उपरांत ही पता चलेगा कि इसमें सच्चाई क्या है।

### क्या कहते हैं खंड विकास अधिकारी आत्मप्रकाश रस्तोगी

**विकासखंड लहरपुर** के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम सभा अकैचन फरीदपुर का जो वीडियो वायरल हो रहा है कि कई गाय एक गहरे गड्ढे में मरी पड़ी है जिस के संबंध में खंड विकास अधिकारी लहरपुर के मोबाइल पर 12.46 च्ड उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क किया गया परंतु खंड विकास अधिकारी का फोन रिसीव नहीं हुआ इसलिए उनका पक्ष नहीं डाला जा सका।

## कार की चपेट में आकर युवक की मौत

**बरेली ।** मंदिर में पूजा करने के बाद पास में ही लगे नल पर पानी पी रहा युवक अचानक बेकाबू कार की चपेट में आ गया उसकी मौके पर ही मौत हो गई कार दुर्घटना के बाद मंदिर से टकरा गई जिससे मंडी की दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार्रवाई शुरू कर दी। भोजीपुरा थाने के गांव सहायपुर इनायतुल्लाह निवासी फूल सिंह के 18 वर्षीय बेटे आकाश कि कल शाम पास के गांव टांडा इनायतुल्लाह में मंदिर के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के पिता ने बताया कि आकाश कल शाम को पास के गांव टांडा इनायतुल्लाह में मंदिर में पूजा करने गया था जहां पूजा करने के बाद वह मंदिर के बाहर लगे नल पर पानी पी रहा था इसी दौरान तेजी से आ रही एक ईको कार बेकाबू हो गई और वह पानी पी रहे आकाश को चपेट में लेते हुएमंदिर की दीवार से टकरा गई जिससे आकाश की मौके पर ही मौत हो गई स्थानीय लोगों ने कार में बैठे लोगों को पकड़ने की कोशिश की लेकिन वह वाहन छोड़कर फरार हो गए लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार को कब्जे में लेकर उसके चालक के विरूद्ध कार्रवाई शुरू कर दी मृतक की मां का नाम आशा देवी है वह तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ा था।

# लगातार बढ़ता प्रदूषण गंभीर चिंता का विषय

संवाददाता। सीतापुर



**बढ़ते वायु प्रदूषण** को लेकर लगातार चिन्ताएं बढ़ती जा रही है। इस समस्या को कैसे कम या फिर रोका जा सकता है इसी को लेकर प्रवाह संस्था के बैनर तले येह एक सोच फाउंडेशन द्वारा एक कार्यशाला संचालित की गई.इस कार्यशाला में खास तौर से नगर के प्रेम नगर इलाके में सफाई कर्मियों को वायु प्रदूषण से निपटने में उनकी अहम भूमिका के बाबत बताया गया.कार्यशाला में मुख्य रूप से कार्यशाला प्रभारी समीर अख्तर ने सफाई कर्मियों को संबोधित करते उनके द्वारा समाज के लिए किए जा रहे कार्यो की भरपूर प्रशंसा की .साथ ही कूड़े से होने वाले प्रदूषण व निश्चित समय के बाद होने वाली सड़को की सफाई से होने वाले वायु प्रदूषण से होने वाले नुकसानों के बाबत बताया.इसके अलावा सफाईकर्मियों से अपील की वह भी अपनी तरफसे लोगो को जगह जगह पर कूड़ा डालने,व कूड़ा जलाने से होने वाले नुकसान के बाबत भी बताए.इस कार्यशाला में दीपक विश्वास,जुनैद शेख,रुचि गुप्ता,दीपाली जायसवाल, राजवीर मिश्रा, रोहित शुक्ला अनुज गुप्ता व सफाई कर्मियों में राम: सफाई नायक, करन, राज,राहुल,नीतू,संतोष,राजेन्द्र कुमार,आशीष कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# जिला चिकित्सालय में जारी रहेंगी इमरजेंसी सेवाएं:डीएम

- फिर डीएम से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल
- शिफ्टिंग सहित इमरजेंसी सेवाओं को बनाए रखने की कार्यकर्ताओं ने उठाई थी मांग

संवाददाता लखीमपुर-खीरी

**डीएम** से कलेक्ट्रेट स्थित उनके दफ्तर में भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिला चिकित्सालय में इमरजेंसी सेवाओं को बनाए रखने के लिए फिर से मुलाकात की। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने जिला चिकित्सालय की शिफ्टिंग सहित इमरजेंसी सेवाओं को जिला चिकित्सालय में बनाए रखने की पुरजोर मांग की। इस मुलाकात में डीएम ने जनहित में जिला चिकित्सालय में इमरजेंसी सेवाओं को अनवरत बनाए रखने का निर्णय लिया। उन्होंने भाजपा प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जिला चिकित्सालय की इमरजेंसी सेवाएं एमसीएच हॉस्पिटल ओयल में शिफ्ट नहीं होंगीए वह पूर्व की भांति जिला चिकित्सालय में सुचारू रूप से संपादित की जाएंगी। इसके लिए उन्होंने अधीक्षक, जिला चिकित्सालय डा. मदन लाल को भी जरूरी निर्देश दिए। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल में जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह, डा. सतीश कौशल बाजपेई, रश्मि गुप्ता, रामजी मौर्य, रामजी दीक्षित, अरविंद गुप्ता, आशू मिश्रा, उमेश शुक्ला व अभिषेक सहित तमाम भाजपा के नेतागण मौजूद रहे।

# 'केशव ग्रीन सिटी' और' संयुक्त किसान मोर्चा' विवाद गरमाया

संवाददाता। सीतापुर



**संयुक्त किसान** मोर्चा और केशव ग्रीन सिटी मालिक के बीच मुकदमें बाजी का मामला गरमाने लगा है। संयुक्त किसान मोर्चा की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह की ओर से केशव ग्रीन सिटी के मालिक मुकेश अग्रवाल के विरूद्ध दर्ज कराई गई एफआईआर को लेकर अब व्यापारी भी लामबंद हो गए है। संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं पिंदर सिंह सिद्दू, ऋचा सिंह, शिवप्रकाश सिंह, अल्पना सिंह आदि नेताओं बुधवार को प्रेस कांफ्रेस कर अल्पना सिंह के बेटे दिव्य सिंह को बंधक बनाकर पिटाई करने का मुकदमा थाना रामकोट में मुकेश अग्रवाल के विरूद्ध दर्ज कराया था। प्रेसवार्ता में कहा था कि भूमाफियाओं के विरूद्ध संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा जारी अभियान के अन्तर्गत दर्ज शिकायतों पर जिलाधिकारी से मुलाकात के बाद हरकत मे आए प्रशासन की दहशत से भूमाफिया बौखलाए है। इसको लेकर सीओ सिटी से मुलाकात कर नेताओं ने कार्रवाई की मांग की थी। एक दिन बाद व्यापारी भी मुकेश अग्रवाल के समर्थन में लामबंद हो गए। भाजपा के नगर अध्यक्ष आकाश बजरंगी, भोला गुप्ता, राजन गुप्ता, बबुआ गुप्ता, राजेश कुमार आदि ने जिलाधिकारी अनुज सिंह से मुलाकात कर अपनी मांगो का ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई कि केशव ग्रीन सिटी को शहर के कुछ ब्लैकमेलर संगठनों एवं तथाकथित पत्रकारों द्वारा शिकायतों की आड़ में धन उगाही के उद्देश्य से होने वाली रोज की समस्या से निजात दिलाई जाए। ज्ञापन में व्यापारियों ने किसान संगठन के पदाधिकारियों पर सीधे तौर पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसके बाद केशव ग्रीन सिटी के मालिक और किसान संगठन के नेताओं के बीच विवाद बढ़ने की संभावनाए बन गई है। आने वाले दिनों में यह मामला और भी गरमा सकती है।

## छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

संवाददाता। सीतापुर

**जेएस सिंह** इंस्टीट्यूट ऑफ फारमेंसी की तरफसे शैक्षणिक भ्रमण के लिए एक दिवसीय भ्रमण सीएसआईआर कैंप लखनऊ कुकरैल पिकनिक स्पाट में छात्र एवं छात्राओं को भ्रमण कराया गया। केन्द्रीय औषधीय एवं सुगंध पौधा संस्थान एक बहुआयामी राष्ट्रीय प्रयोगशाला है जिसमें डा. दीपक वर्मा के निर्देशन में छात्र एवं छात्राओं को मेडिसनल प्लांट एवं ऐसेमैटिक प्लांट के उपयोग एवं उनके बारे में अवगत कराया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण में संस्थान की डायरेक्टर डा. भूमिका योगी एवं अध्यापकगण भी मौजूद रहे।

# सभी नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों पर हो नियमित टीकाकरण:डा. अनिल



**लखीमपुर खीरी।** मिशन इंद्रधनुष अभियान को लेकर एक समीक्षा बैठक जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. अनिल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में एएनएम ट्रेनिंग सेंटर सभागार में हुई। इस दौरान अर्बन क्षेत्र में आईएमआई में लगे कर्मचारियों के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में एसीएमओ डा. केके आदिम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के दौरान मिशन इंद्रधनुष अभियान के कार्यों की समीक्षा करते हुए पाया गया है कि एएनएम के पास अपडेटेड ड्यू लिस्ट और आरसीएच रजिस्टर उपलब्ध नहीं है। वहीं सभी नगरीय स्वास्थ्य केंद्र पर नियम टीकाकरण करने के निर्देश दिए गए। टीकाकरण वहां पर मौजूद स्टाफ नर्स को करना होगा। छूटी हुई गर्भवती माताओं और बच्चों को ड्यू लिस्ट के आधार पर बुलाकर उनका टीकाकरण किया जाना सुनिश्चित किया जाना है। कार्य में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। फाइलेरिया एवं मलेरिया विभाग में कार्यरत कर्मचारी पर्यवेक्षण का कार्य करेंगे और उसकी दैनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे नगरी स्वास्थ्य केंद्र नौरंगाबाद में तैनात डाक्टर अमृता का स्थानांतरण नगरीय स्वास्थ्य केंद्र निर्मल नगर में किए जाने के आदेश भी दिए गए इस दौरान उप प्रतिरक्षण अधिकारी डा. उज्जवल सहित एसएम को डॉक्टर विकास सिंह डब्ल्यूएचओ डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मुकेश चौहान कोल्ड चैन हैंडलर स्नेह लता सहित फार्मासिस्ट स्टाफ नर्स और एएनएम उपस्थित रहीं।

# पेज एक का शेष

### अक्टूबर से...

अस्पताल बनाने में इस्तेमाल कर लीजिए। इसलिए अब उन्होंने तय किया है कि उनकी सरकार बिजली सब्सिडी के लिए एक विकल्प देगी। सब्सिडी चाहिए या नहीं चाहिए, यह लोगों से पूछने का काम जल्दी शुरू होगा। इसमें लोगों से पूछा जाएगा कि क्या आपको बिजली की सब्सिडी चाहिए। अगर वे कहेंगे कि हां, हमें बिजली की सब्सिडी चाहिए, तो उन्हें मिलेगी। यदि वे कहेंगे कि हमें बिजली की सब्सिडी नहीं चाहिए, तो उन्हें यह सुविधा नहीं दी जाएगी।

### रक्षा और...

वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। भारत और फ्रांस विकास में साझेदार हैं, हमारी साझेदारी विभिन्न क्षेत्रों में है। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा की और भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी को विश्व कल्याण के लिए आगे बढ़ाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। बयान में कहा गया है कि मोदी की फ्रांस की यात्रा न केवल दोनों देशों के बीच, बल्कि दोनों नेताओं के बीच मजबूत मित्रवत संबंधों को प्रदर्शित करती है। मैक्रों ने मोदी के साथ भेंट की एक तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट किया, आज रात नरेंद्र मोदी के साथ...। हमने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संकट तथा हमारी रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की। हमने खाद्य सुरक्षा के मुद्दे पर और एफएआरएम पहल पर भी चर्चा की, जिसमें भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि प्रधानमंत्री ने मैक्रों को भारत आने का न्योता दिया है। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने यहां संवाददाताओं से कहा कि भारत और फ्रांस के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी है और दोनों नेता अच्छे मित्र भी हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति मैक्रों को नए सिरे से मिला जनादेश और प्रधानमंत्री मोदी तथा फ्रांस के राष्ट्रपति के बीच बातचीत से दोनों देशों को रणनीतिक साझेदारी की मौजूदा ताकत और सफलता के आधार पर आगे बढ़ने और अगले चरण के लिए एक खाका तैयार करने की सम्मति मिलती है। क्वात्रा ने कहा, दोनों नेताओं ने रक्षा, अंतरिक्ष, असैन्य परमाणु सहयोग और एक-दूसरे के नागरिकों के बीच संबंधों सहित द्विपक्षीय जुड़ाव के सभी प्रमुख क्षेत्रों पर व्यापक चर्चा की। उन्होंने यूरोप और हिन्द-प्रशांत में विकास सहित क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की।

### भारत-फ्रांस...

बाद जारी किए गए एक संयुक्त बयान में दोनों देशों ने वार्ता और कूटनीति को बढ़ावा देने का आह्वान किया। संयुक्त बयान के अनुसार, फ्रांस ने रूसी बलों की यूक्रेन के खिलाफ गैरकानूनी और अकारण आक्रामकता की एक बार फिर कड़ी निंदा की। बयान में कहा गया कि भारत और फ्रांस ने यूक्रेन में जारी संघर्ष और मानवीय संकट पर गंभीर चिंता व्यक्त की। बयान के अनुसार, उन्होंने स्पष्ट रूप से यूक्रेन में नागरिकों की मौत की निंदा की और लोगों की पीड़ा का तत्काल अंत खोजने के वास्ते वार्ता तथा कूटनीति को बढ़ावा देने के लिए दोनों पक्षों को एक साथ लाने तथा शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान किया। बयान में कहा गया कि दोनों देशों ने इस बात पर जोर दिया कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर, अंतरराष्ट्रीय कानून और देशों की संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए। मोदी और मैक्रों ने यूक्रेन में संघर्ष के क्षेत्रीय तथा वैश्विक प्रभावों पर चर्चा की और इस मुद्दे पर समन्वय बढ़ाने को लेकर सहमति व्यक्त की।

### पदयात्रा निकालेंगे...

कुछ 17500-18000 लोगों की पहचान की गई है जो इस प्रयास में शामिल हो सकते हैं और वह अगले कुछ महीनों में उनके साथ चर्चा करेंगे। किशोर ने अपने पिछले अभियान बात बिहार की का जिक्र करते हुए कहा कि इसके लॉन्च के तुरंत बाद कोविड 19 महामारी ने दस्तक दे दी थी, जिसने सभी सार्वजनिक गतिविधियों को ठप कर दिया था।

### करनाल में...

वाहन से 31 कारतूस और एक लाख तीस हजार रुपये भी मिले हैं। करनाल के पुलिस अधीक्षक पुनिया ने संवाददाताओं को बताया कि आरोपियों की पहचान लुधियाना के भूपिंदर सिंह और फिरोजपुर के गुरप्रीत सिंह, परमिंदर सिंह और अमनदीप सिंह के रूप में हुई है। चारों विस्फोटकों की एक खेप लेकर तेलंगाना के आदिलाबाद जा रहे थे। उन्होंने कहा कि वे पाकिस्तान स्थित एक व्यक्ति हरविंदर सिंह रिंडा के संपर्क में थे, जो आतंकी गतिविधियों में शामिल है और ऐप के जरिए उन स्थानों की जानकारी भेजता है, जहां विस्फोटक और हथियार पहुंचाने होते हैं। रिंडा ड्रोन की मदद से फिरोजपुर के खेतों में हथियार और विस्फोटक भेजता था। अधिकारी ने कहा कि आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस हिरासत मांगी जाएगी, जिसके बाद उनसे विस्तार से पूछताछ की जाएगी। हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि इनोवा वाहन में चार आतंकवादी जा रहे थे। हमने गुप्त सूचना के आधार पर उन्हें गिरफ्तार किया। उनके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, शस्त्र अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### कोरोना समाप्त...

के खत्म होने के बाद कानून को लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा, मैं बंगाल विधानसभा में भाजपा के सदस्यों की संख्या तीन से बढ़ाकर 77 तक पहुंचाने के लिए उत्तर बंगाल के लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। टीएमसी के अत्याचारी शासन को उखाड़ फेंकने तक भाजपा चैन से नहीं बैठेगी। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद थी कि तीसरी बार सत्ता में आने के बाद ममता बनर्जी खुद को सुधार लेंगी। हमने उनके खुद को सुधारने के लिए पूरे एक साल तक इंतजार किया, लेकिन वह नहीं बदलीं। राज्य में शासक का कानून लागू है। केंद्रीय गृह मंत्री ने दावा किया कि बनर्जी ने हमेशा निहित राजनीतिक स्वार्थों के लिए गोरखा लोगों को गुमराह किया। उन्होंने कहा, गोरखा भाइयों और बहनों को दीदी ने हमेशा गुमराह किया है। मैं आज उन्हें यह बताने आया हूं कि अगर कोई एक दल है जो गोरखा लोगों के बारे में सोचता है, तो वह भाजपा है। उन्होंने कहा, हमने आश्वासन दिया है कि संविधान की सीमा के भीतर ही सभी समस्याओं का स्थाई राजनीतिक समाधान निकाला जाएगा। दूसरी ओर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर 24 परगना जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्थानीय प्रशासन के सहयोग के बिना घुसपैठ और तस्करी को रोकना मुश्किल है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही एक ऐसी राजनीतिक स्थिति सामने आएगी जिसमें स्थानीय अधिकारियों को जनता के दबाव के कारण मदद का हाथ बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### मेवानी को...

की मेवानी की याचिका को स्वीकार कर लिया और सभी दोषियों को इस फैसले के खिलाफ ऊंची अदालत में अपील दाखिल करने तक जमानत दे दी। मेहसाणा ए डिवीजन पुलिस ने जुलाई 2017 में मेहसाणा से बनासकांठा जिले के धनेरा तक बगैर अनुमति के आजादी कूच निकालने की कोशिश करने के लिए आईपीसी की धारा 143 के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। रेशमा पटेल ने जब इस रैली में हिस्सा लिया था तब वह किसी राजनीतिक दल की सदस्य नहीं थीं। वह पाटीदार समाज को आरक्षण दिए जाने की समर्थक रही हैं और बतौर कार्यकर्ता उन्होंने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। इस मामले में कुल 12 लोगों को आरोपित किया गया था। इनमें से एक आरोपी की मौत हो गई है, वहीं जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार के खिलाफ सुनवाई अभी अदालत में लंबित है। कन्हैया भी मामले में एक आरोपी हैं।

### जम्मू-कश्मीर...

सीटें कश्मीर घाटी क्षेत्र में होंगी। सहयोगी सदस्यों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, नागरिकों और नागरिक समाज समूहों के परामर्श के बाद नौ सीटें एसटी के लिए आरक्षित की गई हैं, जिनमें से 6 जम्मू क्षेत्र में और 3 घाटी में हैं। इस क्षेत्र में पांच संसदीय क्षेत्र हैं। परिसीमन आयोग ने जम्मू-कश्मीर क्षेत्र को एक ही केंद्र शासित प्रदेश को ध्यान में रखकर काम किया है। इसलिए, घाटी में अनंतनाग क्षेत्र और जम्मू क्षेत्र के राजौरी, पुंछ को मिलाकर एक संसदीय क्षेत्र बनाया गया है। सभी क्षेत्रों के पुनर्गठन के बाद पांचों लोकसभा क्षेत्रों में एक समान 18-18 विधानसभा सीटें बनाई गई हैं। स्थानीय प्रतिनिधियों की मांग को ध्यान में रखते हुए कुछ विधानसभा क्षेत्रों के नाम भी बदले गए हैं। तांगमर्ग विधानसभा सीट का नाम गुलमर्ग विधानसभा सीट, जूनीमार को जैदीबल विधानसभा सीट, सोनवार को लाल चौक, पड्डर को पड्डर-नागसेनी, कठुआ उत्तर को जसरोटा, कठुआ दक्षिण को कठुआ, खौर को छंब, दारहल को बुढल एवं महोर विधानसभा सीट का नाम बदलकर गुलाबगढ़ किया गया है। इनके अलावा, तहसीलों को एक विधानसभा से दूसरे में स्थानांतरित करने से संबंधित कई अभ्यावेदन थे और उनमें से कुछ को आयोग ने तार्किक पाया, इसलिए स्वीकार कर लिया गया, जैसे; श्रीगुफवाड़ा तहसील को पहलगाम विधानसभा क्षेत्र से बिजबेहरा में स्थानांतरित किया गया। इसी प्रकार क्वारहामा और कुंजर तहसीलों को गुलमर्ग विधानसभा में स्थानांतरित किया गया और नए बने वगूरा-क्रीरी विधानसभा में करीरी और खोई तहसीलों को रखा गया है। इसमें वागूरा और तंगमर्ग तहसील के कुछ हिस्से भी आए हैं। इसी प्रकार दारहल तहसील को बुढल विधानसभा क्षेत्र से थन्नमंडी में कर दिया गया है। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर के कश्मीरी प्रवासियों के लिए कुछ सीटें आरक्षित करने के अनुरोध पर आयोग ने केंद्र सरकार से कश्मीरी समुदाय से कम से कम दो सदस्यों के प्रावधान पर विचार करने की सिफारिश की है। इनमें एक महिला को वरीयता देने की बात कही गई है। विधानसभा में प्रवासियों और ऐसे सदस्यों को केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की विधानसभा के मनोनीत सदस्यों की शक्ति के बराबर शक्ति दी जा सकती है।

# गर्मी या आग की घटनाओं से लोगों की मौत रोकने के लिए हरसंभव कदम उठाना जरूरीः प्रधानमंत्री

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने देश के विभिन्न हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी से निपटने और मॉनसून से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा के लिए बृहस्पतिवार को आयोजित एक अहम बैठक की अध्यक्षता की जिसमें उन्होंने भीषण गर्मी या आग लगने की घटनाओं से होने वाली मौतों को रोकने के लिए हरसंभव कदम उठाने की जरूरत बताई। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा कि इस बैठक में भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने देशभर में मार्च से मई 2022 के दौरान तापमान उच्च बने रहने के बारे में जानकारी दी। पीएमओ के बयान के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमें भीषण गर्मी या आग की घटनाओं से लोगों की मौत को रोकने के लिए हरसंभव कदम उठाने होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की किसी भी घटना पर कार्वाई में कम से कम समय लगना चाहिए। प्रधानमंत्री ने बैठक में कहा कि बढ़ते तापमान को देखते हुए अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा ऑडिट नियमित तौर पर किए जाने की जरूरत है। मोदी ने देशभर में विविधता पूर्ण वन पारिस्थितिकी तंत्र में जंगलों में आग लगने के जोखिम को कम करने के लिए काम करने की जरूरत बताई। उन्होंने संभावित आग की घटना का समय पर पता लगाने, आग की घटनाओं से निपटने और इसके बाद भरपाई के लिए वन कर्मियों और संस्थाओं की क्षमता बढ़ाने पर भी जोर दिया।

प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया कि आगामी मॉनसून के मद्देनजर पेयजल की गुणवत्ता पर निगरानी के लिए बंदोबस्त सुनिश्चित किए जाएं ताकि पानी दूषित नहीं हो तथा जलजनित बीमारियां नहीं फैलें। पीएमओ ने बताया कि बैठक में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की तैयारियों को लेकर सभी राज्यों को बाढ़ तैयारियों की योजना बनाने की सलाह भी दी गई। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि भीषण गर्मी और आगामी मॉनसून के मद्देनजर किसी भी घटना के लिए सभी प्रणालियों की तैयारी सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय और राज्य स्तरीय एजेंसियों के बीच प्रभावी समन्वय की जरूरत पर भी बैठक में चर्चा हुई। बैठक में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, प्रधानमंत्री के सलाहकारों, कैबिनेट सचिव, गृह, स्वास्थ्य एवं जलशक्ति मंत्रालयों के सचिवों, एनडीएमए के सदस्य, एनडीएमए और आईएमडी के महानिदेशकों और एनडीआरएफ के महानिदेशक ने भी भाग लिया। उल्लेखनीय है कि देश के कई हिस्सों में पारा तेजी के साथ बढ़ रहा है और कई इलाकों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। दिल्ली सहित देश के कुछ हिस्सों में बुधवार को हुई ओलावृष्टि और बारिश के चलते हालांकि लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत भी मिली। तीन यूरोपीय देशों की तीन दिवसीय यात्रा से लौटने के कुछ ही घंटे बाद प्रधानमंत्री इस बैठक में शामिल हुए।

## शारदा मंदिर को तीर्थयात्रा व नियमित पूजा के लिए खोलने की कश्मीरी पंडितों की मांग

**बेंगलुरु।** सेव शारदा कमेटी इन कश्मीर ने करतारपुर गलियारे की तर्ज पर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर स्थित शारदा मंदिर को कश्मीरी पंडितों और देश के अन्य हिन्दुओं की तीर्थयात्रा के लिए खोलने की मांग की है। समिति ने दुनिया भर में टकराव वाले धार्मिक स्थलों की तरह ही इस मंदिर में भी प्रार्थना शुरू करने की मांग की है। सेव शारदा कमेटी के संस्थापक रवीन्द्र पंडिता ने यहां संवाददाताओं से कहा, बहत्तर साल बाद करतारपुर गुरुद्वारे को फिर से खोला गया था और इसके लिए भारत और पाकिस्तान की सरकारों ने एक साथ बैठकर एक मसौदा तैयार किया था और उस पर हस्ताक्षर किए थे। जब करतारपुर को फिर से खोला जाता है तो शारदा पीठ क्यों नहीं? मैंने खुद करतारपुर की यात्रा की है, तो मुझे शारदा पीठ जाने की अनुमति क्यों नहीं दी जा सकती? भारत और पाकिस्तान सरकारों के बीच पीओके जाने के लिए एक तंत्र है जिसे नियंत्रण रेखा (एलओसी) परमिट कहा जाता है।

# भावी सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर ध्यान जरूरीः राजनाथ



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में प्रौद्योगिकी के उपयोग और रक्षा क्षेत्र में आत्म-निर्भरता पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत बताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भविष्य के युद्धों की प्रकृति का आकलन सीरिया, अफगानिस्तान और हालिया यूक्रेन जंग के हालात को करीब से देखकर किया जा सकता है। सिंह ने 37वां पीसी लाल स्मृति व्याख्यान देते हुए कहा कि यूक्रेन के हालात ने दिखाया है कि इससे न केवल रक्षा आपूर्तियां प्रभावित हुई हैं, बल्कि राष्ट्रीय हित की बात करें तो व्यावसायिक अनुबंध भी प्रभावित हो सकते हैं। तीनों सेनाओं के बीच तालमेल के लिए उठाए जा रहे कदमों का उल्लेख करते हुए सिंह ने कहा कि सशस्त्र बलों के एकीकरण की जारी प्रक्रिया का उद्देश्य न केवल संयुक्त क्षमता बल्कि सामर्थ्य भी बढ़ाना है। रक्षामंत्री ने भारतीय वायु सेना का आह्वान किया कि अंतरिक्ष क्षेत्र की शक्ति बने और उभरते खतरों से देश को बचाने के लिए तैयार रहे। सशस्त्र बलों से उनकी क्षमताएं बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा, आपको अपनी क्षमता बढ़ानी होगी।

रक्षा क्षेत्र में आत्म-निर्भरता की जरूरत पर अपना रुख साझा करते हुए सिंह ने कहा कि न केवल घरेलू क्षमता का निर्माण करना, देश की संप्रभुता की रक्षा करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा, हमारे अतीत के अनुभवों ने हमें सिखाया है कि भारत अपनी सुरक्षा के लिए आयात पर निर्भर नहीं रह सकता। संघर्षों, खासतौर पर यूक्रेन के हालात ने हमें दिखाया है कि जब राष्ट्र हित की बात होती है तो केवल रक्षा आपूर्ति नहीं बल्कि व्यावसायिक अनुबंध भी प्रभावित हो सकते हैं। सिंह के बयान सैन्य अधिकारियों के बीच इस आशंका की पृष्ठभूमि में आए हैं कि यूक्रेन में युद्ध के हालात के मद्देनजर रूस से भारत को सैन्य उपकरणों की आपूर्ति में देरी हो सकती है। अगर हम हाल के कुछ संघर्षों पर नजर डालते हैं तो हमें कई महत्वपूर्ण दृष्टिकोण मिलेंगे। हम सीरिया, इराक, अफगानिस्तान और यूक्रेन के वर्तमान संघर्ष पर नजर डालते हैं तो हमें ऐसे कई दृष्टिकोण मिल जाएंगे जिनसे हम भावी युद्धों की प्रकृति का आकलन कर सकते हैं। हमारे दुश्मन अंतरिक्ष के सैन्य उपयोग के लिए कदम उठा रहे हैं। निश्चित रूप से इसका हमारे हितों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इसलिए, आपको अपनी क्षमता बढ़ानी होगी। ऐसे हालात में इस बारे में विचार करना महत्वपूर्ण है कि क्या भारतीय वायु सेना को अंतरिक्ष शक्ति बनने की ओर बढ़ना चाहिए। भविष्य की जंगों में प्रौद्योगिकी के महत्व को रेखांकित करते हुए सिंह ने कहा कि हाल के समय में इसके उपयोग में अभूतपूर्व बढ़ोतरी देखी गई है।

# धर्मांतरण रोकने के लिए दिशानिर्देश तैयार करने का निर्देश क्यों नहीं देंः अदालत

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को सवाल किया कि उसे तमिलनाडु सरकार को राज्य के स्कूलों में धर्मांतरण रोकने के लिए दिशानिर्देश तैयार करने का निर्देश क्यों नहीं देना चाहिए। न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति एस अनंती की खंडपीठ ने चेन्नई के अधिवक्ता बी जगन्नाथ की एक जनहित याचिका पर आज सुनवाई के दौरान इस आशय की मौखिक टिप्पणी की। सरकार ने अपनी ओर से कहा कि वह इस तरह के धर्मांतरण करने वालों के खिलाफ गंभीर कार्रवाई करने से हिचकिचाएगी नहीं, लेकिन साथ ही इस बात पर जोर भी दिया कि याचिका विचार योग्य नहीं है। याचिका में सरकार को प्रभावी दिशानिर्देश तैयार करने और सुधारात्मक उपायों सहित सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया। याचिका के अनुसार इन कदमों में सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों- प्राथमिक और उच्च माध्यमिक स्तर दोनों- में धर्मांतरण और जबरन धर्मांतरण रोकने और प्रतिबंधित करना शामिल है।

इस संबंध में, याचिकाकर्ता ने तंजावुर जिले की एक हालिया घटना का हवाला दिया, जिसमें एक स्कूली छात्रा लावण्या ने कथित तौर पर ईसाई धर्म अपनाने के दबाव के चलते आत्महत्या कर ली। अदालत ने मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच के आदेश दिए। याचिकाकर्ता ने यह भी दावा किया कि कन्याकुमारी जिले के एक सरकारी स्कूल में धर्म परिवर्तन स्वीकार नहीं करने पर एक छात्र को कथित तौर पर घुटने टेकने के लिए मजबूर किया गया। याचिकाकर्ता ने कुछ व्यक्तियों द्वारा धर्मांतरण के खिलाफ कड़ी कार्वाई का अनुरोध किया। आज जब याचिका सुनवाई के लिए आई तो न्यायमूर्ति महादेवन ने पूछा कि स्कूलों में धर्म परिवर्तन रोकने के लिए सरकार को दिशा-निर्देश तैयार करने का निर्देश देने में क्या हर्ज है।



आइजोल में मिजोरम विश्वविद्यालय के 16वें दीक्षांत समारोह में उपस्थित राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद।

## छोटा पाकिस्तान वीडियो मामले की जांच कराएंगेः बोम्मई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में मैसुरु जिले के नंजनगुड तालुक के कवलांडे को छोटा पाकिस्तान करार देने वाले वीडियो के वायरल होने और इस पर उपद्रव शुरू होने के बीच राज्य के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह वहां के पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच करने और आवश्यक कार्रवाई करने को कहेंगे। वीडियो संभवतः मंगलवार को ईद के दौरान बनाया गया था, जिसमें दिखाया गया है कि मुसलमानों का एक बड़ा समूह नमाज अदा करने के बाद या तो लौट रहा है या सड़क पर खड़ा है। उन लोगों को यह कहते हुए सुना जा सकता है, नारा ए तकबीर अल्लाहु अकबर , इसके बाद पुलिस और कुछ लोगों को भीड़ से वहां से हटने को कहते देखा जा सकता है। वीडियो रिकॉर्ड करने वाले व्यक्ति को यह कहते सुना जा सकता है, हमारे गांव में जमा भीड़ को देखिए। इस पर दूसरे व्यक्ति को यह कहते सुना जा सकता है, ए भी पाकिस्तान है छोटा। उसके बाद वीडियो रिकॉर्ड करने वाला व्यक्ति कहता है, कवलांडे बोले तो, छोटा पाकिस्तान, ठीक है?

## क्विक न्यूज

### मध्य प्रदेश में सब्जी वाले की होनहार बेटी बनी सिविल जज

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर में सब्जी बेचकर जीवन-यापन करने वाले एक परिवार की 29 वर्षीय बेटी व्यवहार न्यायाधीश (सिविल जज) वर्ग-दो पद के लिए चयनित हुई है। संघर्ष की आंच में तपी इस महिला का कहना है कि न्यायाधीश भर्ती परीक्षा में तीन बार नाकाम होने के बाद भी उसकी निगाहें लक्ष्य पर टिकी रहीं। अंकिता नागर (29) ने बृहस्पतिवार को पीटीआई-भाषा को बताया, मैंने अपने चौथे प्रयास में व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-दो भर्ती परीक्षा में सफलता हासिल की है। अपनी खुशी को बयान करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता अशोक नागर शहर के मूसाखेड़ी इलाके में सब्जी बेचते हैं और न्यायाधीश भर्ती परीक्षा की तैयारी के दौरान समय मिलने पर वह इस काम में उनका हाथ बंटाती रही हैं। एलएलएम की स्नातकोत्तर शिक्षा हासिल करने वाली नागर ने बताया कि वह बचपन से कानून की पढ़ाई करना चाहती थीं और उन्होंने एलएलबी के अध्ययन के दौरान तय कर लिया था कि उन्हें न्यायाधीश बनना है। आत्मविश्वास से परिपूर्ण 29 वर्षीय महिला ने कहा, न्यायाधीश भर्ती परीक्षा में तीन बार असफल होने के बाद भी मैंने हिम्मत नहीं हारी और मैं अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए तैयारी में जुटी रही। इस संघर्ष के दौरान मेरे लिए रास्ते खुलते गए और मैं इन पर चलती गई। नागर ने कहा कि व्यवहार न्यायाधीश के रूप में काम शुरू करने के बाद उनका ध्यान इस बात पर केंद्रित रहेगा कि उनकी अदालत में आने वाले हर व्यक्ति को इंसाफ मिले। न्यायाधीश भर्ती परीक्षा में अपनी संतान की सफलता से गदगद सब्जी विक्रेता अशोक नागर ने कहा कि उनकी बेटी एक मिसाल है।

### राजद्रोह कानून की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 10 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वह राजद्रोह पर औपनिवेशिक युग के दंड कानून की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 10 मई को सुनवाई करेगा। उसने केंद्र सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए और समय दिया। प्रधान न्यायाधीश एन.वी. रमण, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की एक पीठ ने राजद्रोह कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की और कुछ समय बाद उसे अगले मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दिया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए अदालत से कुछ और समय देने का अनुरोध करते हुए कहा कि चूंकि यह मुद्दा अत्यधिक महत्वपूर्ण है जवाब दाखिल करने के लिए वकीलों द्वारा तैयार किए गए मसौदे पर सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी का इंतजार किया जा रहा है। नई याचिकाएं भी दायर की गई हैं और उन पर जबाव देना भी आवश्यक है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, इस मामले को मंगलवार दोपहर दो बजे के लिए सूचीबद्ध करें। सॉलिसिटर जनरल सोमवार तक जवाब (हलफनामा) दाखिल करें। अब और स्थगित नहीं किया जाएगा। पीठ ने 27 अप्रैल को केंद्र सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था और कहा था कि वह पांच मई को मामले में अंतिम सुनवाई शुरू करेगी तथा स्थगन के लिए किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं करेगी। राजद्रोह से संबंधित दंडात्मक कानून के दुरुपयोग से चिंतित शीर्ष अदालत ने पिछले साल जुलाई में केंद्र सरकार से पूछा था कि वह इस प्रावधान को निरस्त क्यों नहीं कर रही।

### ललितपुर मामले में कड़ी कार्रवाई होः कैलाश सत्यार्थी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के पाली पुलिस थाने में नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता के साथ दरोगा द्वारा दुष्कर्म किए जाने की घटना ने देश को हिलाकर रख दिया है। इंसानियत को शर्मसार करने वाली इस घटना को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी ने भारत के लोकतंत्र पर कलंक बताया है। साथ ही उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि थाने में मौजूद हर एक पुलिसकर्मी को निलंबित किया जाए और इन पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

# हाइड्रोजन ईंधन से रेल, हवाई जहाज और कारखाने चलाने की ओर कदम बढ़ाए जाएंः नितिन गडकरी

**इंदौर।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में अनुसंधान के जरिए रेल, हवाई जहाज, ट्रक, बस और कारखानों को हाइड्रोजन से चलाने की ओर कदम बढ़ाना वक्त की मांग है। उन्होंने पेट्रोलियम पदार्थों के भारी-भरकम आयात पर निर्भरता घटाने के लिए वैकल्पिक ईंधनों को बढ़ावा दिए जाने पर जोर देते हुए यह बात कही। गडकरी ने आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम विषय पर इंदौर के देवी अहिल्या विवि द्वारा आयोजित व्याख्यान में कहा, आज हम पानी से हाइड्रोजन निकालकर कार चला सकते हैं। मैं खुद हाइड्रोजन से चलने वाली कार इस्तेमाल करता हूं। जब यह कार चलती है तो न आवाज आती है, न ही इससे धुआं निकलता है।



उन्होंने जोर देकर कहा कि आने वाले दिनों में रेल, हवाई जहाज, ट्रक और बस के साथ ही खासकर रसायन व सीमेंट बनाने वाले कारखानों को हाइड्रोजन सरीखे वैकल्पिक ईंधन से चलाने की ओर कदम बढ़ाए जाने चाहिए और इसके लिए अनुसंधान किया जाना चाहिए। गडकरी ने अलग-अलग चीजों के आयात पर देश की निर्भरता को लेकर चिंता जताते हुए कहा, हम हर साल कुल 10 लाख करोड़ रुपए के पेट्रोलियम उत्पादों और पेट्रोल-डीजल का आयात कर रहे हैं। हमारे पास कोयले के भंडार हैं, पर हमें कोयला आयात करना पड़ रहा है। इसी तरह, हमें तांबे और लोहे का भी आयात करना पड़ रहा है जबकि हमारे पास इनके अयस्कों के भंडार हैं।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निर्माण क्षेत्र को विशेष प्रोत्साहन देकर निर्यात बढ़ाने और आयात घटाने की जरूरत है। इन दिनों दुनिया भर में सेमीकंडक्टर चिप की किल्लत चल रही है, जबकि जानकारों का कहना है कि आने वाले दिनों में तकनीकी बदलावों के चलते वाहनों में इस चिप की मांग और बढ़ेगी। गडकरी ने यह भी कहा कि इस्पात निर्माताओं द्वारा इसके भाव बढ़ाए जाने के बाद वह देश के निर्माण क्षेत्र में इस्पात फाइबर को अनुमति देने जा रहे हैं जो इस्पात से 40 प्रतिशत सस्ता है। गडकरी ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की बड़े बजट की कुछ परियोजनाओं का हवाला देते हुए कहा, देश में सरकारी परियोजनाओं के लिए पूंजी की कोई कमी नहीं है। मजबूत तथा सकारात्मक राजनीतिक इच्छाशक्ति इस सिलसिले में सबसे महत्वपूर्ण है। संसाधन और तकनीक की जरूरत तो बाद में पड़ती है।

## अदालत ने आरएसएस कार्यकर्ता की हत्या की जांच सीबीआई से करवाने की अपील ठुकराई

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय आरएसएस के एक कार्यकर्ता की हत्या के मामले की जांच सीबीआई से करवाने की मांग करने वाली याचिका बृहस्पतिवार को खारिज कर दी। राज्य के पलक्कड़ जिले में पिछले साल नवंबर में आरएसएस कार्यकर्ता संजीत (27) की हत्या कर दी गई थी। न्यायमूर्ति के. हरिपाल ने मृतक की विधवा की ओर से दायर याचिका खारिज कर दी। इस आदेश का विवरण अभी उपलब्ध नहीं हो सका है। राज्य सरकार ने याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और यदि किसी दूसरी एजेंसी से नए सिरे से जांच शुरू की जाती है तो पूरी प्रक्रिया फिर से दोहरानी पड़ेगी जिससे अंतिम रिपोर्ट सौंपने में देर होगी और इस बीच आरोपी को जमानत भी मिल सकती है। पिछले साल 15 नवंबर को ए. संजीत (27) अपनी पत्नी को कार्यालय ले जा रहा था जब उसकी हत्या कर दी गई थी।

# सांसद नवनीत राणा, उनके विधायक पति जेल से रिहा

**मुंबई।** निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा बृहस्पतिवार को मुंबई की जेल से रिहा हो गए। राजद्रोह के कथित मामले में गिरफ्तारी के एक सप्ताह से अधिक समय बाद राणा दंपति को एक अदालत ने बुधवार को जमानत दी थी। बुधवार को जमानत मिलने के बाद जरूरी दस्तावेज समय पर उस जेल तक नहीं पहुंचाया जा सका जहां उन्हें रखा गया था। एक अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र के अमरावती से लोकसभा सदस्य नवनीत राणा दक्षिण मुंबई की भायखला महिला जेल से दोपहर करीब दो बजे बाहर निकलीं। जेल से रिहा होने के बाद वह पुलिस की सुरक्षा में उपनगरीय बांद्रा के लिए रवाना हो गईं। अधिकारी ने कहा कि बीमारी के इलाज के लिए नवनीत को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। सांसद के पति और अमरावती के बडनेरा से विधायक रवि राणा को भी शाम करीब चार बजे नवी मुंबई की तलोजा जेल से रिहा कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि जेल की जमानत पेटी अपराह्न साढ़े तीन बजे खुली जिसके बाद उनकी रिहाई की औपचारिकताएं पूरी की गईं। उन्होंने कहा कि तलोजा जेल के बाहर भारी सुरक्षा तैनात की गई। राणा दंपति को 23 अप्रैल को खार पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 124 (ए) (राजद्रोह) और 153 (ए) (विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) के तहत गिरफ्तार किया था। दंपति ने घोषणा की थी कि वे यहां महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के निजी आवास मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। उनकी घोषणा के बाद ठाकरे की पार्टी शिवसेना के कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए, जिससे तनाव पैदा हो गया।

# सलेम मामले में भारत सरकार के दिए गए आश्वासन से न्यायपालिका स्वतंत्रः केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र ने उच्चतम न्यायालय से कहा कि 2002 में गैंगस्टर अबू सलेम के प्रत्यर्पण के दौरान पुर्तगाल सरकार को दिए गए आश्वासन से न्यायपालिका स्वतंत्र है और यह कार्यपालिका पर निर्भर करता है कि वह उचित स्तर पर इस पर फैसला करे। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की पीठ ने गैंगस्टर अबू सलेम की एक याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसमें 1993 के मुंबई विस्फोट मामले में उसने अपनी उम्रकैद को चुनौती दी है। सलेम ने इस आधार पर चुनौती दी है कि उसकी सजा 25 साल से अधिक नहीं हो सकती क्योंकि सरकार उस आश्वासन से बंधी है जो पुर्तगाल सरकार को उसके प्रत्यर्पण के लिए दिया गया था।

केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने कहा, सरकार तत्कालीन उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी द्वारा पुर्तगाल सरकार को दिए गए आश्वासन से बंधी है और वह उचित समय पर इसका पालन करेगी। राष्ट्र की ओर से दिया गया यह आश्वासन न्यायपालिका पर थोपा नहीं जा सकता। कार्यपालिका उचित स्तर पर इस पर कार्वाई करेगी। आश्वासन से बंधे हैं। न्यायपालिका स्वतंत्र है, वह कानून के अनुसार आगे बढ़ सकती है। पीठ ने नटराज से कहा कि सलेम का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील ऋषि मल्होत्रा की दलील यह है कि अदालत को गंभीर आश्वासन पर फैसला करना चाहिए और उसकी सजा को उम्रकैद से घटाकर 25 साल करना चाहिए या सरकार को निर्देश देना चाहिए कि वह प्रत्यर्पण के दौरान दिए गए गंभीर आश्वासन पर फैसला करे। शीर्ष अदालत ने कहा कि दूसरा मुद्दा एक समायोजित अवधि को लेकर है क्योंकि दलील यह है कि उसे यहां की अदालत के आदेश पर जारी रेड कॉर्नर नोटिस के बाद पुर्तगाल में गिरफ्तार किया गया था और वह भारत के लिए प्रत्यर्पण तक हिरासत में रहा। नटराज ने कहा कि सलेम फर्जी पासपोर्ट से जुड़े एक अलग मामले में हिरासत में रहा था। विशेष टाडा अदालत ने 25 फरवरी, 2015 को 1995 में मुंबई के बिल्डर प्रदीप जैन की उनके ड्राइवर मेहंदी हसन के साथ हत्या के एक अन्य मामले में सलेम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। 1993 के मुंबई बम धमाकों के दोषी सलेम को लंबी कानूनी लड़ाई के बाद 11 नवंबर, 2005 को पुर्तगाल से भारत प्रत्यर्पित किया गया था। जून 2017 में, सलेम को दोषी ठहराया गया और बाद में मुंबई में 1993 के श्रृंखलाबद्ध विस्फोट मामले में उसकी भूमिका के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

# 2020 में दुनिया के 170 देशों में करीब 51 हजार भारतीयों बच्चों का जन्म हुआ

**नई दिल्ली।** वर्ष 2020 में दुनिया के 170 देशों में करीब 51 हजार भारतीय बच्चों का जन्म हुआ जिनमें से सबसे अधिक 16,469 भारतीय बच्चों का जन्म संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में हुआ। इसी अवधि में विदेश में 10,817 भारतीयों की मौत हुई। यह जानकारी भारत के महापंजीयक (आरजीआई) के आंकड़ों से प्राप्त हुई है। आरजीआई की रिपोर्ट वर्ष 2020 के लिए नागरिक पंजीकरण प्रणाली पर आधारित, भारत के महत्वपूर्ण आंकड़े (वाइटल स्टैटिस्टिक्स ऑफ इंडिया बेस्ड ऑन द सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम) में कहा गया है कि वर्ष 2020 के दौरान विदेश में हुई भारतीय नागरिकों की मौत और जन्म को भारतीय मिशनों ने नागरिकता अधिनियम 1955 के तहत दर्ज किया। रिपोर्ट के मुताबिक इस अवधि में दुनिया के 170 देशों में कुल 51,089 भारतीय बच्चों का जन्म हुआ जिनमें से 16,469 बच्चों का जन्म यूएई में जबकि 6,074 बच्चों का जन्म सऊदी अरब में हुआ। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2020 के दौरान कुवैत में 4202 भारतीय बच्चों का, कतर में 3936, इटली में 2352, ऑस्ट्रेलिया में 2316, ओमान में 2177, बहरीन में 1567, जर्मनी में 1400 और सिंगापुर में 1358 भारतीय बच्चों का जन्म हुआ। इसी प्रकार स्पेन में 768, दक्षिण अफ्रीका में 620, ब्रिटेन में 578, स्वीडन में 388, जाम्बिया में 156, अमेरिका में 37 और पाकिस्तान में चार भारतीय बच्चों का जन्म हुआ। आंकड़ों के मुताबिक विदेश में इस अवधि में 10,817 लोगों की मौत हुई जिनमें सबसे अधिक 3754 लोगों की मौत सऊदी अरब में हुई जबकि यूएई में 2454, कुवैत में 1279, ओमान में 630, कतर में 386, बहरीन में 312, अमेरिका में 254, इटली में 216, सिंगापुर में 166, ब्रिटेन में 19 और पाकिस्तान में छह भारतीयों की मौत हुई।

# मुस्लिम साले ने दलित को मार डाला, झूठी शान के लिए हत्या

**हैदराबाद।** हैदराबाद में 25 वर्ष के एक दलित व्यक्ति को उसके मुस्लिम साले और एक अन्य व्यक्ति ने बेरहमी से मार डाला। संदिग्ध झूठी शान के लिए हत्या की इस घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घटना बुधवार रात सरूरनगर में हुई जब पीड़ित बी नागराजू अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल पर जा रहा था। स्कूटर पर आए हमलावरों सैयद मोबिन अहमद और मोहम्मद मसूद अहमद ने जोड़े को सड़क पर रोका और नागराजू पर पहले लोहे की छड़ से और उसके बाद चाकू से वार किया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।पुलिस ने कहा कि सैयद मोबिन अहमद अपनी बहन के नागराजू से संबंधों के खिलाफ था और उसने उसे इसके खिलाफ चेतावनी भी दी थी।

जोड़े को रोकने के बाद, दोनों ने नागराजू को जमीन पर धकेल दिया और उस पर छड़ से कई बार वार किया और फिर उसे चाकू मारा दिया। दोनों ने इसकी पुष्टि की कि वह मर चुका है और फिर वहां से भाग गए। दोनों आरोपियों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उपायुक्त (एलबी नगर जोन) सुनप्रीत सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत हत्या और अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति (अत्याचार रोकथाम) संशोधन अधिनियम, 2015 के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। डीसीपी ने कहा कि मामले की सुनवाई त्वरित सुनवाई अदालत में की जाएगी। नागराजू की पत्नी ने मीडिया को बताया कि वह उसे पिछले 11 साल से जानती थी और दावा किया कि उस पर पांच लोगों ने हमला किया। हिंदू-मुस्लिम जोड़ा स्कूल और कॉलेज में सहपाठी था और दोनों पांच साल से अधिक समय से प्रेम संबंध में थे, जबकि उनका परिवार इस रिश्ते के खिलाफ था। पुलिस ने कहा कि दोनों ने इस साल जनवरी में लड़की के परिवार के सदस्यों की इच्छा के खिलाफ शादी कर ली। पुलिस ने कहा कि मोबिन अहमद ने पहले भी अपनी बहन को चेतावनी दी थी, बाद में वह नागराजू से शादी करने के लिए घर छोड़कर चली गई।

पुलिस ने कहा कि तब से मोबिन अहमद नागराजू के खिलाफ गुस्सा था। पुलिस ने कहा कि वह नागराजू को खत्म करने की योजना बना रहा था और उसने अपने रिश्तेदार के साथ मिलकर एक षड्यंत्र रचा और उसे बुधवार को अंजाम दिया। नागराजू के पिता ने यह भी आरोप लगाया कि मोबिन अहमद अंतर-धार्मिक विवाह के खिलाफ था। घटना की निंदा करते हुए, भाजपा की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद बी. संजय कुमार ने कहा कि नागराजू को इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि उसने एक मुस्लिम महिला से शादी की। उन्होंने इसे धार्मिक हत्या करार दिया। उन्होंने मांग की कि दोषियों की पहचान की जानी चाहिए और उनके पीछे की ताकतों और संगठनों को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। उन्होंने एक बयान में सवाल किया कि तथाकथित धर्मनिरपेक्ष दल और धर्मनिरपेक्ष बुद्धिजीवी इस तरह की घिनौनी हत्या पर प्रतिक्रिया क्यों नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी को तब सांप्रदायिक कहा जाता है जब यह कुछ धार्मिक रूप से कट्टरपंथी संगठनों को लव जिहाद में कथित रूप से संलिप्त होने के लिए संदर्भित करती है। लव जिहाद का इस्तेमाल भाजपा और दक्षिणपंथी संगठनों द्वारा गैर-मुस्लिम महिलाओं, मुख्य रूप से हिंदुओं का मुस्लिम पुरुषों द्वारा प्यार की आड़ में धर्म परिवर्तन करने का दावा करने के लिए किया जाता है। छद्म धर्मनिरपेक्षतावादियों को लोगों को बताना चाहिए कि वर्तमान हत्या किस प्रकार की घटना है। कुमार ने यह भी सवाल किया कि प्रगतिशील लोग और प्रगतिशील मीडिया जो पहले मिर्यालगुडा में झूठी शान के लिए हत्या की घटना को लेकर मुखर थे, अब चुप्पी क्यों साधे हुए हैं।

# नए कारोबार, स्टार्टअप व नवाचार के अवसर सृजित करने पर जोर

● **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच हुई वार्ता के बाद जारी किया गया संयुक्त बयान**

● **फ्रांस की योजना, वर्ष 2025 तक 20 हजार भारतीय छात्र पढ़ने आएं**

**भाषा।** पेरिस

**फ्रांस ने वर्ष** 2025 तक अपने देश में 20 हजार भारतीय छात्रों को पढ़ने के लिए आने का मार्ग प्रशस्त करने की योजना बनाई है जिससे दोनों देशों के बीच नए कारोबार, स्टार्ट अप और नवाचार के अवसर सृजित होंगे। दोनों देशों के संयुक्त बयान में यह बात कही गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच बुधवार को हुई वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान के अनुसार, भारत और फ्रांस ने छात्रों, कुशल कामगारों और पेशेवरों की आवाजाही को संयुक्त रूप से बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की तथा दोनों देशों के बीच अनियमित प्रवासन का मुकाबला करने के प्रयासों को मजबूत बनाने पर जोर दिया। संयुक्त बयान के अनुसार, छात्रों की द्विपक्षीय आवाजाही के फायदे को स्वीकार करते हुए फ्रांस अपने यहां वर्ष 2025 तक 20 हजार भारतीय छात्रों को जोड़ने का लक्ष्य रखता है जिससे दोनों देशों के बीच नए कारोबार, स्टार्ट अप और नवाचार के अवसर सृजित होंगे।

इसमें कहा गया है कि दोनों पक्ष छात्रों, स्नातकों, पेशेवरों और कुशल कामगारों की आवाजाही को बढ़ाने को लेकर संयुक्त रूप से काम करते रहेंगे, साथ ही अनियमित प्रवासन का मुकाबला करने के प्रयासों को मजबूत बनाएंगे। नई दिल्ली स्थित फ्रांसिसी दूतावास की वेबसाइट के ताजा आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2019 में 10 हजार भारतीय छात्र उच्च शिक्षा के लिए फ्रांस गए। वर्ष 2020 और 2021 में फ्रांस ने भारतीय छात्रों का स्वागत किया और कोविड की स्थिति में उनकी विशेष सहायता की। बयान के अनुसार, दोनों देशों ने छात्रों, कुशल कामगारों और पेशेवरों की आवाजाही को संयुक्त रूप से बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की तथा दोनों देशों के बीच अनियमित प्रवासन का मुकाबला करने के प्रयासों को मजबूत बनाने पर जोर दिया। दोनों देशों ने आवाजाही एवं प्रवासन संबंधी साझेदारी समझौता को लागू करने पर पूरी प्रतिबद्धता व्यक्त की जो एक अक्टूबर 2021 से प्रभाव में आया है।



इस समझौते का मकसद आवाजाही पर आधारित चक्रीय प्रवासन को अस्थाई तौर पर सुगम बनाना तथा अपने देश में कौशल की वापसी को प्रोत्साहित करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन यूरोपीय देशों के दौरे पर थे जिसके अंतिम चरण में वह फ्रांस आए। फ्रांस में प्रधानमंत्री मोदी ने मैक्रों के साथ द्विपक्षीय एवं साझा हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों तथा क्षेत्रीय एवं वैश्विक घटनाक्रम पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्रा पूरी कर बृहस्पतिवार को स्वदेश लौट गए। इस दौरान उन्होंने जर्मनी एवं डेनमार्क में व्यापार, ऊर्जा और हरित प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए कई द्विपक्षीय बैठकें कीं।

## फ्रांस ने सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता, एनएसजी की सदस्यता की कोशिश का समर्थन किया

**पेरिस।** फ्रांस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और उसमें भारत की स्थाई सदस्यता तथा परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (एनएसजी) में भारत की सदस्यता संबंधी प्रयास का समर्थन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान में यह जानकारी दी गई। भारत लंबे वक्त से सुरक्षा परिषद में सुधार करने की मांग कर रहा है और उसका कहना है कि वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनने का हकदार है। सुरक्षा परिषद में पांच स्थाई हैं। विश्व निकाय में दस अस्थाई सदस्य हैं, जिन्हें संयुक्त राष्ट्र महासभा दो वर्ष के लिए चुनती है।

## क्विक न्यूज

### कोविड के पिछले स्वरूपों की तरह गंभीर हो सकता है ओमीक्रोन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक अध्ययन मे दावा किया गया है कि ओमीक्रोन कोरोना वायरस के पिछले स्वरूपों की तरह गंभीर हो सकता है। यह दावा अभी तक सामने आईं उन धारणाओं के विपरीत है कि वायरस का यह स्वरूप अधिक संक्रामक, लेकिन कम गंभीर है। अध्ययन अभी प्रकाशित नही हुआ है और दो मई को रिसर्च स्क्वायर पर प्रिंटि के रूप मे डाला गया है। पहले बी.1.1.529 (ओमीक्रोन) स्वरूप को अधिक संक्रामक, लेकिन सार्स-सीओवी-2 के अन्य स्वरूपो से कम गंभीर बताया गया था। इस धारणा को परखने के लिए अनुसंधानकर्ताओ ने राज्यस्तरीय टीकाकरण आंकड़ो को 13 अस्पतालो समेत मैसाचुसेट्स की बड़ी स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के गुणवत्ता-नियंत्रित इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड से जोड़ा। मैसाचुसेट्स जनरल अस्पताल, मिनर्वा विश्वविद्यालय और हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के अनुसंधानकर्ताओ समेत अध्ययन दल ने फिर कोविड-19 के।,30,000 रोगियो मे सार्स-सीओवी-2 की सभी लहरो मे अस्पतालो मे भर्ती होने तथा मृत्यु के जोखिम की तुलना की।अस्पतालो मे भर्ती होने और मृत्यु के असमायोजित मामले ओमीक्रोन की तुलना मे पहले की अवधि मे अधिक पाए गए लेकिन यह जोखिम लगभग समान ही नजर आया। अनुसंधानकर्ताओ ने हालांकि कहा कि ओमीक्रोन की अंतर्निहित गंभीरता को समझना चुनौतीपूर्ण है।

### सतह के बजाए हवा से 1,000 गुना ज्यादा फैल सकता है कोविड

**वाशिंगटन।** लोग जिन सतहो को छूते है, उनकी तुलना मे सांस मे जाने वाली हवा के माध्यम से कोविड-19 के वायरस का संक्रमण होने की आशंका।,000 गुना अधिक होती है। एक अध्ययन मे यह दावा किया गया है। अमेरिका मे यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन के अनुसंधानकर्ताओ ने अपने परिसर में अगस्त 2020 से अप्रैल 2021 तक एक पर्यावरण पर्यवेक्षण कार्यक्रम के दौरान हवा और सतहो से नमूने लिए। पिछले सप्ताह जर्नल ऑफ एक्सपोजर साइंस एंड एनवॉयरनमेंटल एपिडेमियोलॉजी मे प्रकाशित अध्ययन मे कक्षाओ, अभ्यास कक्षो, कैफेटेरिया, बसो और जिम जैसे सार्वजनिक स्थानो से तथा खिड़कियो, रोशनदानो और हवा निकासी वाले डक्ट आदि से नमूने लिए गए। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के प्रोफेसर चुआनवू शी ने कहा, सतह से संक्रमण का खतरा हवा के जरिए संक्रमण के जोखिम से।,000 गुना कम पाया गया। शी और उनके सहयोगियो ने हवा संबंधी नमूनो के लिए इस तरह के उपकरणो का इस्तेमाल किया जो एक पंप के माध्यम से बड़ी मात्रा मे हवा खीच लेते है और उसमें मौजूद किसी भी वायरस का भी पता लगा लेते है।

### श्रीलंका में संसद के उपाध्यक्ष पद के मतदान में विपक्ष की हार के बाद राजपक्षे सरकार हुई मजबूत

**कोलंबो।** श्रीलंका मे बृहस्पतिवार को संसद के उपाध्यक्ष पद के लिए गुप्त मतदान के जरिए हुए चुनाव मे सरकार समर्थित उम्मीदवार को जीत मिली। इसे संकटग्रस्त राजपक्षे परिवार के लिए अहम जीत के तौर पर देखा जा रहा है। इस जीत से सत्तारूढ़ एसएलपीपी गठबंधन की संसद मे बहुमत साबित करने की क्षमता भी प्रतिबिंबित होती है। उल्लेखनीय है कि देश की अर्थव्यवस्था के कथित कुप्रबंधन के चलते श्रीलंका मे सरकार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन हो रहे हैं।सांसद रंजीत सियामबालापितिया दोबारा उसी पद पर निर्वाचित हुए जिस पद से उन्होने इस्तीफा दिया था। यह पद संसद के उपाध्यक्ष का है। सियामबालापितिया पूर्व राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना की श्रीलंका फ्रीडम पार्टी (एसएलएफपी) के सदस्य हैं। उन्होंने अपने पद से इसलिए इस्तीफा दे दिया था क्योंकि उनकी पार्टी ने सरकार से अलग होने का फैसला किया था। संसद के अध्यक्ष महिंदा यापा अबेयावर्दने ने घोषणा की कि सियामबालापितया को संसद के उपाध्यक्ष पद पर 65 के मुकाबले 148 मतों से चुना गया है जबकि तीन मतो को अमान्य करार दिया गया। एसएलएफपी के सरकार से अलग होने के बावजूद सत्तारूढ़ श्रीलंका पोदजना पेरामुना (एसएलपीपी) ने सियामबालापितिया का समर्थन किया ताकि यह दिखाया जा सके कि सरकार का सदन में बहुमत बरकरार है। उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचन के बाद सियामबालापितिया ने कहा कि उन्हें सर्वसम्मति से निर्वाचित होने की उम्मीद थी। मुख्य विपक्षी नेता सजीथ प्रेमदासा ने कहा कि उन्होंने इम्तियाज बाकीर मरकर को अपना प्रत्याशी बनाने का फैसला किया क्योंकि उन्हें पता था कि सत्तारूढ़ एसएलपीपी सियामबालापितिया का गुप्त मतदान के दौरान समर्थन करेगी। प्रेमदासा ने सियामबालापितिया पर सरकार की कठपुतली होने का आरोप लगाया। उल्लेखनीय है कि सरकार का सदन में बहुमत उस समय संकट में लग रहा था जब सत्तारूढ़ गठबंधन के करीब 40 सांसदों ने खुद को सरकार से अलग घोषित कर दिया। उन्होंने यह कदम राजपक्षे परिवार के इस्तीफे की मांग को लेकर हो रहे प्रदर्शनो के मद्देनजर उठाया। सत्तारूढ़ गठबंधन के अन्य सदस्यो ने भी प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के इस्तीफे की मांग की ताकि सभी दलो के प्रतिनिधियो को मिलाकर अंतरिम सरकार बनाई जा सके। हालांकि, राजपक्षे लगातार सदन मे बहुमत होने का दावा करते रहे है। विशेषज्ञो का मानना है कि उपाध्यक्ष पद के चुनाव से महिंदा राजपक्षे की स्थिति दोबारा मजबूत हुई है।

# मारियुपोल संयंत्र में लड़ाई तेज



**एपी । ल्वीव ( यूक्रेन )**

**यूक्रेन की** सेना ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने देश के दक्षिणी हिस्से में कुछ इलाकों को फिर से अपने कब्जे में ले लिया है जबकि पूर्वी हिस्से में रूसी हमलों का करारा जवाब दिया है। वहीं मारियुपोल में इस्पात संयत्र में खूनी लड़ाई तेज हो गई है, जहां यूक्रेनी बल सुरंगों और बंकरों में छिपकर रूसी हमलों का सामना कर रहे हैं। युद्ध शुरु हुए 10 सप्ताह गुजर चुके हैं। यूक्रेन और रूसी सुरक्षा बलों के बीच अब गांव-गांव में लड़ाई चल रही है। रूसी बल पूर्वी यूक्रेन के औद्योगिक केंद्र डोनबास में लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। रूस ने इस क्षेत्र पर अपना ध्यान केंद्रित कर रखा है, जहां उसके समर्थक अलगाववादी , यूक्रेनी बलों से लड़ रहे हैं। यूक्रेनी बलों ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने खेरसॉन और मायकोलाइव के दक्षिणी क्षेत्रों की सीमा पर कुछ बढ़त हासिल की है और डोनेत्स्क तथा लुहान्स्क क्षेत्रों में रूसी हमलों का करारा जवाब दिया है। यूक्रेन के अधिकारियों ने कहा कि पिछले 24 घंटों में डोनबास के शहरों में गोलाबारी में पांच लोग मारे गए और कम से कम 25 अन्य घायल हो गए। हमले में घरों और एक स्कूल को भी नुकसान पहुंचा है।

## यूक्रेन के लिए दानदाता सम्मेलन में 6.5 अरब डॉलर की सहायता की घोषणा

**एपी। वारसा ( पोलैंड )**

**युद्धग्रस्त यूक्रेन** को वारसा में एक अंतरराष्ट्रीय दानदाता सम्मेलन में बृहस्पतिवार को मानवीय सहायता के रूप में 6.5 अरब डॉलर की राशि और देने का वादा किया गया। यह राशि युद्ध के बाद देश के पुनर्निर्माण की योजना बना रहे यूक्रेन की तत्काल मदद के लिए है। सम्मेलन के सह-आयोजक पोलैंड के प्रधानमंत्री मातेयुस्ज मोरावीकी ने 6.5 अरब डॉलर की सहायता प्राप्त होने की घोषणा की जिसका एक दिवसीय सम्मेलन में भाग ले रहे नेताओं और अन्य अधिकारियों ने ताली बजाकर स्वागत किया। इस सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र तथा गूगल जैसी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। वारसा के नेशनल स्टेडियम में शामिल सम्मेलन में प्रत्यक्ष तौर पर शामिल कुछ देशों और उद्योगों के प्रतिनिधियों ने सहायता का संकल्प व्यक्त किया ।

# बेलारूस ने किया यूक्रेन के खिलाफ रूस की सैन्य कार्रवाई का समर्थन

● **युद्ध को समाप्त करने के लिए सब कुछ कर रहे : लुकाशेंको**

**एपी।** मिंस्क(बेलारूस)

**बेलारूस के** राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंको ने बृहस्पतिवार को यूक्रेन के खिलाफ रूस की सैन्य कार्रवाई का समर्थन किया और कहा कि वह युद्ध को रोकने के लिए सब कुछ कर रहे हैं। लुकाशेंकों ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को दिए एक साक्षात्कार में यह भी कहा कि उन्हें नहीं लगता था कि रूस की यूक्रेन में यह कार्वाई इस तरह से खिंचेगी। उन्होंने कहा, लेकिन वह इस समस्या में इतनी गहराई से नहीं गए कि कह सकें कि यह योजना के अनुरूप जाएगी। मैं एक बार फिर जोर देकर कहना चाहता हूं, मेरा मानना है कि यह अभियान खिंच गया है। लुकाशेंको ने यूक्रेन पर रूस को भड़काने का आरोप लगाया और जोर देकर कहा कि बेलारूस शांति चाहता है। उन्होंने कहा, हम स्पष्ट रूप से किसी युद्ध को स्वीकार नहीं करेंगे। हम अब सब कुछ कर रहे हैं ताकि युद्ध न हो। आपको वास्तव में हमारा शुक्रगुजार होना चाहिए, कि मेरी वजह से रूस और यूक्रेन के बीच वार्ता शुरू हो गई है। लुकाशेंको ने सवाल किया, यूक्रेन के इलाके में प्रभावी तरीके से युद्ध हो रहा है, सैन्य कार्वाई चल रही है, लोग मर रहे हैं... लेकिन क्यों वह इन वार्ताओं में रुचि नहीं ले रहा? लुकाशेंको ने सार्वजनिक रूप से रूस की कार्रवाई का समर्थन किया था। उन्होंने मार्च महीने की शुरुआत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के दौरान आरोप लगाया था कि यूक्रेन ने बेलारूस पर हमले की योजना बनाई थी और मॉस्को की कार्वाई से यह टला।

## यहूदियों की यात्रा फिर से शुरू, अल-अक्सा मस्जिद के अंदर घुसी पुलिस

**एपी।** यरूशलम

**इजराइल पुलिस** यहूदियों की यात्रा फिर से शुरू होने के बाद बृहस्पतिवार को फलस्तीनी प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए अल अक्सा मस्जिद के मुख्य हिस्से में दाखिल हुई। यहूदियों की यात्रा रमजान के महीने के चलते रुकी हुई थी। हालिया कुछ सप्ताह में मुसलमानों के तीसरे सबसे पवित्र स्थल अल-अक्सा मस्जिद में कई बार झड़प देखी गई है। पहाड़ी पर स्थित यह स्थल यहूदियों लिए सबसे पवित्र स्थल है, जो इसे टैंपल माउंट कहते हैं। यहूदियों की यात्रा फिर से शुरू होते ही दर्जनों फलस्तीनी जमा होकर अल्लाहु अकबर के नारे लगाने लगे। जब पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने गई तो झड़प भी हुई। इस दौरान पुलिस ने रबड़ लगी गोलियां चलाईं क्योंकि कुछ फलस्तीनी मस्जिद के अंदर बैठे हुए थे। इसके बाद पुलिस को मस्जिद में प्रवेश करते देखा गया।

## खाद्य प्रसंस्करण मंत्री ने तीन ओडीओपी ब्रांड पेश किए

**नई दिल्ली भाषा**

**केंद्रीय खाद्य** प्रसंस्करण मंत्री पशुपति कुमार पारस ने एक जिला एक उत्पाद अभियान के तहत विकसित तीन ब्रांड बृहस्पतिवार को पेश किए। एक आधिकारिक बयान के अनुसार पारस ने सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के प्रोत्साहन के लिए चलाई गई प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के तहत तीन एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) ब्रांड पेश किए। इस मौके पर खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल और खाद्य प्रसंस्करण सचिव अनीता प्रवीण भी मौजूद थे। बयान में कहा गया कि खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय ने पीएमएफएमई योजना के तहत चयनित 20 ओडीओपी के 10 ब्रांड विकसित करने के लिए नैफेड के साथ एक समझौता किया है। इनमें से सात ओडीओपी ब्रांड और नौ उत्पादों को नैफेड के सहयोग से उतारा गया है।

## पीएसयू को खराब कोयले की आपूर्ति के मामले में ईडी ने दाखिल किया आरोप-पत्र

**भाषा।** नई दिल्ली

**जांच एजेंसी** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) को खराब गुणवत्ता वाले कोयले की कथित बिक्री से जुड़े मामले में चेन्नई की एक विशेष अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया है। निदेशालय ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि काला धन शोधन से जुड़े इस मामले के मुख्य आरोपी ए आर बुहारी और उससे जुड़ी छह कंपनियों के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किया गया है। इस मामले में चेन्नई स्थित कोस्टल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई स्थित कोस्टल एनर्जेन प्राइवेट लिमिटेड, दुबई स्थित सीएनओ डीएमसीसी, दुबई स्थित सीएनओ एलएलसी, ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड स्थित प्रीशियस एनर्जी होल्डिंग्स लिमिटेड और मॉरीशस स्थित मुटियारा एनर्जी होल्डिंग्स लिमिटेड को आरोपी बनाया गया है। प्रवर्तन निदेशालय के मुताबिक, यह मामला कोयले की कीमतों के ज्यादा मूल्यांकन से संबंधित है जिसकी वजह से सार्वजनिक उपक्रमों को खराब गुणवत्ता वाले कोयले की अधिक कीमत चुकानी पड़ी। एजेंसी के मुताबिक, अदालत ने 29 अप्रैल को धनशोधन निवारक अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत दायर इस आरोपपत्र पर संज्ञान लिया है। निदेशालय ने कहा, सभी छह आरोपी कंपनियों का प्रबंधन, नियंत्रण एवं स्वामित्व अहमद ए आर बुहारी के पास है। एजेंसी ने कहा कि बुहारी ही इन कंपनियों का नियंत्रण कर रहा था। एजेंसी का कहना है कि बुहारी ने पीएसयू को बेचे गए कोयले का अधिक मूल्यांकनै कर 564.48 करोड़ रुपए की आपराधिक आय इकट्ठा की। इसके अलावा बुहारी ने कथित तौर पर विभिन्न कंपनियों के माध्यम से इस आय को दूसरी जगह भेज दिया और अंत में इसे अपनी एक कंपनी कोस्टल एनर्जेन के बिजली संयंत्र की स्थापना में इस्तेमाल किया।

## अडाणी पावर का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में उछलकर 4,645 करोड़ रुपए पर पहुंचा

**भाषा। नई दिल्ली**

**अडाणी पावर** का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2021-22 की जनवरी-मार्च तिमाही में उछलकर 4,645.47 करोड़ रुपए पर पहुंच गया जो एक साल पहले इसी तिमाही में 13.13 करोड़ रुपए था। कंपनी ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 13,307.92 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 6,902.01 करोड़ रुपए थी। अडाणी पावर का एकीकृत शुद्ध लाभ 2021-22 में बढ़कर 4,911.58 करोड़ रुपए रहा जो एक साल पहले।,269.98 करोड़ रुपए था। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी की कुल आय बढ़कर 31,686.47 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले 2020-21 में 28,149.68 करोड़ रुपए थी।

# शुरुआती तेजी के बाद बाजार से रौनक हुई गायब

● **सेंसेक्स मामूली 33 अंक चढ़ा**

**भाषा। मुंबई**

**मुनाफा वसूली** के चलते घरेलू शेयर बाजार बृहस्पतिवार को शुरुआती कारोबार में मिली बढ़त को बरकरार नहीं रख सके और अंत में लगभग सपाट बंद हुए। कारोबार के दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 897.77 अंक या 1.61 प्रतिशत की छलांग लगाकर 56,566.80 पर पहुंच गया था। हालांकि, इसने अपनी अधिकांश बढ़त गंवा दी और अंत में सिर्फ 33.20 अंक या 0.06 प्रतिशत बढ़कर 55,702.23 पर बंद हुआ।

इसी तरह एनएसई निफ्टी 5.05 अंक या 0.03 फीसदी की मामूली तेजी के साथ 16,682.65 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में टेक महिंद्रा सबसे ज्यादा 4.07 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा इंफोसिस, एचसीएल टेक्नालॉजीज, टाटा स्टील, विप्रो, आईटीसी, एचडीएफसी, टीसीएस, कोटक महिंद्रा बैंक और आईसीआईसीआई बैंक बढ़ने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर इंडसइंड बैंक, सन फार्मा, नेस्ले, अल्ट्राटेक सीमेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, पावरग्रिड, बजाज फिनसर्व और टाइटन में 4.32 प्रतिशत तक की गिरावट रही। अन्य एशियाई बाजारों में हांगकांग गिरकर बंद हुआ, जबकि शंघाई में मामूली बढ़त थी। जापान और कोरिया के बाजार छुट्टियों के कारण बंद थे। यूरोप में शेयर बाजार दोपहर के सत्र में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। फेडरल रिजर्व ने बुधवार को महंगाई पर काबू पाने के मकसद से अपनी प्रधान अल्पकालिक ब्याज दर को आधा प्रतिशत बढ़ा दिया था। हालांकि, फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने अगली बैठक में 0.75 प्रतिशत बढ़ोतरी से इनकार किया। इससे वॉल स्ट्रीट पर राहत महसूस की गई। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, फेडरल रिजर्व द्वारा आक्रामक ढंग से दर बढ़ाने की आशंका पिछले कुछ दिनों से वैश्विक अस्थिरता का प्रमुख कारण थी। फेड ने आधा प्रतिशत बढ़ोतरी कर निवेशकों की चिंताओं को कम कर दिया, जिससे वैश्विक बाजारों में तेजी हुई। उन्होंने कहा कि हालांकि अमेरिकी वायदा में बिकवाली के बाद घरेलू बाजार ने दिन के अंत में अपनी बढ़त गंवा दी।बुधवार को बीएसई स्मॉलकैप 0.32 प्रतिशत गिरा, जबकि मिडकैप सूचकांक 0.21 प्रतिशत नीचे आ गया। क्षेत्रवार बात करें तो बीएसई पावर में सबसे ज्यादा 1.94 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इसके बाद आईटी में 1.86 फीसदी, प्रौद्योगिकी में 1.81 फीसदी और जन उपयोगी सेवाओं से जुड़ी कंपनियों में 1.51 फीसदी की बढ़ोतरी हुई।







# अप्रैल में वाहनों की खुदरा बिक्री 37 प्रतिशत बढ़ी

**भाषा।** नई दिल्ली

**वाहन डीलरों** के संगठन फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में वाहनों की खुदरा बिक्री में 37 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। यह वृद्धि पिछले साल अप्रैल माह की तुलना में है जब देश कोविड महामारी की दूसरी लहर से जूझ रहा था। फाडा ने कहा कि अप्रैल में सभी श्रेणियों में कुल 16,27,975 वाहनों की बिक्री हुई, जबकि इससे एक साल पहले समान अवधि के दौरान 11,87,771 वाहन बिके थे। सालाना आधार पर देखा जाए तो यात्री वाहनों और दोपहिया सहित सभी वाहन श्रेणियों में बिक्री पिछले साल अप्रैल की तुलना में इस साल बढ़ी है।

पिछले महीने 2,64,342 यात्री वाहनों का पंजीकरण हुआ, जो एक साल पहले की समान अवधि की 2,10,682 इकाइयों से 25 प्रतिशत अधिक था। इसी तरह अप्रैल 2022 में 11,94,520 दोपहिया वाहनों की बिक्री हुई जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 38 प्रतिशत अधिक है। बीते महीने, वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री 78,398 इकाई पर पहुंच गई, जो अप्रैल, 2021 की 51,515 इकाइयों से 52 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल, 2021 की तुलना में इस साल अप्रैल में तिपहिया वाहनों की बिक्री 96 प्रतिशत बढ़ी है, जबकि ट्रैक्टर पंजीकरण में 26 प्रतिशत की वृद्धि हुई। फाडा के अध्यक्ष विंकेश गुलाटी ने कहा, अप्रैल, 2019 और अप्रैल, 2022 की तुलना करने पर पता चलता है कि हम अभी पूरी तरह से उबरे नहीं हैं क्योंकि कुल खुदरा बिक्री में छह प्रतिशत की गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध जारी है और चीन में भी लॉकडाउन है जिसके कारण वाहन उद्योग आपूर्ति संबंधी दिक्कतों, सेमीकंडक्टर की कमी, धातुओं की उंची कीमतों के साथ ही कंटेनर की कमी से जूझ रहा है।

# सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अप्रैल में पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंची

**भाषा।** नई दिल्ली

● **सर्वे में कहा गया कि कोविड-19 की पाबंदियां हटने से उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ गई और इस तरह मांग में भी काफी इजाफा हुआ है**

**कारोबारी गतिविधियों** में तेजी आने और उससे रोजगार में नए सिरे से वृद्धि होने से सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में सुधार आया है और अप्रैल में यह पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। मौसमी रूप से समायोजित एसऐंडपी ग्लोबल इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक अप्रैल में बढ़कर 57.9 पर पहुंच गया। मार्च में यह 53.6 पर था जो बढ़ती कीमतों के दबाव के बावजूद नवंबर के बाद से विस्तार की सबसे तेज दर दर्शाता है।

यह लगातार नौंवा महीना है जब सेवा क्षेत्र में उत्पादन में विस्तार देखा गया है। परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) 50 से ऊपर गतिविधियों में तेजी को सूचित करता है जबकि 50 से नीचे गिरावट को बताता है। एसऐंडपी ग्लोबल की इकनॉमिक्स एसोसिएट निदेशक पॉलिएना डि लीमा ने कहा, सेवा क्षेत्र के लिए पीएमआई आंकड़े ज्यादातर उत्साजनक हैं, वहीं मांग बढ़ने से नए कारोबारी प्रवाह और उत्पादन को मजबूती मिली। सर्वे में कहा गया कि निर्माण लागत के रिकॉर्ड उंचे स्तर पर पहुंचने के बावजूद भारतीय सेवा क्षेत्र में वृद्धि की रफ्तार लगातार बनी हुई है। बिक्री मूल्य जुलाई 2017 के बाद से सबसे तेज दर से बढ़ा है और मुद्रास्फीति बढ़ने से उपजी चिंताओं से कारोबारी भरोसा भी डगमगा रहा है।लीमा ने कहा, सेवा प्रदाताओं का कहना है कि उन्हें भोजन, ईंधन और कच्ची सामग्री के लिए अधिक भुगतान करना पड़ रहा है, कुछ ने कहा कि वेतन लागत बढ़ने से कुल खर्च भी बढ़ा है। मुद्रास्फीति की कुल दर सर्वे की शुरुआत के बाद से दूसरी बार के उच्चतम स्तर पर है जिससे कंपनियों को बिक्री मूल्य बढ़ाना पड़ रहा है। सर्वे में कहा गया कि कोविड-19 की पाबंदियां हटने से उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ गई और इस तरह मांग में भी काफी इजाफा हुआ है। रोजगार के मोर्चे पर कंपनियों ने अप्रैल में भर्ती जारी रखी और नंवबर के बाद से रोजगार में पहली बार वृद्धि हुई है। जिन कंपनियों ने अतिरिक्त कर्मियों को काम पर रखा उन्होंने कहा कि इसकी वजह नए कारोबार में जारी वृद्धि है। इस बीच समग्र पीएमआई उत्पादन सूचकांक मार्च के 54.3 से बढ़कर अप्रैल में 57.6 हो गया जो बीते पांच महीनों में सबसे तेज वृद्धि को दर्शाता है।

## सेबी ने द्वितीयक बाजार के लिए परामर्श समिति का पुनर्गठन किया

**नई दिल्ली।** सेबी ने द्वितीयक बाजार के लिए अपनी समिति का पुनर्गठन किया है। यह समिति बाजार सुरक्षा, दक्षता और पारदर्शिता में सुधार के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी को सुझाव देती है। 18 सदस्ईय सलाहकार समिति की अध्यक्षता अब नियामक के पूर्व पूर्णकालिक सदस्य जी महालिंगम करेंगे। समिति में महालिंगम के साथ शेयर बाजारों और डिपॉजिटरी के सीईओ समेत कई संबंधित पक्षों के प्रतिनिधि और सेबी के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा ज़ेरोधा के सह-संस्थापक एवं सीईओ नितिन कामत, एचडीएफसी सिक्योरिटीज के प्रबंध निदेशक एमडी और सीईओ धीरज रेली, कोटक सिक्योरिटीज के प्रबंध निदेशक जयदीप हंसराज, एसबीआईकैप सिक्योरिटीज के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ नरेश यादव और जेपी मॉर्गन के दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया अध्यक्ष लियो पुरी को भी समिति में सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

**सार्वजनिक सूचना**
आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री राहुल जिंदल पुत्र श्री महेश चंद ने गली नंबर 3, मुल्तानी ढांडा, पहाड़ गंज, नई दिल्ली में स्थित आवासीय संपत्ति संख्या XV/9990 का एक हिस्सा, वार्ड संख्या XV, तृतीय तल (दाहिने भाग) पर एरिया परिमाप 62.7 वर्ग मीटर लगभग, पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 25.08.2021 के माध्यम से मालिक है सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रेया सिंह उपरोक्त संपत्ति को श्री राहुल जिंदल पुत्र श्री महेश चंद से एक पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से खरीद रही हैं। आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।
श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,
सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

**Public Notice**
For Disposal of Medical Records, older than 31/12/2017; Save Sight Centre, A-14, opp. Adarsh Nagar Metro Station Gate No. 1, Adarsh Nagar, Delhi-110033.
Notice is hereby given that Save Sight Centre hospital A-14,opp. Adarsh Nagar Metro Station Gate No.1, Adarsh Nagar, Delhi-110033 propose to dispose of all medical records of all patients till31.12.2017. A copy of concerned patient's records will be furnished to any patient/next to kin/legal representative on written to request addressed to Medical Director, Save Sight Centre Hospital A-14, opp. Adarsh Nagar Metro Station Gate No.1, Adarsh Nagar, Delhi-110033 within 7 days of publication of this notice, hospital will not comply with any request and cannot be held responsible thereafter as all records up to 31.12.2017 would have been destroyed. If no such request to received, the records of the said period shall be liable to be destroyed & no claim be entertained thereafter no further notice shall be given in this regards.
MRD Incharge
Save Sight Centre Hospital.

**सार्वजनिक सूचना**
जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती जुगजीत कौर सेठी पत्नी श्री इंद्रजीत सिंह सेठी, जो कि प्लॉट नं. सी-33 और सी-34 क्षेत्रफल 111.00 वर्ग गज, खसरा नं. 10/16, गांव असलतपुर खादर में स्थित जीवन पार्क कॉलोनी नई दिल्ली। जो कि पंजीकृत मुख्तारनामा आम दिनांक 21.08.1997 जिसका दस्तावेज़ नंबर 37486, इकरारनामा और पंजीकृत वसीयत नामा दिनांक 21.08.1997 के आधार पर मालिक और काबिज हैं, और उपरोक्त संपत्ति क्लिक्स कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेडद्वारा बंधक प्रस्तावित है।
यदि किसी व्यक्ति को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दावा है, तो नीचे दिए गए पते पर इस नोटिस की तारीख से 15 दिनों में अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करें, ऐसा न होने पर, यह माना जाएगा कि उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई दावा या मुद्दे नहीं हैं।
राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +91-8076188328

**PUBLIC NOTICE**
Entire Ground Floor of Property No. 40, Block-J-10, Rajouri Garden, Village- Tatarpur, Delhi.
That our client **Priya Babbar**, proposes to purchases the above said property from **Kanchan Kishore Singh Khanna, Sonika Khanna & Monika Khanna** who have assured our client that They are absolute owner in possession of the said property. The said property previously owned vide Sale deed No. 6287 dated 21.11.78 by **Kanchan Kishore Singh Khanna, along with** his wife Rajni Khanna who died intestate on 29.04.13 and left behind **Kanchan Kishore Singh Khanna, Sonika Khanna & Monika Khanna** as only legal heirs
Under the circumstances, notice is hereby given to the General Public, Bank/Financial institutions or other person/s,organization/s, company/ies, government authority/ies, having any claim, rights, title, or any interest of any nature whatsoever into or upon the said property, is hereby called upon to make the same known, in writing with documentary evidence by registered AD Post to the undersigned at the address mentioned herein below within **14 days** of the publication of this notice and in the event no response having been received to the notice, the title of **Kanchan Kishore Singh Khanna, Sonika Khanna & Monika Khanna** to the said property shall be deemed to be clear of any claim, charge or encumbrance of any nature whatsoever and any subsequent claim shall not bind our client in any manner whatsoever.
Kumar Abhishek Advocate
Legal Access 132A, Anarkali Complex,Jhandewalan Ext. New Delhi-55

# घटिया राजनीति कर रहे अखिलेश: केशव

**भाषा। आगरा**



**उत्तर प्रदेश** के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ललितपुर की कथित सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता से एसएचओ द्वारा बलात्कार किए जाने के मामले में घटिया राजनीति कर रहे हैं। मौर्य दो दिवसीय दौरे पर आगरा आए हुए हैं और बृहस्पतिवार को उन्होंने आगरा मेट्रो परियोजनाओं का निरीक्षण किया एवं जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने इस अवसर पर जामा मस्जिद के नजदीक बनने वाले भूमिगत मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर मनकामेश्वर मंदिर मेट्रो स्टेशन रखने का भी ऐलान भी किया।

मौर्य जब मेट्रो रेल परियोजना का निरीक्षण कर रहे थे, उसी समय पूर्व राज्यमंत्री व विधायक आगरा छावनी डॉ. जीएस धर्मेश ने भूमिगत मेट्रो स्टेशन जामा मस्जिद का नाम बदलकर मनकामेश्वर मंदिर मेट्रो स्टेशन करने का सुझाव दिया। इस पर उप मुख्यमंत्री ने तुरंत मौके पर उपस्थित अधिकारियों को इस स्टेशन का नाम मनकामेश्वर मंदिर मेट्रो रेलवे स्टेशन करने का आदेश दिया जिस पर मेट्रो अधिकारियों ने स्वीकारोक्ति भी प्रदान की। मौर्य से जब ललितपुर दुष्कर्म कांड पर पूर्व मुख्यमंत्री और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा थाने पर बुलडोजर चलाने संबंधी बयान के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि विपक्ष को इतना तूल नहीं देना चाहिए।मौर्य ने कहा कि ललितपुर मामले में पूरे थाने को निलंबित कर दिया गया है, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जा रही है। ऐसे में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश के बयानों में हार की बौखलाहट दिखाई दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया, वह (अखिलेश) ऐसे काम करते हैं जो पूर्व मुख्यमंत्री के लिए शोभायमान नहीं है। वैसे भी घटिया राजनीति करना अखिलेश और सपा की आदत है। मौर्य ने दावा किया कि भाजपा उत्तर प्रदेश में अगले 25 साल तक राज करेगी और प्रदेश को अपराध मुक्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस अच्छा कार्य कर रही है, कुछ लोग हैं जो गलत कर रहे हैं, उन्हें सख्त सजा दिलाई जाएगी। गौरतलब है कि इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी बघेल भी मौजूद थे।

### उत्तर भारतीयों के अपमान पर ब्रजभूषण शरण का राज ठाकरे को अल्टीमेटम

# पहले माफी मांगें तभी अयोध्या में एंट्री

**भाषा। लखनऊ**





**भाजपा** सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह ने बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे के पांच जून को प्रस्तावित अयोध्या दौरे का विरोध किया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, जब तक वह उत्तर भारतीयों से सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांग लेते तब तक उन्हें अयोध्या की सीमा में घुसने नहीं देंगे। कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद और राम मंदिर आंदोलन के अग्रणी नेताओं में से एक ब्रजभूषण शरण सिंह ने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया, उत्तर भारतीयों को अपमानित करने वाले राज ठाकरे को अयोध्या की सीमा में घुसने नहीं दूंगा। इसी ट्वीट में आगे उन्होंने कहा, अयोध्या आने से पहले सभी उत्तर भारतीयों से हाथ जोडकर माफी मांगे राज ठाकरे। सांसद ने अपने सिलसिलेवार ट्वीट में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध किया, जब तक राज ठाकरे सार्वजनिक रूप से उत्तर भारतीयों से माफी नहीं मांग लेते, मेरा आग्रह है तब तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को राज ठाकरे से नहीं मिलना चाहिए। राम मंदिर आंदोलन का जिक्र करते हुए सांसद ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन से लेकर मंदिर निर्माण तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद और आमजन की ही भूमिका रही है, ठाकरे परिवार का इससे कोई लेना देना नहीं। ब्रजभूषण शरण सिंह छह दिसंबर 1992 को अयोध्या में विवादित ढांचा को ध्वस्त करने के मामले में भी आरोपी थे। उल्लेखनीय है कि पिछले 17 अप्रैल को ठाकरे ने पुणे में कहा था कि वह भगवान राम के दर्शन करने के लिए पांच जून को अयोध्या जाएंगे। ठाकरे ने वहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, पांच जून को मैं मनसे के अन्य कार्यकर्ताओं के साथ (रामलला के) दर्शन के लिए अयोध्या जाऊंगा। मैं अन्य लोगों से भी अयोध्या आने की अपील करता हूं। अयोध्या जाने के मकसद के बारे में पूछे जाने पर ठाकरे ने कहा कि वह लंबे वक्त से कहीं बाहर नहीं गए हैं। हालांकि, संवाददाता सम्मेलन के बाद अयोध्या दौरे के बारे में बोलते हुए ठाकरे ने कहा, इसके (राम मंदिर के) लिए कितने कारसेवकों ने अपनी जान गंवाई। उच्चतम न्यायालय और केंद्र सरकार की वजह से वहां राम मंदिर की स्थापना हो रही है। इसलिए मैं वहां (निर्माण के) शुरुआती चरण में जाना चाहता हूं। बाद में, एक बार मंदिर तैयार हो जाने के बाद हर कोई इसे फिर से देखने जाएगा। गौरतलब है कि मनसे प्रमुख को मुंबई में रहने वाले उत्तर भारतीयों का विरोधी माना जाता है। राज ठाकरे ने उत्तर भारतीयों की आलोचना करते हुए कहा था कि वे (उत्तर भारतीय) मराठा संस्कृति को नष्ट करने पर तुले हैं।

**चंदौली व ललितपुर कांड की सीबीआई जांच कराई जाए:** प्रयागराज। आम आदमी पार्टी (आप)के सांसद संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश के चंदौली और ललितपुर कांड की सीबीआई से जांच कराने की बृहस्पतिवार को मांग की। यहां सर्किट हाउस में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा, इन दोनों मामलों में पुलिस के लोग अभियुक्त हैं। इसलिए पुलिस की किसी भी जांच में न्याय नहीं मिल सकता। हम सरकार से चंदौली और ललितपुर कांड की उच्च न्यायालय की निगरानी में सीबीआई से जांच कराने की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि ललितपुर में एक किशोरी के साथ थाना में बलात्कार किया गया जबकि चंदौली कांड में जो भी आरोपी हैं, उनकी अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। सिंह ने कहा कि चंदौली में 25 पुलिसकर्मी एक घर में घुस जाते हैं और दो लड़कियों से मारपीट करते हैं, घटना में एक लड़की की मौत हो जाती है। उन्होंने कहा कि पुलिस की जांच में पीड़ति परिवार को न्याय नहीं मिल सकता।

# विद्यालय परिसर में स्कूली बस से कुचलकर छात्र की जान गई प्रबंधक और चालक गिरफ्तार

**बागपत भाषा**

● **गांव के लोगों ने आरोप लगाया, शिक्षा विभाग की मिलीभगत और माफियाओं के गठजोड़ की वजह से यह हादसा हुआ**

**बागपत जिले** के चांदीनगर थाना क्षेत्र के चमरावल गांव में बृहस्पतिवार को एक विद्यालय परिसर में स्कूल बस चालक ने कथित तौर पर तेजी व लापरवाही से बस चलाते हुए पहली कक्षा के एक छात्र को कुचल दिया, जिससे बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई।

प्रशासन ने स्कूल को सील कर करते हुए आरोपी बस चालक व स्कूल प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया है। बस को भी जब्त कर लिया गया है। वहीं, घटना से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया।बागपत के पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने बताया कि हादसा विद्यालय परिसर के अंदर बृहस्पतिवार सुबह उस समय हुआ जब चमरावल गांव निवासी अरुण का छह वर्षीय पुत्र आयुष रॉयल कान्वेंट इंटर कॉलेज के परिसर के मुख्य द्वार के पास खड़ा था, तभी स्कूली वाहन ने उसे कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिलाधिकारी राजकमल यादव व पुलिस अधीक्षक जादौन ने पीटीआई-भाषा को बताया कि घटना के संबंध में मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर स्कूल बस के चालक राम किशन और स्कूल प्रबंधक एस.बी.यादव के खिलाफ भादसं की धारा-279 (असावधानी से वाहन चलाकर दूसरे के जीवन को खतरे में डालना),धारा- 304 (गैर इरादतन हत्या), व धारा- 506 (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि स्कूल की मान्यता सिर्फ छठी से आठवीं कक्षा के लिए थी जबकि वहां पर कक्षा एक से कक्षा पांच तक के बच्चों को पढ़ाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि इसके मद्देनजर एवं आज की घटना पर गौर करते हुए स्कूल को सील करा दिया गया है। वहीं,गांव के लोगों ने आरोप लगाया कि शिक्षा विभाग की मिलीभगत और शिक्षा माफियाओं के गठजोड़ की वजह से यह हादसा हुआ है। उन्होंने कहा कि पहली से पांचवी तक की कक्षा बिना मान्यता की चल रही थी लेकिन शिक्षा विभाग ने कोई कार्वाई नहीं की। मृतक आयुष के चाचा केशव ने बताया कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों ने कुछ दिन पूर्व भी स्कूल प्रबन्धन से बस चालक की बस तेज और लापरवाही से चलाने की शिकायत की थी, लेकिन स्कूल प्रबन्धन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। केशव ने इसका उल्लेख तहरीर में भी किया है। केशव ने बताया कि आयुष घटना के समय प्रार्थना से वापस अपनी कक्षा की तरफ जा रहा था, तभी चालक बस को तेज गति और लापरवाही से चलाता हुआ स्कूल परिसर में दाखिल हुआ आयुष को कुचल दिया।

# नौकरानी की पिटाई को लेकर महिला दरोगा समेत दो पुलिसकर्मी निलंबित

**भा ा। ललितपुर**

**उत्तर प्रदेश के** ललितपुर जिले में एक नौकरानी की बेरहमी से कथित पिटाई करने के आरोप में एक महिला उपनिरीक्षक (दरोगा) समेत दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि ललितपुर के महरौनी क्षेत्र में घर में चोरी के शक में नौकरानी को सरकारी आवास में पीटने के आरोप में एक आरक्षी (कांस्टेबल) और उसकी पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।महरौनी के पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) इमरान अहमद ने बताया कि कोतवाली महरौनी में तैनात सिपाही अंशु पटेल के सरकारी आवास में 32 साल की एक महिला घरेलू नौकरानी थी। उन्होंने बताया कि रुपए की कथित चोरी के आरोप में सिपाही और उसकी पत्नी ने नौकरानी व उसके पति के साथ मारपीट एवं उनके साथ बदसलूकी की। उल्लेखनीय है कि यह घटना दो मई की है और पीड़िता के परिजनों द्वारा थाने के बाहर धरना देने के बाद बुधवार को कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। अहमद ने बताया कि बाद में सिपाही ने पीड़ित महिला को थाने ले जाकर महिला उपनिरीक्षक के हवाले कर दिया, जहां उसने भी मारपीट की। सीओ ने बताया कि इस सिलसिले में सिपाही अंशु पटेल और उसकी पत्नी के खिलाफ एक अभियोग दर्ज किया है और बदसलूकी करने के आरोप में सिपाही अंशु पटेल व महिला उपनिरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है।अपनी आपबीती सुनाते हुए पीड़िता को टीवी पर यह कहते सुना गया कि कांस्टेबल दंपति ने उसे एक कमरे में बंद कर दिया और उसके मुंह में कपड़ा ठूंसकर बेल्ट से पीटा ताकि उसके रोने की आवाज बाहर न जाए।

## तालाब में उतराती मिली बस चालक की लाश

**बरेली** । बुकिंग पर बस लेकर गए एक चालक की लाश आज सुबह तालाब में तैरती पाई गई सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी।बदायूं के अलापुर थाना क्षेत्र के गांव ककराला निवासी 50 वर्ष के मनीष कुमार गुप्ता पुत्र दुर्गा प्रसाद गुप्ता की लाश आज सुबह बरेली के फरीदपुर स्थित एक तालाब में तैरती पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि मनीष कुमार गुप्ता कल दिन में फरीदपुर आने वाली बारात को बुकिंग पर बदायूं से बस में लाया था और रात में बरात पहुंचने के बाद उसने बस को पास में ही एक स्थान पर खड़ा कर दिया घर वालों ने बताया कि मनीष कुमार गुप्ता का पेट गड़बड़ था ।

# आजम खान की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**भाषा। प्रयागराज**



**इलाहाबाद उच्च** न्यायालय ने शत्रु की संपत्ति हड़पने के मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान की जमानत याचिका पर फैसला बृहस्पतिवार को सुरक्षित रख लिया। आजम खान ने मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के लिए यह जमीन कथित रूप से हड़पी थी।जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी ने निर्णय सुरक्षित रख लिया।उल्लेखनीय है कि आजम खान और अन्य लोगों पर कथित तौर पर शत्रु संपत्ति हड़पने और सैकड़ों करोड़ रुपए से अधिक के सरकारी धन का दुरुपयोग करने के लिए रामपुर के आजम नगर पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। यह प्राथमिकी भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की धारा 120-बी, 201, 409, 447, 420, 467, 468, 471 के साथ ही लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 2 के तहत दर्ज कराई गई थी।प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि देश के बंटवारे के दौरान इमामुद्दीन कुरैशी नाम का व्यक्ति पाकिस्तान चला गया और उसकी संपत्ति शत्रु संपत्ति के तौर पर दर्ज की गई, लेकिन आजम खान ने अन्य लोगों के साथ मिलीभगत कर 13.842 हेक्टेयर जमीन हड़प ली।

# यमुना नदी पार कर रहे तीन युवक डूबे, दो शव बरामद

**भाषा। बांदा**

**उत्तर प्रदेश में** बांदा जिले के चिल्ला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सादी मदनपुर गांव में यमुना नदी को पार करते समय तीन युवकों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को दो युवकों के शव बरामद कर लिए हैं और एक लापता युवक की तलाश जारी है। चिल्ला थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) आनन्द कुमार ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार की शाम सादी मदनपुर गांव के रहने वाले तीन युवक हसन (19), साहिल (21) और तनवीर (20) अपने कुछ साथियों के साथ यमुना नदी में नहाने गए थे। इस बीच, तीनों युवकों ने नदी पार करने की शर्त लगाई और इसके लिए तैरने लगे।

उन्होंने बताया कि तीनों युवक मझधार में पहुंच कर डूब गए, जिसके बाद ग्राम प्रधान ने पुलिस को सूचित किया। कुमार के अनुसार आज बृहस्पतिवार की दोपहर को गोताखोरों ने साहिल और तनवीर के शव बरामद कर लिए हैं। हसन के शव की तलाश की जा रही है।

### आंधी-तूफान से कई पेड़, बिजली के खम्भे गिरे, दो लोगों की मौत

**सुलतानपुर ( उत्तर प्रदेश )।** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर के हलियापुर क्षेत्र में बिजली की चपेट में आने से एक व्यक्ति की तथा एक अन्य व्यक्ति की छप्पर के नीचे दबने से मौत हो गई। हलियापुर थाने के प्रभारी अजय द्विवेदी ने बताया कि बिजली की चपेट में आने से सिद्धनाथ पांडे (65) की मौत हो गई। वहीं एक अन्य घटना में गोसाईगंज थाना क्षेत्र के ग्राम तियरी निवासी नानबाई मो. अजीम (70) की छप्पर गिरने से मौत हो गई है।

## क्विक न्यूज

### बैंक फ्रैंचाइजी पर धोखाधड़ी का लगाया आरोप

**अमेठी** । अपने खाते से पैसा निकालने गए ग्राहक को गुमराह कर आधार अपडेट करने के नाम पर अंगूठा लगवाकर बैंक फ्रैंचाइजी संचालक ने ग्राहक का अटल पेंशन योजना में रजिस्ट्रेशन कर उसके खाते से रुपये काट लिए। ग्राहक ने बैंक के उच्चाधिकारियों से मामले की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। सुलतानपुर जनपद के भाईं निवासी अवनीत कुमार तहसील गेट पर कम्प्यूटर की दूकान चलाते हैं। इनका ग्रामीण बैंक में खाता है। तहसील गेट पर ही बैंक की एक फ्रैंचाइजी भी संचालित है। अवनीत कुमार का आरोप है कि बीते 2 मई को उन्होंने फ्रैंचाइजी संचालक के पास जाकर अपने खाते से दो हजार रुपये निकाला। पैसा निकालने के बाद फ्रैंचाइजी संचालक ने आधार अपडेट करने की बात कह उनसे एक बार फिर अंगूठा लगवाया और पिता व पत्नी का नाम पूछा। जिसके कुछ देर बाद उन्हें खाते से 787 रुपये और कटने की जानकारी हुई। यह पैसा क्यों कटा फ्रैंचाइजी संचालक बताने को तैयार नहीं हुआ। जब 4 मई को बैंक पासबुक की इंट्री कराई तो उसे यह पैसा अटल पेंशन योजना के तहत कटने की जानकारी हुई। अवनीत का कहना है कि उनके द्वारा कोई पेंशन नहीं ली गयी है। पी?ित अवनीत ने ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक, वरिष्ठ प्रबंधक, शाखा प्रबंधक और डीएम अमेठी को शिकायती पत्र भेजते हुए खाते से कटा पैसा वापस दिलाने और उसके साथ हुई धोखाध?ी के सम्बंध में फ्रैंचाइजी संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

### सहारनपुर में रिक्शा चालक ने छह वर्षीया बच्ची के साथ दुष्कर्म किया, गिरफ्तार

**सहारनपुर (उप्र)।** सहारनपुर जिले के मंडी थाना क्षेत्र के एक गांव में बृहस्पतिवार को एक रिक्शा चालक द्वारा घर में अकेली मौजूद छह साल की बच्ची से कथित तौर पर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। सहारनपुर के पुलिस अधीक्षक (नगर) राजेश कुमार ने बताया कि थाने मे दी गई तहरीर मे बच्ची के पिता ने आरोप लगाया कि आज साकिर नामक रिक्शा चालक घर के बाहर खड़ा था, उसी समय घर से वह, बच्ची की मां और भाई-बहन खेत पर मजदूरी के लिए निकले जबकि छह साल की बच्ची घर के अन्दर ही खेल रही थी। कुमार ने तहरीर के हवाले से बताया कि बच्ची को अकेला पाकर रिक्शा चालक घर के भीतर घुस आया और उसने मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। शिकायत के मुताबिक बच्ची के रोने की आवाज सुनकर पास- पड़ोस के लोग आए जिन्हें देख आरोपी खिड़की के रास्ते फरार हो गया। कुमार ने बताया कि आरोपी रिक्शा चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि बच्ची को चिकित्सा जांच एवं उपचार के लिए अस्पताल मे भर्ती किया गया है।

### शाहजहांपुर में मानसिक रूप से अस्वस्थ 70 वर्षीय वृद्धा से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश)।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में एक व्यक्ति मानसिक रूप से अस्वस्थ 70 वर्षीय वृद्धा को उसके घर से उठा ले गया और कथित तौर पर उससे दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संजीव बाजपेई ने बृहस्पतिवार को बताया कि थाना मिर्जापुर अंतर्गत एक गांव में रहने वाली एक 70 वर्षीय वृद्धा मानसिक रूप से अस्वस्थ है। बाजपेई ने कहा कि वृद्धा को उसके गांव का रहने वाला आरोपी रजनीश मंगलवार रात में उसे घर से उठाकर खेत में ले गया और उसके साथ कथित रूप से दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि परिवार के लोग रातभर वृद्धा को ढूंढ़ते रहे। काफी तलाश के बाद वृद्धा को बुधवार सुबह एक खेत में खून से लथपथ और अचेत अवस्था में पाया गया। परिजन जब वृद्धा को खेत से उठाकर गांव में ले जा रहे थे, तभी आरोपी रजनीश भी दिख गया जिसके कपड़ों पर खून लगा था। शक के आधार पर ग्रामीणों ने रजनीश को पकड़ लिया और उससे पूछताछ की तो उसने घटनाक्रम के बारे में बता दिया। पुलिस ने आरोपी रजनीश को जेल भेज दिया है, जबकि पीड़ति वृद्धा को गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

### फर्जी अभिलेखों के सहारे नौकरी कर रहे चार प्राथमिक शिक्षक बर्खास्त

**गोंडा** । बेसिक शिक्षा विभाग मे फर्जी अभिलेखो के सहारे नौकरी कर रहे चार प्राथमिक शिक्षकों को बृहस्पतिवार को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों को इन चारों के विरुद्ध पुलिस मे प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है। सिंह ने बताया कि इन बर्खास्त शिक्षकों को वेतन समेत विभिन्न मदों में दी गई धनराशि की वसूली की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। उन्होंने बताया कि बर्खास्त किए गए शिक्षकों में बेलसर के प्राइमरी स्कूल (पूरे गोड़ियिन) में प्रधानाध्यापक पद पर तैनात और संतकबीरनगर जिले के जमिरा गांव के निवासी राजेश कुमार, प्राथमिक विद्यालय (राजापुर रेतवागाड़ा) में प्रधानाध्यापक पद पर तैनात व आजमगढ़ जिले के ग्राम भदौरा खास निवासी विनोद कुमार सिंह, मुजेहना के प्राथमिक विद्यालय (पूरे सिधारी) में तैनात कुलदीप और इटियाथोक के प्राथमिक विद्यालय पृथ्वीपाल ग्रंट मे प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात जितेंद्र कुमार यादव शामिल है। उन्होंने बताया कि इन सभी के शैक्षणिक अभिलेख फर्जी पाए गए हैं। सिंह ने कहा कि अभिलेखों के सत्यापन हेतु बार-बार निर्देशों के बावजूद उपस्थित न होने पर सभी चार शिक्षकों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

### विवाह समारोह से लौट रहे युवक की दुर्घटना में मौत भाई घायल

**बरेली** । भांजी के विवाह समारोह से लौट रहे बाइक सवार सगे भाइयों को तेजी से आ रही कार ने टक्कर मार दी जिससे एक भाई की मौत हो गई दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया टक्कर के बाद कार का चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया ।पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजकर मृतक के घर वालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सीबीगंज थाना क्षेत्र में खलीलपुर रोड निवासी 22 वर्षीय सौरभ शर्मा पुत्र सुखदेव शर्मा की आज सुबह तड़के फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में राधा कृष्ण मंदिर के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जबकि उसके साथ बाइक पर सवार सगा भाई गौरव शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि सौरभ शर्मा की बहन फतेहगंज पश्चिमी के गांव मरकरी में रहती है कल उसके बेटी का विवाह था और दोनों भाई भांजी के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए मोटरसाइकिल से गए थे ।

### टैंकर की चपेट में आकर साइकिल सवार हलवाई की मौत

**बरेली** । रात के समय काम करने के बाद साइकिल से अपने घर वापस लौट रहे हलवाई की रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा।सीबीगंज थाना क्षेत्र के सर्वोदय नगर निवासी 50 वर्षीय राजू कश्यप पुत्र रामकुमार कश्यप की बीती रात इज्जत नगर थाना क्षेत्र में दिवाकर अस्पताल के सामने हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि राजू कश्यप विवाह समारोह आदि के अवसर पर खाना बनाने का काम करता था और कल दिन में इज्जत नगर थाना क्षेत्र में एक विवाह समारोह में खाना बनाने के लिए गया था जहां से रात के लगभग 12 बजे वह साइकिल से अपने घर वापस लौट रहा था लेकिन रास्ते में ही दिवाकर अस्पताल के सामने तेजी से आ रहे एक टैंकर ने उसकी टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।

# प्रदेश सरकार पर फिर बरसे अखिलेश यादव

**भाषा। झांसी**



● **महिला उत्पीड़न और कानून व्यवस्था के मुद्दे पर की जमकर खिंचाई**

**समाजवादी पार्टी** (सपा)के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राज्य में कथित तौर पर महिला उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं और कानून व्यवस्था के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से सर्वाधिक नोटिस उत्तर प्रदेश सरकार को मिल रहा है। ललितपुर जिले में पुलिस से पीड़ित किशोरी के परिजनों से मिलने के बाद यहां पत्रकारों से बातचीत में सपा प्रमुख यादव ने कहा कि आज प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरे देश में सबसे खराब स्थिति में है, यहां तक कि महिला आयोग की ओर से सर्वाधिक नोटिस उत्तर प्रदेश सरकार को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि कल वह ललितपुर में दुष्कर्म पीड़िता की मां से मिले थे और उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया है, ललितपुर की घटना शर्मिंदगी की पराकाष्ठा है, जिस पुलिस पर भरोसा होना चाहिए वही रक्षक से भक्षक बन गई है। उन्होंने कहा कि हम समाजवादी लोग पहुंच गए तो आरोपी पकड़े भी गए। यादव ने मुख्यमंत्री से पीड़िता के परिजनों को 50 लाख का मुआवजा देने की भी मांग की है। ललितपुर जिले के पाली थाना में दुष्कर्म पीड़िता के साथ थाना प्रभारी द्वारा दुष्कर्म किए जाने के मामले पर सरकार को घेरते हुए उन्होंने आरोप लगाया, पुलिस निरंकुश हो गई है, हो भी क्यों नहीं, जब पुलिस का उपयोग अपने निजी स्वार्थों एवं चुनाव में जबरिया अपने पक्ष में विजय दिलाने के लिए करेंगे, तो पुलिस को मनमानी करने से कैसे रोक पाएंगे और इसी का दुष्परिणाम है कि आज पुलिस निरंकुश हो गई है। ललितपुर में थाने के अंदर दुष्कर्म जैसी वारदात को अंजाम देने लगी है। उन्होंने सवाल उठाया, अब इस थाने पर बुलडोजर कब चलेगा। सपा अध्यक्ष ने कहा कि कानून व्यवस्था के साथ-साथ अर्थव्यवस्था पूरी तरह चौपट करने के बाद भाजपा वाले लाउडस्पीकर पर बोल रहे हैं, यह किस को धोखा दे रहे हैं, जनता से मस्जिदों के लाउडस्पीकर हटाने के नाम पर वोट मांगे थे अब मंदिरों के भी (लाउडस्पीकर) हटाकर वाहवाही लूट रहे हैं। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि भाजपा ने यह सेकुलर फैब्रिक कब से पहन लिया है। साथ ही यादव ने जवाब देते हुए कहा सिर्फ इसलिए कि जनता महंगाई, बेरोजगारी, बुंदेलखंड में डिफेंस कॉरिडोर की बात न पूछे। यादव ने सवाल उठाया कि यह सरकार बात-बात पर टर्मिनेट करने की बात करती थी लेकिन इस घटना को लेकर आरोपियों की बर्खास्तगी कब होगी। गौरतलब है कि ललितपुर जिले के पाली थाना पुलिस की पीड़ति लड़की की मां का आरोप है कि 22 अप्रैल को चार लोग उसकी बेटी को भोपाल ले गए थे जहां उन्होंने तीन दिनों तक उसके साथ बलात्कार किया और बाद में उसे पाली थाने के बाहर छोड़कर भाग गए। पीड़िता की मां के मुताबिक उस दिन पाली के थानाध्यक्ष तिलकधारी सरोज ने लड़की को उसकी मौसी को सौंप दिया लेकिन 27 अप्रैल बयान दर्ज करने के बहाने किशोरी को थाने बुलाया और उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस ने थानाध्यक्ष को गिरफ्तार कर लिया है। सपा प्रमुख ने तंज किया कि भाजपा 2022 तक किसानों की आय दोगुना करने की बात कह रही थी लेकिन किसानों को कितना लाभ हो रहा है, सब जानते हैं। उन्होंने कहा कि आज अधिकांश गेहूं निजी कंपनियों ने खरीद लिया है और अब जनता महंगा आटा खरीदने के लिए लिए तैयार हो जाए।

# दिल्ली के सामने हैदराबाद ढेर, 21 रन से हारा

**भाषा।** मुंबई




**आस्ट्रेलिया** के आक्रामक सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर के 58 गेंदों में नाबाद 92 रन मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बृहस्पतिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में 21 रन से जीत दर्ज की। वॉर्नर ने इस सत्र का चौथा अर्धशतक जड़ते हुए अपनी पूर्व टीम के खिलाफ 58 गेंदों में नाबाद 92 रन की पारी खेली। वहीं रोवमैन पॉवेल ने 35 गेंद में नाबाद 67 रन बनाए। इनकी बल्लेबाजी के दम पर दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर तीन विकेट पर 207 रन बनाए। इसके जवाब में सनराइजर्स आठ विकेट पर 186 रन ही बना सके। दिल्ली के लिए खलील अहमद ने 30 रन देकर तीन और शारदुल ठाकुर ने 44 रन देकर दो विकेट लिए।

दिल्ली अब दस मैचों में दस अंक लेकर दो पायदान के फायदे के साथ पांचवें स्थान पर है। वहीं सनराइजर्स लगातार तीसरी हार के बाद छठे स्थान पर खिसक गए। पिछले सत्र में सनराइजर्स ने वॉर्नर को कप्तानी से हटाने के बाद अंतिम एकादश से भी बाहर कर दिया था। जीत के लिए 208 रन के लक्ष्य के जवाब में सनराइजर्स की शुरूआत बहुत खराब रही और सातवें ओवर के आखिर में उसने तीन विकेट खोकर मात्र 37 रन बनाए थे। अभिषेक शर्मा (सात), राहुल त्रिपाठी (22) और कप्तान केन विलियमसन (चार) सस्ते में आउट हो गए। एडेन मार्कराम ने 35 गेंद में 42 और निकोलस पूरन ने 34 गेंद में 62 रन बनाए। दोनों ने 35 गेंद में 60 रन जोड़े लेकिन 13वें ओवर में मार्कराम के आउट होने के बाद वापसी मुश्किल हो गई। इससे पहले वॉर्नर और पॉवेल ने चौथे विकेट की अटूट साझेदारी में 122 रन जोड़े और आखिरी पांच ओवरों में 70 रन बनाए। वॉर्नर ने अपनी पारी में 12 चौके और तीन छक्के जड़े जिसके दम पर दिल्ली ने इस सत्र का अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। उन्होंने उभरते हुए तेज गेंदबाज उमरान मलिक को खासी नसीहत देते हुए उनके पहले दो ओवर में 32 रन बनाए। पॉवेल ने मलिक के आखिरी ओवर में तीन चौके और एक छक्का जड़कर 19 रन निकाले। मलिक के लिए यह खराब दिन रहा जिन्होंने चार ओवर में 52 रन दे डाले जबकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिली जबकि 27 अप्रैल को ही गुजरात टाइटंस के खिलाफ उन्होंने पांच विकेट लिए थे। वॉर्नर ने मलिक को चौथे ओवर में दो चौके और एक छक्का लगाकर 21 रन बनाए। पावरप्ले में दो विकेट पर 50 रन बने जिसमें से वॉर्नर के 31 रन थे। मनदीप सिंह को पारी की पांचवीं गेंद पर भुवनेश्वर कुमार ने खाता खोले बिना आउट कर दिया जबकि मिशेल मार्श को पांचवें ओवर में सीए एबोट ने रिटर्न कैच लेकर रवाना किया। नौवें ओवर में 23 रन बने और कप्तान ऋषभ पंत का विकेट भी गिरा। पंत ने गोपाल को तीन छक्के और एक चौका लगाया लेकिन आखिरी गेंद पर विकेट गंवा बैठे। वॉर्नर ने 12वें ओवर की पहली गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया। मलिक ने यह गेंद 154 . 8 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से डाली थी जो आईपीएल के इतिहास की तीसरी सबसे तेज गेंद थी। पॉवेल को 18 के योग पर मलिक की गेंद पर केन विलियमसन ने जीवनदान दिया था। उन्होंने बाद में एबोट को 17वें ओवर में लगातार दो छक्के जड़े और इस गेंदबाज को कुल पांच छक्के लगाए।

### स्कोर बोर्ड

**दिल्ली कैपिटल्स पारी :** मनदीप सिंह का पूरन बो कुमार 0, डेविड वॉर्नर नाबाद 92, मिशेल मार्श का और बो एबोट 10, ऋषभ पंत का पूरन बो गोपाल 26, रोवमैन पॉवेल नाबाद 67, **अतिरिक्त** : 12 रन, **कुल योग** : 20 ओवर में तीन विकेट पर 207 रन, **विकेट पतन** :I . 0, 2 . 37, 3 . 85, **गेंदबाजी** : भुवनेश्वर 4 .I . 25 .I, एबोट 4 . 0 . 47 .I, मलिक 4 .0 . 52 . 0, त्यागी 4 . 0 . 37 . 0, गोपाल 3 . 0 . 34 .I, मार्कराम I . 0 . 11 . 0

**सनराइजर्स हैदराबाद पारी** : अभिषेक शर्मा का कुलदीप बो अहमद 7, केन विलियमसन का पंत बो नॉर्किया 4, राहुल त्रिपाठी का ठाकुर बो मार्श 22, एडेन मार्कराम का कुलदीप बो अहमद 42, निकोलस पूरन का पॉवेल बो ठाकुर 62, शशांक सिंह का नॉर्किया बो ठाकुर 10, सीन एबोट का पटेल बो अहमद 7, श्रेयस गोपाल नाबाद 9, कार्तिक त्यागी बो कुलदीप 7, भुवनेश्वर कुमार नाबाद 5, **अतिरिक्त** : 11 रन, **कुल योग** : 20 ओवर में आठ विकेट पर 186 रन, **विकेट पतन** :I . 8, 2 . 24, 3 . 37, 4 . 97, 5 . 134, 6 . 153, 7 . 165, 8 . 181, **गेंदबाजी:** ठाकुर 4 . 0 . 44 . 2, अहमद 4 . 0 . 30 . 3, नॉर्किया 4 . 0 . 35 .I, मार्श 4 . 0 .36 .I, कुलदीप 4 . 0 . 40 .I

# मुंबई के खिलाफ आईपीएल प्लेऑफ स्थान सुनिश्चित करना चाहेगी गुजरात टाइटन्स

**भाषा।** मुंबई

**अंक** तालिका में शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटन्स शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में पहले ही दौड़ से बाहर हो चुकी मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने शीर्ष क्रम की कमियों को दूर करने और जीत की लय में वापसी करके प्लेऑफ स्थान सुनिश्चित करने की कोशिश करेगी।

गुजरात टाइटन्स को पिछले मैच में पंजाब किंग्स से आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसकी पांच मैचों की जीत की लय टूट गई। अभी तक पूरे टूर्नामेंट के दौरान बल्लेबाजी विभाग में अनिरंतरता विशेषकर शीर्ष क्रम में, उसके लिए परेशानी का सबब रही है और अब समय आ गया है कि आईपीएल की नई टीम को लीग के अंत की ओर इस खामी को सुधारना होगा। हार के बावजूद गुजरात टाइटन्स 10 टीमों की तालिका में 10 मैचों में 16 अंक लेकर शीर्ष पर काबिज है और शुक्रवार को जीत से वह प्लेऑफ में स्थान पक्का करने वाली पहली टीम बन जाएगी।

युवा शुभमन गिल शीर्ष क्रम में उम्मीदों पर खरा उतरने में विफल रहे हैं जबकि मैथ्यू वेड की जगह उतारे गए अनुभवी ऋद्धिमान साहा ने अच्छी शुरुआत की लेकिन इसे जारी नहीं रख सके। टीम के लिए अभी तक कमजोर कड़ी रहने वाले बी साई सुदर्शन ने पिछले मैच में 50 गेंद में 65 रन की पारी खेलकर टीम को बचाया, जिसमें हर कोई असफल रहा था।

कप्तान हार्दिक पंड्या, डेविड मिलर, राहुल तेवतिया और राशिद खान भी पंजाब के खिलाफ नहीं चल सके। राशिद ने शानदार प्रदर्शन किया है और अभी तक गुजरात टाइटन्स की सफलता में अहम भूमिका अदा की है। लेकिन यह चौकड़ी इस बात से भली भांति वाकिफ है कि वे टीम के लिए कितने अहम हैं। इसलिए ए चारों शानदार प्रदर्शन से टीम को वापसी कराना चाहेंगे। हार्दिक गुजरात टाइटन्स की बल्लेबाजी का स्तंभ रहे हैं जिन्होंने टीम में सर्वाधिक 309 रन जुटाए हैं लेकिन वह लगातार दो मैचों में असफल रहे इसलिए वह बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे। मिलर तथा छक्के जड़ने के महारथी तेवतिया और राशिद भी विफलता के बाद खुद को साबित करने के लिए बेकरार होंगे। मोहम्मद शमी, लॉकी फर्ग्यूसन, अल्जारी जोसफ और राशिद की मौजूदगी से गुजरात टाइटन्स के पास इस साल के आईपीएल में सबसे खतरनाक आक्रमण मौजूद हैं। पिछले मैच में रन लुटाने के बावजूद शमी ने नई गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन किया है जबकि फर्ग्यूसन की अतिरिक्त तेजी हासिल करने की काबिलियत किसी भी बल्लेबाजी क्रम के लिए चिंता का विषय होगी। राशिद भी गेंदबाजी में काफी किफायती रहे हैं लेकिन विकेट झटकने में ज्यादा सफल नहीं रहे हैं जो टीम के लिए चिंता का विषय होगा। वहीं दूसरी ओर मुंबई इंडियंस की बात की जाए तो वह तालिका में अंतिम स्थान पर है और लगातार आठ हार के बाद पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है।

### टीम

**गुजरात टाइटन्स :** अभिनव मनोहर, डेविड मिलर, गुरकीरत सिंह, बी साई सुदर्शन, शुभमन गिल, हार्दिक पंड्या (कप्तान), राहुल तेवतिया, विजय शंकर, मैथ्यू वेड, रहमानुल्ला गुरबाज, ऋद्धिमान साहा, अल्जारी जोसेफ, दर्शन नालकंडे, डोमिनिक ड्रेक्स, जयंत यादव, लॉकी फर्ग्यूसन, मोहम्मद शमी, नूर अहमद, प्रदीप सांगवान, राशिद खान, रवि श्रीनिवासन साई किशोर, वरुण आरोन, यश दयाल।

**मुंबई इंडियन्स:** रोहित शर्मा (कप्तान), अनमोलप्रीत सिंह, राहुल बुद्धि, रमनदीप सिंह, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, टिम डेविड, अर्जुन तेंदुलकर, बासिल थम्पी, ऋतिक शौकीन, जसप्रीत बुमराह, जयदेव उनादकट, मयंक मार्कंडे, मुरुगन अश्विन, रिले मेरेडिथ, टाइमल मिल्स, अरशद खान, डेनियल सैम्स, डेवाल्ड ब्रेविस, फैबियन एलन, कीरेन पोलार्ड, संजय यादव, आर्यन जुयाल और इशान किशन।

**समयः मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।**

## क्विक न्यूज

### फुटबॉल टूर्नामेंट कल से

**लखनऊ।** वरिष्ठ पत्रकार व खेल प्रमोटर स्वर्गीय सुभाष मिश्र की स्मृति में सुपि स्पोर्ट्स कप सेवन-ए-साइड नाइट फुटबॉल टूर्नामेंट आगामी 7 व 8 मई को लामार्टिनियर कॉलेज की बेकर फील्ड पर खेले जाएंगे। जिसमें लखनऊ की दस बेहतरीन टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। सुपर स्पोर्ट्स सोसायटी के तत्वावधान में होने वाले दो दिवसीय इस नाइट फुटबॉल टूर्नामेंट के मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में मुकाबलों की शुरुआत शाम 6:30 बजे से होगी। सुपर स्पोर्ट्स सोसायटी के सचिव उमेश गुप्ता के अनुसार टूर्नामेंट विजेता टीम को 21 हजार और उपविजेता टीम को 11 हजार रुपए की नकद पुरस्कार राशि दी जाएगी।

### गायत्री कूल्हे में खिंचाव के कारण उबेर कप से बाहर

**नई दिल्ली।** भारतीय युगल बैडमिंटन खिलाड़ी गायत्री गोपीचंद को कूल्हे के जोड़ों में खिंचाव से उबरने के लिए आराम की सलाह के बाद आगामी उबेर कप फाइनल्स से हटना पड़ा। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के सचिव संजय मिश्रा ने गुरुवार को पीटीआई-भाषा से इसकी पुष्टि की। टूर्नामेंट रविवार से बैंकॉक में शुरू हो रहा है। गायत्री महिला युगल में त्रिसा जॉली के साथ जोड़ी बनाती है। यह जोड़ी पिछले कुछ समय से शानदार लय में है। इस जोड़ी ने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू सर्किट में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। वह इस चोट के कारण एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप से भी बाहर हो गई थी।

### मरे बीमारी के कारण जोकोविच के खिलाफ मैच से हटे

**मैड्रिड।** एंडी मरे बीमारी के कारण गुरुवार को मैड्रिड ओपन टेनिस में शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच के खिलाफ अपने मैच से हट गए। यह घोषणा दोनों खिलाड़ियों के बीच तीसरे दौर के मैच के शुरू होने से कुछ समय पहले ही हुई। कूल्हे की दो बार सर्जरी कराकर वापसी करने वाले मरे ने मैड्रिड में अपने शुरुआती दो मैच डोमिनिक थिएम और डेनिस शापोवालोव को हराया था। इस साल जनवरी के बाद यह पहला मौका था जब विश्व रैंकिंग के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ने लगातार दो मैच जीते है। मरे की बीमारी के बारे में फिलहाल अधिक जानकारी नही मिल पाई है। मरे की मौजूदा रैंकिंग 78 है और इसमें लगातार सुधार हो रहा है।

### जोशी मैकयुंग ओपन में पहले दौर के बाद संयुक्त पांचवें स्थान पर

**सेओंगनाम (कोरिया)।** भारतीय गोल्फर खालिन जोशी गुरुवार को यहां जीएस कैल्टेक्स मैकयुंग ओपन के शुरुआती दौर में तीन अंडर 68 के शानदार स्कोर के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर है। चार स्थानीय खिलाड़ी संयुक्त रूप से शीर्ष पायदान पर है। इसके बाद जोशी अन्य सात खिलाड़ियों के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर है। एशियाई टूर पर 2018 में नई दिल्ली में खिताब जीतने वाले जोशी ने इस दौरान चार बर्डी लगाए लेकिन एक बोगी कर बैठे। गगनजीत भुल्लर और करणदीप कोचर ने एक-अंडर 70 का कार्ड खेला और वे संयुक्त रूप से 26वें स्थान पर है। हाल ही में एशियाई खेलों की टीम में जगह बनाने वाले वीर अहलावत और विराज मडप्पा ने 71-71 का स्कोर किया और संयुक्त 41वें स्थान पर है। हनी बैसोया (72) संयुक्त 58वें, एस चिक्करंगप्पा (73) संयुक्त 85वें, शिव कपूर (76) संयुक्त 124वें और अमन राज (80) संयुक्त 141वें स्थान पर है।

### राष्ट्रीय खिताब विश्वा को समर्पित करने के बाद शरत ने ईनामी राशि परिवार को दी

**नई दिल्ली।** टेबल टेनिस स्टार शरत कमल ने अपना दसवां राष्ट्रीय खिताब दिवंगत टेबल टेनिस खिलाड़ी विश्वा दीनदयालन को समर्पित करने के बाद ईनामी राशि उनके परिवार को दी। 18 वर्ष के विश्वा की गुवाहाटी से शिलांग जाते समय सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। शरत चेन्नई में अक्सर उनके साथ अभ्यास करते थे। विश्वा भी शिलांग में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप खेलने जा रहे थे जब कार दुर्घटना का शिकार हो गए। शरत ने पौने तीन लाख ईनामी राशि उनके परिवार को दी और आगे भी मौजूदा और पूर्व खिलाड़ियों की सहायता से उनके लिए धन जुटाना चाहते हैं। उन्होंने कहा , मुझे नही पता कि यह रकम पर्याप्त है या नही लेकिन उस बच्चे के लिए यह मेरा योगदान है। वह उनका इकलौता बेटा था। मै इसके जरिए परिवार के प्रति सम्मान व्यक्त करना चाहता हूं। मै उस परिवार की यथासंभव मदद करूंगा। उसके पिता की लॉकडाउन के दौरान नौकरी भी छूट गई थी। उन्होंने कहा , मैने कोचों और खिलाड़ियों से भी बात की है। उनमें से कुछ मदद के लिए आगे भी आए है और उम्मीद है कि और भी हाथ मदद को बढेंगे।

# मूक बधिर ओलंपिक में धनुष श्रीकांत ने स्वर्ण जीता, शौर्य सैनी को कांसा

**भाषा।** नई दिल्ली



**धनुष** श्रीकांत ने ब्राजील के कैक्सियास डो सुल में चल रहे 24वें मूक बधिर ओलंपिक के तीसरे दिन पुरूष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय अभियान की स्वर्णिम शुरुआत की। शौर्य सैनी ने बुधवार को आठ पुरूषों के फाइनल में कोरिया के किम वू रिम से पिछड़कर कांस्य पदक अपने नाम किया। धनुष ने 247.5 अंक का स्कोर बनाया जो फाइनल्स में विश्व रिकॉर्ड स्कोर रहा। किम 246.6 अंक से दूसरे और शौर्य 224.3 अंक से तीसरे स्थान पर रहे। इसके बाद भारतीय बैडमिंटन टीम ने फाइनल में जापान को 3-। से हराकर स्वर्ण पदक जीता जिससे देश का जश्न दोगुना हो गया। भारत इस समय अंक तालिका में दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीतकर आठवें स्थान पर है। यूक्रेन 19 स्वर्ण, छह रजत और 13 कांस्य पदक जीतकर तालिका में इस समय शीर्ष पर चल रहा है। क्वालीफिकेशन में धनुष दूसरे और शौर्य तीसरे स्थान पर थे। तेलंगाना के धनुष ने क्वालीफिकेशन में 623.3 का स्कोर बनाया था और किम से पीछे रहे थे जिन्होंने 625.1 का स्कोर बनाया था। शौर्य 622.7 के स्कोर से तीसरे स्थान पर थे जिससे सुनिश्चित हुआ कि फाइनल में भारत के दो निशानेबाज पहुंचे। भारत ने 65 सदस्ईय मजबूत दल में 10 निशानेबाज भेजे हैं।

## जडेजा की खराब फॉर्म से चिंतित नहीं सीएसके के कोच फ्लेमिंग

**पुणे ( भाषा )।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कोच स्टीफन फ्लेमिंग रविंद्र जडेजा की फॉर्म के बारे में ज्यादा चिंतित नहीं हैं लेकिन कहा कि आगे टीम देखेगी कि इस स्टार आल रांउडर के लिए बल्लेबाजी क्रम में कौन सा स्थान उपयुक्त रहेगा। इस सत्र के 10 मैचों में जडेजा ने अभी तक 19.33 के औसत से महज 116 रन बनाए हैं जबकि 7.52 के इकोनोमी रेट से पांच विकेट झटके हैं। बुधवार को जडेजा तीन रन पर आउट हो गए जिसमें सीएसके को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से 13 रन से हार का सामना करना पड़ा जो उसकी सातवीं पराजय थी। फ्लेमिंग ने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा, नहीं, मैं चिंतित नहीं हूं। टी20 मैच मुश्किल हो सकते हैं और जब आप पांचवें या छठे स्थान पर बल्लेबाजी कर रहे तो आपको लय हासिल करने के लिए ज्यादा समय नहीं मिलता। उन्होंने कहा, हम देखेंगे कि आगे कौन सा बल्लेबाजी क्रम उसके लिए कारगर होगा। लेकिन मैं उसकी फॉर्म को लेकर चिंतित नहीं हूं। खराब फॉर्म में चल रहे जडेजा ने अपने खेल पर ध्यान लगाने के लिए पिछले हफ्ते कप्तानी फिर महेंद्र सिंह धोनी को सौंप दी थी। सीएसके के 10 मैचों में महज छह अंक हैं और टीम लगभग टूर्नामेंट से बाहर हो गई है और फ्लेमिंग ने स्वीकार किया कि वे सभी विभाग में कमजोर रहे। उन्होंने कहा, कभी कभार हमारा क्षेत्ररक्षण और कैच छोड़ना चिंता का विषय है।

# बजाज ने दास के खिलाफ एनसीडब्ल्यू में शिकायत की

## फीफा और एएफसी से भी जांच की मांग की

**भाषा।** नई दिल्ली

**उद्यमी** रंजीत बजाज ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव कुशल दास के खिलाफ राष्ट्रीय महिला आयोग में शिकायत दर्ज करने के अलावा फीफा और एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) की आचरण समितियों को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि इस शीर्ष अधिकारी ने कार्यस्थल पर कर्मचारियों का यौन उत्पीड़न किया था। बजाज ने इन गंभीर आरोपों की जांच के लिए विश्व फुटबॉल शासी निकाय फीफा और एएफसी की स्वतंत्र समीक्षा समिति से अनुरोध किया है। उन्होंने इस मामले में सबूत के लिए एआईएफएफ से उनसे संपर्क नहीं किए जाने को लेकर गुरुवार को सवाल उठाया।

मिनर्वा पंजाब टीम के पूर्व मालिक ने कहा, एनसीडब्ल्यू ने शिकायत दर्ज कर ली है। प्रारंभिक जांच पूरी करने के बाद मामले का जांच अधिकारी मुझसे संपर्क करेगा। बजाज के आरोपों के बाद महासंघ के नैतिकता अधिकारी ने दास को क्लीन चिट देते हुए अपनी रिपोर्ट में कहा कि ए आरोप घिनौने और सच्चाई से परे हैं बजाज के द्वारा लगाए आरोपों के सार्वजनिक होने के बाद एआईएफएफ और उसकी आंतरिक शिकायत समिति की प्रमुख ज्योत्सना गुप्ता ने उन्हें सिरे से खारिज कर दिया था। खेल निकाय के आचरण अधिकारी जावेद सिराज ने दास को आरोपों से बरी कर दिया, जिन्होंने अपनी रिपोर्ट में इसे घिनौने और सच्चाई से परे करार दिया। बजाज ने आरोप लगाया, ज्योत्सना गुप्ता उनकी (दास की) निजी सचिव भी हैं ऐसे में वह जांच कैसे कर सकती हैं। मेरे ट्वीट के आधे घंटे के भीतर उन्होंने अपने बॉस को पाक-साफ घोषित कर दिया। फीफा की आचार समिति के अध्यक्ष को भेजे पत्र में बजाज ने लिखा, एआईएफएफ ने आरोपों की जांच करने के बजाय, बिना किसी प्रक्रिया के महासचिव को क्लीन चिट दे दी है, जिसने मुझे यह पत्र लिखने के लिए मजबूर किया है, जिससे आपकी समिति कुशल दास के खिलाफ यौन उत्पीड़न और भ्रष्टाचार के आरोप की निष्पक्ष जांच कर सके। उन्होंने कहा, यह चौंकाने वाली बात है कि मेरे ट्वीट के आधार पर संज्ञान लेने के बाद भी नैतिकता अधिकारी ने आरोपों के बारे में पूछने के लिए मुझे फोन तक नहीं किया जो कि नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों के बिल्कुल विपरीत है

### फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के लिए चुनी राज्य की आदिवासी लड़कियों की मदद करेंगे : झारखंड

**रांची ( भाषा )।** फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 के लिए राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में झारखंड की सात आदिवासी खिलाड़ियों को चुना गया है और राज्य सरकार ने गुरूवार को कहा कि वे सुनिश्चित करेंगे कि इन्हें हर संभव मदद मिले। भारतीय टीम ट्रेनिंग शिविर के लिए जमशेदपुर पहुंची हैं जिसमें 33 खिलाड़ी शामिल हैं। झारखंड की अंजलि मुंडा, सलीना कुमारी, सुधा अंकिता टिर्की, अस्टाम ओराव, पूर्णिमा कुमारी, नीतू लिंडा और अंकिता कुमारी इन 33 खिलाड़ियों में शामिल हैं जिनमें से 18 खिलाड़ी विश्व कप में खेलेंगी। झारखंड सरकार ने एक बयान में कहा, अब ए लड़कियां देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। राज्य सरकार शिविर से निकलने के बाद उनके सपनों को साकार करने के लिए सहयोग करेगी।

## हंसिनी ने ऑस्ट्रिया में अंडर-13 बालिका वर्ग खिताब जीता

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय** टेबल टेनिस खिलाड़ी हंसिनी मथन राजन ने ऑस्ट्रिया के लिंज में आयोजित विश्व टेबल टेनिस युवा कंटेंडर टूर्नामेंट के अंडर -13 बालिका वर्ग में एक स्वर्ण सहित दो पदक अपने नाम किए। इस टूर्नामेंट का आयोजन एक से तीन मई तक हुआ था। हंसिनी ने अंडर-13 के रोमांचक फाइनल में रोमानिया की एंड्रिया बाइसू को 11-3, 7-11, 9 -11, 11-0, 11-8 से शिकस्त दी। अंडर-19 के क्वार्टर फाइनल में उन्होंने दक्षिण कोरिया की चोई होशे को 3-0 से मात दी लेकिन सेमीफाइनल में इसी देश की खिलाड़ी यू एरिन से हार के बाद उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

## नडाल ने की वापसी, सीधे सेट में दर्ज की जीत



**मैड्रिड ( एपी )।** स्पेनिश टेनिस स्टार राफेल नडाल ने चोट के बाद वापसी करते हुए अच्छी शुरूआत की और मैड्रिड ओपन में मियोमीर केसमानोविच को सीधे सेट में हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। नडाल ने बुधवार को यहां घरेलू सरजमीं पर 6-। 7-6 की जीत से शुरुआत की। जीत के बाद नडाल रियाल मैड्रिड का चैम्पियंस लीग फुटबॉल मैच देखने पहुंचे। नडाल ने कहा, चोट से वापसी के बाद मैं हमेशा काफी मैच खेलना चाहता हूं ताकि मैं अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल कर सकूं। उन्होंने कहा, आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए मेरे लिए जीतना बहुत महत्वपूर्ण है। इससे पहले गत चैम्पियन एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने मारिन सिलिच को 4-6 6-4 6-4 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई जहां उनका सामना अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा से होगा। स्टेफानोस सिटसिपास ने लुकास पौउली को और आठवें वरीय फेलिक्स ऑगर एलियासिमे ने क्रिस्टियन गारिन को हराया। क्वालीफायर डुसान लाजोविच ने पांचवें वरीय कैस्पर रूड को हराकर उलटफेर किया जबकि नौंवे वरीय कैमरन नौरी ने अमेरिका के जॉन इस्नर को हराया।

# मैनचेस्टर सिटी को हराकर रियाल मैड्रिड चैम्पियंस लीग के फाइनल में

**एपी।** मैड्रिड



**रियाल** मैड्रिड ने बुधवार को यहां मैनचेस्टर सिटी को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 3-। से हराकर कुल 6-5 के स्कोर से चैम्पियंस लीग के फाइनल में प्रवेश किया जहां 28 मई को उसका सामना लिवरपूल से होगा। मैनचेस्टर सिटी ने सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 13 बार की यूरोपीय चैम्पियन पर।-0 की बढ़त बनाई हुई थी। पर रियाल मैड्रिड ने शानदार वापसी की जिसमें स्थानापन्न रोड्रिगो ने अंत में दो मिनट में दो गोल कर दिए और मैनचेस्टर यूनाईटेड को 3-। से शिकस्त दी।

रियाल मैड्रिड की इस सत्र में पिछली वापसी के नायक रहे करीम बेंजेमा ने अतिरिक्त समय में पेनल्टी किक को निर्णायक गोल में तब्दील किया। पहले सेमीफाइनल में रियाल मैड्रिड को 3-4 से हार का सामना करना पड़ा था जिससे बेंजेमा के निर्णायक गोल से टीम 6-5 से जीत दर्ज करने में सफल रही और 28 मई को पेरिस में लिवरपूल से भिड़ेगी। मैड्रिड ने 2018 के फाइनल में भी लिवरपूल को हराया था जिससे स्पेनिश क्लब ने रिकॉर्ड 13वां खिताब अपनी झोली में डाला था।

वहीं मैनेचस्टर सिटी की पहली चैम्पियंस ट्राफी हासिल करने की उम्मीद भी टूट गई। पेप गुआर्डियोला की टीम पिछले साल फाइनल में चेल्सी से हार गई थी। उसके लिए मैच में एकमात्र गोल रियाद मेहरेज ने 73वें मिनट में करके बढ़त दिला दी थी। लेकिन ब्राजीली फॉरवर्ड रोड्रिगो ने 90वें और अगले मिनट में दो गोल कर रियाल मैड्रिड को आगे कर दिया। इसके बाद बेंजेमा ने 95वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर अपनी टीम को जीत दिलाई। यह बेंजेमा का इस सत्र का 15वां चैम्पियंस लीग गोल था और नॉकआउट चरण में यह उनका 10वां गोल था।

### विश्व कप फाइनल देखने के लिए 30 लाख टिकटों की मांग

**लुसाने ( एपी )।** दुनिया भर में फुटबॉल का संचालन करने वाली संस्था फीफा को कतर में होने वाले विश्व कप फाइनल के लिए 30 लाख टिकटों का अनुरोध मिला है और ग्रुप चरण में बड़ी टीमों के बीच होने वाले कुछ मुकाबलों के लिए भी टिकटों की बड़ी मांग की गई है। एसोसिएटेड प्रेस को फीफा के डाटा से पता चला है कि 26 नवंबर को 80,000 लोगों की क्षमता वाले लुसेल स्टेडियम में अर्जेंटीना और मेक्सिको के बीच होने वाले मैच के लिए 25 लाख टिकटों की मांग की गई है जबकि इससे एक दिन पहले इंग्लैंड बनाम अमेरिका के बीच मैच को 14 लाख दर्शक देखना चाहते हैं। इस साल 21 नवंबर से 18 दिसंबर तक चलने वाले टूर्नामेंट के लिए टिकटों की बिक्री के दूसरे चरण में अमेरिका, इंग्लैंड और कतर से 20 लाख से ज्यादा टिकटों की मांग की गई है। जब यह मांग क्षमता से ज्यादा होती है तो टिकट देने के लिए रैंडम ड्रा का इस्तेमाल किया जाएगा। फाइनल के लिए 30 लाख टिकटों की मांग की गई है जबकि अंतरराष्ट्रीय प्रशंसकों के लिए 2018 फाइनल की तुलना में इनकी कीमतें 46 प्रतिशत तक बढ़ा दी गई हैं।

### शंतरज ओलंपियाड से पहले भारतीय खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे आनंद, गेलफैंड

**चेन्नई ( भाषा )।** पांच बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद और बोरिस गेलफैंड 44वें शतरंज ओलंपियाड के लिए भारतीय टीम के सात मई से शुरू होने वाले कोचिंग शिविर के दौरान मिलकर खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने जुलाई-अगस्त में होने वाले शतरंज ओलंपियाड से पहले घरेलू टीम के पहले कोचिंग शिविर के लिए इन दोनों महान खिलाड़ियों को नियुक्त किया। यह शिविर सात से 17 मई तक चेन्नई के होटल लीला में चलेगा। रैपिड शतरंज की पूर्व विश्व चैम्पियन कोनेरू हम्पी का मानना है कि मेंटोर आनंद के साथ गेलफैंड को भी नियुक्त करने का फैसला अच्छा है जो खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा। यह ओलंपियाड पहली बार भारत में आयोजित किया जा रहा है जो 28 जुलाई से चेन्नई में शुरू होगा।